

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 120 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 08 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## भारत को बड़ी कूटनीतिक राहत

### अमेरिका ने भारतीय आयात पर लगाया 25% टैरिफ हटाया

नई दिल्ली/वॉशिंगटन। भारत-अमेरिका संबंधों में एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक सफलता के तहत अमेरिका ने भारत से आयात होने वाले सामान पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ समाप्त कर दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत ने रूस से तेल खरीद बंद करने, अमेरिका से ऊर्जा आयात बढ़ाने तथा सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने की स्पष्ट प्रतिबद्धता जताई है। इन्हीं ठोस कदमों के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।

#### अगस्त 2025 में लगाया गया था शुल्क

यह अतिरिक्त शुल्क रूस-यूक्रेन युद्ध से जुड़ी



राष्ट्रीय आपात स्थिति के तहत अगस्त 2025 में लगाया गया था। अब इसे पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है।

कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और आर्थिक मामलों में अमेरिका के साथ पर्याप्त तालमेल स्थापित करने के लिए ठोस पहल की है।

#### भारत-अमेरिका रिश्तों को नई मजबूती

विशेषज्ञों के अनुसार यह फैसला भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देगा और भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में नए अवसर खोलेगा। (इनपुट - आईएएनएस)

#### ऊर्जा और रक्षा सहयोग पर सहमति

*आदेश के अनुसार–*

*भारत ने सीधे या परोक्ष रूप से रूस से तेल आयात न करने की प्रतिबद्धता जताई है।*

*भारत अगले वर्षों में अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाएगा।*

*दोनों देशों के बीच अगले 10 वर्षों के लिए रक्षा सहयोग फ्रेमवर्क पर सहमति बनी है।*

*पहले वसूले गए शुल्क की होगी वापसी*

अमेरिकी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पहले वसूले गए अतिरिक्त शुल्क की वापसी मौजूदा सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के तहत की जाएगी। साथ ही, टैरिफ सूची में शामिल कुछ विशेष श्रेणियां भी समाप्त कर दी गई हैं।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से 'मेक इन इंडिया' को मिलेगी नई ताकत: पीएम मोदी

### अंतरिम व्यापार समझौते पर बनी सहमति, भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ 18% घटेगा

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे दोनों देशों के लिए "बहुत अच्छी



खबर" बताया है। इस समझौते के तहत भारतीय सामानों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले टैरिफ में 18 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे भारतीय निर्यातकों को बड़ी राहत मिलेगी।

शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा कि भारत और अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बना ली है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का धन्यवाद करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता सराहनीय है।

## ओपेरा हॉस्पिटल के पास ढही इमारत, मलबे से 5 शव बरामद

हिमांशु/कोटा. कोटा शहर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ओपेरा हॉस्पिटल के पास एक बिल्डिंग गिरने की सूचना सामने आई. अचानक हुए इस हादसे से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज आवाज के साथ बिल्डिंग का बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे आ गया, जिसके बाद धूल का गुबार उठता दिखाई दिया. सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को इसकी जानकारी दी गई.

ओपेरा हॉस्पिटल के पास गिरी बिल्डिंग, दबे होने की आशंका हादसा कोटा के जवाहर नगर थाना इलाके का बताया जा रहा है. जिस बिल्डिंग के गिरने की सूचना है, उसे स्थानीय लोग दिल्ली स्पाइस बिल्डिंग के नाम से भी पहचान रहे हैं. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बिल्डिंग गिरने के बाद आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोग मलबे के नीचे दबे हो सकते हैं. हालांकि अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है कि मलबे में कितने लोग फंसे हुए हैं.

## फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में टूटा झूला, इंस्पेक्टर की मौत

फरीदाबाद. हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे सूरजकुंड मेले से बुरी खबर सामने आई है. सूरजकुंड मेले में दूसरा हादसा देखने को मिला है. पहले गेट गिरने से दो लोग घायल हो गए. अब झूला टूटने से करीब 13 लोग जख्मी हुए हैं. फिलहाल सभी को फरीदाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटनास्थल के आसपास का मेला ग्राउंड खाली करा लिया गया है. लोगों को बचाते वक्त एक इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया.

## मलेशिया में पीएम मोदी का संदेश: भारतीय समुदाय जीता-जागता पुल, जो दोनों देशों के दिलों को जोड़ता है: प्रधानमंत्री मोदी

समाज जागरण

कुआलालंपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए भारतझ्रमलेशिया संबंधों की गहराई को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच एक जीता-जागता पुल है, जो भारत और मलेशिया के दिलों को जोड़ता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मलेशिया में भारतीय मूल के लोगों की दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी रहती है। उन्होंने कहा, "जिस प्रदर्शनी को मैंने और प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने देखा, वह भारत और मलेशिया के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों को बेहद खूबसूरती से दर्शाती है। आप लोग हमारे रिश्तों की मजबूत कड़ी हैं।"

#### दो दिवसीय दौरे पर मलेशिया पहुंचे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर मलेशिया पहुंचे। एयरपोर्ट पर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने स्वयं उनका स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेता एक ही कार में कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए, जो दोनों देशों की मित्रता का प्रतीक बना।

कुआलालंपुर में पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय समुदाय के लगभग 800 लोगों ने पारंपरिक शास्त्रीय और लोक नृत्यों के माध्यम से उनका भव्य अभिनंदन किया।

#### 'मोदी-मोदी' के नारों से गूंजा सभास्थल

जैसे ही प्रधानमंत्री मंच पर पहुंचे,




सभास्थल 'मोदी-मोदी' के नारों और तालियों से गूंज उठा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में तमिल भाषा और संस्कृति की विशेष सराहना की।

उन्होंने कहा,

"तमिल समाज ने अपनी प्रतिभा से मानवता की सेवा की है। मुझे गर्व है कि भारत के उपराष्ट्रपति थिरु सी. पी. राधाकृष्णन, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री मुरुगन लोगनाथन मुरुगन–'' तमिलनाडु से हैं।"

#### पुरानी मित्रता का किया उल्लेख

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और उनकी मित्रता वर्षों पुरानी है। उन्होंने कहा, "मैं आसियान समिट के लिए पिछले साल नहीं आ पाया था, लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज वह वादा पूरा हुआ। 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है।"

प्रधानमंत्री ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को गाना बहुत पसंद है और उनके पुराने बॉलीवुड व तमिल गीतों के वीडियो भारत में वायरल हो चुके हैं, जिस पर सभास्थल में हंसी गूंज उठी।

#### भारतीय संस्कृति के संरक्षण की सराहना

प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशिया में नेताजी सर्विस सेंटर और नेताजी वेलफेयर फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि मलेशिया में सदियों से भारतीय परंपराएं जीवित हैं। उन्होंने बताया कि मलेशिया में 500 से अधिक स्कूल भारतीय भाषाओं में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

#### पीएम अनवर इब्राहिम का भावुक संबोधन

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दो महान देशों और दो मित्रों का मिलन है। उन्होंने कहा,

"मैं व्यक्तिगत रूप से बहुत आभारी हूं कि भारत से मेरा एक बहुत अच्छा दोस्त आज मलेशिया में हमारे साथ है। मैंने पीएम मोदी के संघर्ष और राजनीतिक यात्रा को करीब से देखा है और मुझे गर्व है कि मैं उनका मित्र हूं।"

(इनपुट - एजेंसी)

## बीडा क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण

### योगी सरकार का बड़ा कदम, कुल 56,662 एकड़ में किया जाएगा औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार

*बीईएमएल कंपनी का प्रस्तावित ₹600 करोड़ निवेश, औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगी गति*

*100 एकड़ में बनेगा मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड करेगी निर्माण*




समाज जागरण

लखनऊ, 7 फरवरी। उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समावेशी विकास के विजन की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के लिए 23,590 एकड़ भूमि की अधिग्रहण प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। इसके साथ ही स-रकार ने कुल 56,662 एकड़ भूमि को औद्योगिक विकास के लिए औपचारिक रूप से अनुमोदित कर दिया है। यह फैसला केवल भूमि अधिग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड के आर्थिक और सामाजिक कायाकल्प की नींव के रूप में देखा जा रहा है। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि वर्षों से पिछड़े माने जाने वाले इस क्षेत्र को निवेश, रोजगार और औद्योगिक अवसरों का नया केंद्र बनाया जाए।

#### बुंदेलखंड को औद्योगिक हब बनाने की ठोस रणनीति

योगी सरकार का लक्ष्य बुंदेलखंड को केवल कच्चे संसाधनों का क्षेत्र न रखकर विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक उत्पादन का मजबूत हब बनाने का है। बीडा क्षेत्र में भारी उद्योग, रक्षा उत्पादन, लॉजिस्टिक्स, एमएसएमई और सहायक इकाइयों के लिए एकीकृत औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसके तहत सड़क, बिजली, जलापूर्ति, औद्योगिक प्लॉट्स, वेयरहाउसिंग और कनेक्टिविटी जैसी आधारभूत संरचनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि निवेशकों को "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" का वास्तविक अनुभव मिल सके।

#### 600 करोड़ का निवेश करेगी बीईएमएल, रक्षा व भारी उद्योग को बढ़ावा

इस औद्योगिक पहल का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) ने बीडा क्षेत्र में लगभग 600 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस निवेश के तहत भारी मशीनरी, रक्षा उपकरण और औद्योगिक उत्पादों के निर्माण की इकाइयां स्थापित की जाएंगी। सरकारी आकलन के अनुसार, इस परियोजना से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे स्थानीय यु-वाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे और पलायन पर प्रभावी रोक लगेगी।

#### 100 एकड़ में बनेगा मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

बीडा क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के लिए 100 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का निर्माण कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकोर) द्वारा किया जाएगा। यह लॉजिस्टिक्स पार्क सड़क और रेल नेटवर्क को जोड़ते हुए माल परिवहन को सुगम बनाएगा, जिससे उद्योगों की लॉजिस्टिक लागत घटेगी, सप्लाई चेन मजबूत होगी और निर्यात क्षमता में भी इजाफा होगा।

एमएसएमई, स्टार्टअप और स्थानीय उद्योगों को बड़ा फायदा बीडा परियोजना का लाभ केवल बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार का फोकस एमएसएमई, स्टार्टअप्स और सहायक उद्योगों को भी इस औद्योगिक विस्तार से जोड़ने पर है। इससे स्थानीय उद्यमियों को बेहतर अवसर मिलेंगे और बुंदेलखंड में स्थायी आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा।

#### रोजगार, निवेश और आत्मनिर्भर बुंदेलखंड की दिशा में बड़ा कदम

राज्य सरकार का मानना है कि बीडा परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र में हजारों युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। बेहतर औद्योगिक वातावरण से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी और बुंदेलखंड को आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। योगी सरकार का यह कदम न केवल औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देगा, बल्कि क्षेत्रीय असंतुलन को खत्म कर समावेशी विकास की दिशा में एक मजबूत आधार भी तैयार करेगा।

## देश में चार तरह के हिंदू... मोहन भागवत ने समझाया, तीसरे पर हंसे लोग; चौथे पर बजने लगीं तालियां

समाज जागरण

मुंबई के वर्ली स्थित नेहरू सेंटर ऑडिटोरियम में 7 और 8 फरवरी 2026 को एक महत्वपूर्ण व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'संघ यात्रा के 100 वर्ष - नए क्षितिज' रखा गया. इस दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन सरसंघचालक मोहन भागवन ने बताया कि वर्तमान में देश में चार प्रकार के हिंदू मौजूद हैं. इनमें पहले वे हैं जो गर्व से अपनी पहचान बताते हैं. दूसरे वे जो सामान्य रूप से अपनी पहचान स्वीकारते हैं. तीसरे वे जो अपनी पहचान बताने से डरते हैं और चौथे




वे जिन्हें अपनी विरासत भुला दी गई है. फ्रर प्रमुख ने कहा कि हिंदू कोई संज्ञा नहीं बल्कि एक विशेषण है. भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक सीमा में रहने वाले सभी लोग मूल रूप से हिंदू ही हैं. भागवत ने कहा कि जैसे-जैसे शक्तिशाली बनेगा, दुनिया की स्वार्थी शक्तियों की दुकानें बंद हो जाएंगी.

यही कारण है कि कुछ विदेशी ताकतें दिखावे के लिए दोस्ती करती हैं लेकिन समय आने पर दुश्मनी निकालने से पीछे नहीं हटतीं. इन चुनौतियों से निपटने का एकमात्र रास्ता भारत को सामर्थ्य संपन्न राष्ट्र बनाना है. इसके लिए समाज का हर हिस्सा संगठित और गुणवान होना चाहिए. किसी को भी पीछे छोड़ना देश के हित में नहीं है.

## कैप्टन सूर्या के आगे फीकी पड़ी अमेरिकी चुनौती, टीम इंडिया की 29 रनों से शानदार जीत

समाज जागरण

नई दिल्लीः टॉप ऑर्डर की नाकामी के बावजूद टीम इंडिया ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में अमेरिका को 29 रन से हार दिया. मुकाबले में भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 9 विकेट के नुकसान पर 161 रन का स्कोर खड़ा किया था. इसके जवाब में अमेरिका की टीम 132 रन ही बना पाई. इस तरह टीम इंडिया ने ग्रुप ए में पाकिस्तान के बाद जीत दर्ज करने वाली दूसरी टीम बनी है.

मैच में अमेरिका ने टॉस जीतने के बाद टीम इंडिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था. बल्लेबाजी में शुरूआत बहुत ही खराब रही और ओपनर




बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बिना खाता खोले आउट हो गए. इसके बाद पावर प्ले के आखिरी ओवर में शेडली वैन शाल्कविक ने ईशान किशन, तिलक वर्मा और शिवम दुबे को आउट कर टीम इंडिया को झकझोड़ कर रख दिया. हालांकि, एक छोर से टीम इंडिया के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मोर्चा संभाले रखा, जिससे एक चुनौतीपूर्ण स्कोर बन सका.गेंदबाजी में अमेरिका ने बेशक दमदार खेल दिखाया, लेकिन भारतीय टीम की बॉलिंग के आगे उसकी बल्लेबाजी बुरी तरह से फ्लॉप रही. खास तौर से नई गेंद के सामने अमेरिका की टॉप ऑर्डर बल्लेबाजी बिखर गई. मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह ने दोनों छोर से अमेरिका को झटका दिया,

# बीस साल बाद फिर मायावती का दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम गठजोड़ फामूर्ला

उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी करीब 15 सालों से सत्ता से बाहर है। 2007 से 2012 तक सत्ता में रही बसपा को पिछले तीन विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। इस दौरान तीन लोकसभा चुनाव में भी बसपा का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। इसके बाद से बसपा सुप्रीमो मायावती के बारे में यह धारणा आम तौर पर बनने लगी कि बसपा सुप्रीमो मायावती का कालखंड खत्म हो चुका है। ऐसा इस लिये भी कहा जा रहा था क्योंकि मायावती ने चुनाव प्रचार से भी काफी हद तक किनारा कर लिया था।बात अंतिम बार 2007 में विधानसभा चुनाव जीती बसपा की उस समय की चुनावी रणनीति की की जाये तो 2007 का चुनाव मायावती सोशल इंजीनियरिंग के फामूर्ले से जीती थी। 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की अप्रत्याशित जीत ने राजनीतिक इतिहास रच दिया। 2007 में मायावती ने सामाजिक समीकरण साधकर 403 सीटों में से 206 सीटों पर कब्जा जमाया और कुल 30.43 प्रतिशत वोट हासिल किए। बसपा सुप्रीमो की यह जीत दलितों के परंपरागत वोट बैंक के अलावा ब्राह्मणों और कुछ गैर-यादव पिछड़ी जातियों तथा मुस्लिम मतदाताओं के समर्थन से संभव हुई थी। यह और बात है कि इसके बाद मायावती का यह फामूर्ला दोबारा परवान नहीं चढ़ पाया।

बहरहाल, अबकी करीब 20 सालों के बाद एक बार फिर 2027 के विधानसभा चुनाव के लिये बसपा के पक्ष में दलितों के साथ ब्राह्मणों एवं मुसलमानों के वोटों की गोलबंदी देखी जा रही है। ब्राह्मणों और मुसलमानों के एक बार फिर बसपा की तरफ रुख करने की वजह में जाया जाए तो ऐसा लगता है कि योगी राज में ब्राह्मणों को लग रहा है कि उनके साथ यह सरकार नाइंसाफी कर रही है। नौकरशाही से लेकर सरकार तक में महत्वपूर्ण पदों से ब्राह्मणों को दूर रखा गया है। यही वजह है कि पिछले कुछ समय में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में ब्राह्मण नेताओं का प्रवेश अधिक देखा गया है।जनवरी 2026 में अंबेडकर नगर से भाजपा के दिग्गज नेता राधेश्याम पांडे 51-100 ब्राह्मण समर्थकों के साथ बसपा में शामिल हुए। उन्होंने मायावती से मुलाकात कर पार्टी जॉइन की। दिसंबर 2025 में ब्राह्मण समाज के बड़े नेता जैसे जितेंद्र मिश्रा, दीपक द्विवेदी, नीरज पांडे, विशाल मिश्रा, वैभव दुबे, अनुराग शुक्ला, मोहित शर्मा भाजपा से बसपा में शामिल हुए। यह 2027 चुनाव से पहले भाजपा को झटका था। जनवरी 2026 में एक अन्य बड़े ब्राह्मण नेता ने मायावती से मुलाकात कर बसपा जॉइन की।

वहीं मुसलमान इसलिये बसपा की तरफ फिर से मुड़ता दिख रहा है क्योंकि उसे लगने लगा है कि समाजवादी पार्टी मुसलमानों से वोट तो लेती है, लेकिन उनका (मुसलमानों का) हक उन्हें नहीं दिया जाता है। इसी तरह से मुसीबत के समय भी अखिलेश मुसलमानों से दूरी बना लेते हैं। पार्टी के दिग्गज नेता आजम खान को अकेला छोड़ देना इसकी सबसे बड़ी मिसाल बताते हैं। बाहुबली अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी की भी मौत के लिये मुस्लिम समाज कहीं न कहीं अखिलेश यादव को जिम्मेदार मानते हैं। उन्हें लगता है कि विधानसभा सत्र के दौरान अखिलेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अतीक और मुख्तार को लेकर उकसाया नहीं होता तो आज वह जिंदा होते।दलित वोटरों ने बसपा को पूर्ण समर्थन दिया। जाटव समुदाय के 86 प्रतिशत मतदाताओं ने मायावती को चुना, जबकि वाल्मीकि जाति के 71 प्रतिशत ने पार्टी को तरजीह दी। पासी समुदाय से 53 प्रतिशत और अन्य अनुसूचित जातियों से 58 प्रतिशत वोट बसपा के खाते में आए। इन दलित उपजातियों की मजबूत पकड़ ने पार्टी को आधार प्रदान किया, क्योंकि दलित उत्तर प्रदेश की आबादी में करीब 21 प्रतिशत हैं। ऊपरी जातियों में ब्राह्मणों का 16 प्रतिशत समर्थन मिला, जो निर्णायक साबित हुआ। बसपा ने 51 ब्राह्मण उम्मीदवार उतारे, जिनमें से 20 जीते, लेकिन यह जीत मुख्यतः निचली जातियों के वोटों से आई। ठाकुरों और अन्य ऊपरी जातियों ने भी सीमित लेकिन महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पिछड़ी जातियों ने भी बसपा की ओर रुख किया। गैर-यादव और गैर-कुर्मी अन्य पिछड़ा वर्ग के 30 प्रतिशत मतदाताओं ने पार्टी चुनी। कुल पिछड़ा वर्ग के कई खंडों से वोट उमड़े, जिसने सामाजिक समीकरण को मजबूत बनाया। बसपा ने 110 पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार मैदान में उतारे। यह समर्थन समाजवादी पार्टी और अन्य दलों से छिटके वोटरों का परिणाम था, जो विकास और सुशासन के वादों से प्रभावित हुए।मुस्लिम मतदाताओं का योगदान सबसे चमत्कारिक रहा। 2007 में बसपा को कुल वोटों में मुस्लिम वोट 10 प्रतिशत से अधिक थे। एक सर्वे के अनुसार 17 प्रतिशत मुस्लिमों ने पार्टी को समर्थन दिया। पार्टी ने 61 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे, जिनमें से 29 विधायक बने। उत्तर प्रदेश में मुस्लिम आबादी 19 प्रतिशत होने के बावजूद यह समर्थन बहुमत के लिए जरूरी साबित हुआ। समाजवादी पार्टी से नाराज मुस्लिमों ने बसपा को मौका दिया, क्योंकि मायावती ने अल्पसंख्यक कल्याण के वादे किए।

मायावती की रणनीति ने जातिगत बंधनों को तोड़ा। दलित-ब्राह्मण गठजोड़ की बात भले ही प्रचारित हुई, लेकिन वास्तव में जाटव, वाल्मीकि, पासी जैसे दलितों के साथ अन्य अनुसूचित जातियां, पिछड़े वर्ग के 30 प्रतिशत, ब्राह्मणों के 16 प्रतिशत और मुस्लिमों के 17 प्रतिशत वोटों ने चमत्कार रचा। बसपा का वोट प्रतिशत 2002 के 23 से बढ़कर 30 हो गया। पार्टी ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलनों से ऊपरी जातियों को लुभाया, जबकि मुस्लिम बहुल सीटों पर मजबूत प्रदर्शन किया। यह जीत सामाजिक न्याय की मिसाल बनी।मायावती ने सत्ता में आकर अपराध पर अंकुश लगाया और विकास कार्य तेज किए। लेकिन जातिगत समीकरण की बारीकी ने राजनीति को नया आयाम दिया। दलितों का कोर वोट 80-86 प्रतिशत तक रहा, ऊपरी जातियों से 16-20 उम्मीदवार जीते, पिछड़ों से 30 प्रतिशत समर्थन और मुस्लिमों के 17 प्रतिशत ने पूर्ण बहुमत सुनिश्चित किया।

बसपा सुप्रीमो मायावती किस तरह से पंडित कार्ड खेल रही हैं, इसका ताजा उदाहरण यह बताता है कि उनका ब्राह्मणों के प्रति झुकाव बढ़ता जा रहा है। मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नये नियमों को लेकर सवर्णों, विशेषकर ब्राह्मणों की नाराजगी के बाद से चल रही राजनीति पर और इसके बाद बॉलीवुड फिल्म ह्यघूसखोर पंडितह्ल के खिलाफ ब्राह्मणों के पक्ष में बयान देने में देरी नहीं की।इससे पहले यूजीसी के नये नियम पर संयमित प्रतिक्रिया देते हुए मायावती ने कहा था कि इस नये कानून से किसी को बिना वजह प्रताड़ित नहीं किया जाये। देश भर में ह्यघूसखोर पंडितह्ल फिल्म के विरोध के बीच बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है। वहीं यूजीसी प्रकरण में असहज हुई भाजपा भी अब फिल्म के मुद्दे पर ब्राह्मणों को साधने की कोशिश में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म पर एफआईआर के निर्देश देकर इस वर्ग के साथ का संदेश दिया।
बसपा प्रमुख ने इस मामले में शुक्रवार 06 फरवरी को एक्स पर लिखा, यह बड़े दुख व चिंता की बात है कि पिछले कुछ समय से अकेले यूपी में ही नहीं, बल्कि अब तो फिल्मों में भी पंडित को घुसपैठिया बताकर पूरे देश में जो इनका अपमान व अनादर किया जा रहा है, जिससे समूचे ब्राह्मण समाज में इस समय जबरदस्त रोष व्याप्त है। इसकी हमारी पार्टी भी कड़े शब्दों में निंदा करती है। इस जातिसूचक फिल्म पर केंद्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए, यह बसपा की मांग है। वर्ष 2007 में बसपा ने ब्राह्मणों के साथ सोशल इंजीनियरिंग का दांव चला था और बहुमत की सरकार बनाई थी। इस बार भी बसपा उसी फामूर्ले पर चुनावी तैयारी में जुटी है और पार्टी प्रमुख के एक्स पोस्ट को उसी रणनीति को आगे बढ़ाने का संकेत माना जा रहा है।

**अजय कुमार,**

# राष्ट्रवाद का समावेषी चरित्र, चेतना, लोकतांत्रिक अधिनायकवाद के परहेज की आवश्यकता।

राष्ट्रवाद आधुनिक राष्ट्र-राज्य की वैचारिक आधारशिला है। यह केवल भौगोलिक सीमाओं या राजनीतिक सत्ता से संबद्ध अवधारणा नहीं है, बल्कि साझा इतिहास, सांस्कृतिक स्मृति, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक उत्तरदायित्वों का समन्वित स्वरूप है। राष्ट्रवाद का मूल चरित्र सार्वभौमिक और समावेशी होता है, जो समानता, स्वतंत्रता, न्याय और मानवीय गरिमा जैसे मूल सिद्धांतों को पुष्ट करता है। ऐतिहासिक रूप से यह सिद्ध हुआ है कि राष्ट्र-निर्माण की प्रत्येक प्रक्रिया में राष्ट्रवादी चेतना की भूमिका निर्णायक रही है। किंतु जब यही चेतना सत्ता-केंद्रित राजनीति, संकीर्ण वैचारिक आग्रहों और तात्कालिक राजनीतिक लाभों से संचालित होने लगती है, तब यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन जाती है।
लोकतांत्रिक राष्ट्र में प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक और संवैधानिक दायित्व है कि वह राष्ट्र के प्रति निष्ठावान और सजग रहे। किंतु इस निष्ठा का आशय अंध-समर्थन या आलोचनात्मक विवेक का त्याग नहीं है। दुर्भाग्यवश, समकालीन राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रवाद को धर्म, जाति और संप्रदाय के साथ जोड़कर सत्ता-प्राप्ति का साधन बनाए जाने की प्रवृत्ति निरंतर बढ़ी है। ऐसी राजनीति न केवल राष्ट्रीय एकता को खंडित करती है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता और निष्पक्षता को भी कमजोर करती है। इतिहास साक्षी है कि सत्ता के दीर्घकालिक केंद्रीकरण ने राजाओं, सम्राटों और शासकों को निरंकुश बनाया है। आधुनिक लोकतंत्र में भी यह खतरा कम नहीं हुआ है, बल्कि अधिक परिष्कृत रूप में उपस्थित है।
लोकतंत्र का मूल सिद्धांत सत्ता का निरंतर आवर्तन है। सत्ता का परिवर्तनशील होना शासन को उत्तरदायी, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाता है। इसके विपरीत, जब सत्ता लंबे समय तक एक ही राजनीतिक शक्ति के अधीन रहती है, तो अधिनायकवादी प्रवृत्तियों का उदय स्वाभाविक हो जाता है। अवसरवादी राजनीति, पद-लोलुपता और जातिगत समीकरणों का अतिवादी प्रयोग लोकतांत्रिक संतुलन को बिगाड़ देता है। इस प्रक्रिया में जनता को दूरगामी राष्ट्रीय हितों के स्थान पर तात्कालिक लाभों के प्रलोभन में उलझाया जाता है, जिससे नीति-निर्माण की गुणवत्ता और राष्ट्रीय विकास की क्षमता दोनों प्रभावित होती हैं।
लोकतंत्र में राजनीति का उद्देश्य जनभावनाओं का शोषण नहीं, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्द्धन होना चाहिए। किंतु जब राजनीति का केंद्र बिंदु सत्ता-प्राप्ति और सत्ता स्थायित्व बन जाता है, तब सिद्धांतों की प्रतिबद्धता कमजोर पड़ जाती है। अवतारवाद, सस्ती लोकप्रियता और भावनात्मक ध्रुवीकरण लोकतंत्र को भीतर से खोखला कर देते हैं। भारतीय राजनीतिक परंपरा में ह्यशाम, दाम, दंड, भेदह्ल को शासन के उपकरण के रूप में स्वीकार किया गया है, किंतु आधुनिक संवैधानिक लोकतंत्र में इनका अति प्रयोग अनुशासन, नैतिकता और संस्थागत विश्वास को क्षीण करता है।
लोकप्रियता को मापने के सुदृढ़ लोकतांत्रिक उपकरणों के अभाव में कई बार संगठित किंतु संख्यात्मक रूप से छोटे समूह नीति-निर्माण पर विपरीत प्रभाव डालने लगते हैं। यह स्थिति बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत है। दलबदल, अवसरवादी गठबंधन और सिद्धांतहीन राजनीतिक व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण के प्रमुख कारण बन चुके हैं। भारतीय संविधान के भीतर विद्यमान कुछ प्रक्रियात्मक छिद्रों का उपयोग कर राजनीतिक दल सत्ता-संरक्षण के जटिल ताने-बाने बुनते हैं, जिनके दीर्घकालिक दुष्परिणाम समाज और राष्ट्र दोनों को भुगतने पड़ते हैं।. जातिवादी राजनीति और लोकप्रियता की व्यावहारिक मजबूरियों ने खाप पंचायतों जैसी समानांतर संरचनाओं को जन्म दिया है। ये संरचनाएँ पंचायती राज व्यवस्था को प्रतिस्थापित करने का प्रयास करती हैं, जिससे लोकतंत्र की जमीनी संस्थाएँ कमजोर होती हैं। इसी प्रकार, धर्म और धार्मिक प्रथाओं में समानता तथा स्वतंत्रता का हनन तुष्टीकरण-आधारित राजनीति का प्रतिफल है। लोकतांत्रिक समाज में समानता, स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत किसी भी नीति-निर्णय के मूल में होने चाहिए। एकतरफा और भावनात्मक निर्णय इन मूल्यों के प्रतिकूल प्रभाव उत्पन्न करते हैं।
अतिराष्ट्रवाद की अवधारणा, जब लोकतांत्रिक विवेक से विमुख हो जाती है, तब तानाशाही प्रवृत्तियों को वैधता प्रदान करने लगती है। सैनिक राष्ट्रवाद, भय की राजनीति और सस्ती लोकप्रियता ने बीसवीं शताब्दी में अनेक देशों में लोकतंत्र को क्षतिग्रस्त किया है। पाकिस्तान, म्यांमार और उत्तर कोरिया जैसे उदाहरण दशार्ते हैं कि सुरक्षा और राष्ट्रहित के नाम पर सैन्य या अधिनायकवादी नियंत्रण किस प्रकार लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित कर सकता है। ये उदाहरण लोकतंत्र के लिए सतत चेतावनी के रूप में देखे जाने चाहिए।
लोकतंत्र का अंतिम उद्देश्य जनता का विश्वास अर्जित करना, उनकी सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना और उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है। किंतु जब शासन सत्ताचरित्र, अवसरवाद और सत्ता में बने रहने की रणनीतियों में उलझ जाता है, तब लोकतंत्र के संस्थागत स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया कमजोर होने लगते हैं। ऐसे समय में समाज के प्रबुद्ध, सजग और जिम्मेदार वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि समय रहते विवेकपूर्ण हस्तक्षेप नहीं हुआ, तो लोकतंत्र के दुरुपयोग के परिणाम दीर्घकालिक और विध्वंसकारी हो सकते हैं।
अतः यह आवश्यक है कि तात्कालिक लोकप्रियता और अवसरवादी लाभों के स्थान पर संतुलित, समावेशी और बहुआयामी लोकतांत्रिक विकास को प्राथमिकता दी जाए। सरकार, राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी और नागरिक समाज—सभी को मिलकर संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक सिद्धांतों और सामाजिक संतुलन की रक्षा करनी होगी। यही समेकित प्रयास राष्ट्रवाद को उसकी मूल, मानवीय और उदात्त चेतना में पुनर्स्थापित कर सकता है तथा लोकतंत्र को अधिनायकवाद की संभावित खतरों से सुरक्षित रख सकता है।



**संजीव ठाकुर**

# डेटा सेंटर को बिजली देना जरूरी, अकमें लीडरशिप ऊर्जा आपूर्ति के नियंत्रण पर टिकी

लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) चलाने के लिए बने डेटा सेंटर अब उतनी ऊर्जा खा रहे हैं, जितनी पूरा शहर खर्च करता है
करीब 4.75 अरब डॉलर में सौर ऊर्जा और भंडारण विकास कंपनी इंटरसेक्ट पावर के अधिग्रहण की गूगल की योजना स्वच्छ ऊर्जा कंपनी से जुड़ा आम सौदा भर नहीं होगा। लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) चलाने के लिए बने डेटा सेंटर अब उतनी ऊर्जा खा रहे हैं, जितनी पूरा शहर खर्च करता है। इसमें चिप्स या पूंजी की नहीं बल्कि बड़े पैमाने पर विश्वसनीय ऊर्जा की उपलब्धता भी बाधा बन रही है।



नवीकरणीय ऊर्जा तैयार करने वाली प्रमुख कंपनी को खरीदकर गूगल केवल ऊर्जा खरीदार नहीं रह जाएगी बल्कि ऊर्जा कारोबारी बन जाएगी। वर्षों तक प्रौद्योगिकी कंपनियां मुख्य रूप से बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर निर्भर थीं। इस मामले में स्वामित्व मिलने के बाद गूगल के पास नए डेटा सेंटर परिसरों के लिए ऊर्जा उत्पादन की क्षमता भी आ जाएगी। इंटरसेक्ट के पास टैक्सस में कई सौर और बैटरी स्टोरेज परियोजनाएं हैं तथा टेक्सस तेजी से डेटा सेंटर का अड्डा बनता जा रहा है।

इससे बड़ी टेक कंपनियों के बीच गहरे आंतरिक तनाव का भी पता चलता है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस क्षमता में विस्तार का टकराव जलवायु परिवर्तन संबंधी संकल्पों से हो रहा है। गूगल ने नवीनतम वार्षिक पर्यावरण रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि कंपनी का कुल उत्सर्जन 2019 की बेसलाइन की तुलना में 51 फीसदी अधिक था। ऐसे में स्वच्छ ऊर्जा सुनिश्चित करना न केवल बिजली की सतत उपलब्धता के लिए आवश्यक है बल्कि वह विशुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में बढ़ने के लिए भी आवश्यक है।

गूगल ऊर्जा से जुड़े विभिन्न प्रकार के उपायों का पोर्टफोलियो तैयार कर रही है, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा, भंडारण, भूतापीय, परमाणु ऊर्जा और मांग आधारित कार्यक्रम शामिल हैं। इनसे डेटा सेंटर ग्रिड पर बोझ के समय लोड कम कर सकते हैं। गूगल की इस रणनीति में इंटरसेक्ट एकदम सही बैठती है।

गूगल ने दुनिया के सबसे बड़े कॉर्पोरेट बिजली खरीद सौदों के जरिये अपतटीय पवन ऊर्जा का भी जखीरा जुटा लिया है। इन सौदों में नीदरलैंड्स में 478 मेगावाट, ताइवान में 495 मेगावाट और जर्मनी तथा स्कॉटलैंड में अतिरिक्त क्षमताएं शामिल हैं। ये समझौते गूगल के उस लक्ष्य के लिए जरूरी हैं, जिसमें वह 2030 तक हर ग्रिड पर कार्बन-मुक्त ऊर्जा इस्तेमाल करना चाहता है।

गूगल के इंटरसेक्ट सौदे को अमेरिका के हालिया घटनाक्रम के आलोक में देखा जाना चाहिए, जहां डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन और देश के पूर्वोत्तर राज्यों के कई गवर्नर बिजली की 15 साल की आपातकालीन थोक नीलामी पर जोर द रहे हैं। इससे तकनीकी कंपनियां नए बिजली संयंत्रों के लिए वित्तीय सहायता पर विवश हो जाएंगी। इसके पीछे एकदम सीधा विचार है। आम परिवारों और छोटे कारोबारियों को केवल इसीलिए बिजली का ज्यादा बिल नहीं भरना चाहिए क्योंकि भारीभरकम डेटा सेंटरों को बहुत अधिक बिजली की जरूरत है।

फिर भी चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा का निर्माण महंगा सौदा है। सौर और पवन ऊर्जा के लिए भंडारण या बैकअप उत्पादन की आवश्यकता होती है। यदि बड़ी कंपनियां सार्वजनिक ग्रिड से किनारा करके खुद ही बिजली हासिल करती रहेंगी तो साझा नेटवर्क को बनाए रखने का खर्च दूसरे उपभोक्ताओं के सिर पड़ जाने का जोखिम भी है। नियामकों को निवेश प्रोत्साहनों और न्यायसंगतता के बीच संतुलन बनाना होगा। भारत के लिए इसके फौरी निहितार्थ हैं।

महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात और तेलंगाना में डेटा-सेंटर के केंद्र तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। इनसे मांग में मामूली इजाफा नहीं होगा। इनसे एक ही जगह बड़ा लोड जाएगा, जिससे स्थानीय वितरण नेटवर्कों पर दबाव पड़ सकता है और ट्रांसमिशन के लिए लंबी चौड़ी योजना बनानी पड़ सकती है। भारत के बिजली क्षेत्र ने विद्युतीकरण में और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में प्रगति की है, लेकिन वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति अब भी नाजुक है और क्रॉस-सब्सिडी काफी हद तक बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं पर निर्भर है।

भारत के पास मांग पर प्रतिक्रिया करने वाले परिपक्व बाजार भी नहीं हैं, जो प्रणाली पर दबाव के दौरान डेटा-सेंटर लोड को लचीले ढंग से कम करने दें। कैलिफोर्निया की मांग-प्रतिक्रिया नीलामी प्रणाली इस संदर्भ में उपयोगी मानक प्रदान करती है। जैसे-जैसे एआई का ढांचा बढ़ेगा, भारत को इसके स्पष्ट नियम बनाने होंगे कि ग्रिड उन्नयन की कीमत कौन चुकाएगा, भंडारण को कैसे बढ़ाया जाएगा और नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण औद्योगिक मांग की गति के साथ कदमताल कैसे करेगा।

# भक्ति की पराकाष्ठा और सामाजिक समरसता की प्रतीक माता शबरी

रामायण की कथा में माता शबरी का प्रसंग केवल एक भक्त और भगवान के मिलन की कथा नहीं है, बल्कि यह धैर्य, समर्पण और सामाजिक समानता का एक कालातीत दस्तावेज है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जब समाज अक्सर जाति, वर्ग और बाहरी दिखावे में बंटा होता है, माता शबरी का जीवन हमें आंतरिक पवित्रता और निःस्वार्थ प्रेम का मार्ग दिखाता है। माता शबरी का वास्तविक नाम श्रमणा था। शबरी के पिता अज एक भील कबीले के राजा थे और माता का नाम इंदुमति था। शबरी बाल्यकाल से ही पशु- पक्षियों की बातें अलौकिक रूप से समझा करती थी और उनसे वातार्लाप किया करती थी। शबरी की कई बातें माता- पिता को नागवार गुजरती थी। कुछ बड़ी होने पर उनके माता- पिता ने इस बात को एक ब्राह्मण को बतला कर इसका उपाय पूछा तो ब्राह्मण ने बताया कि इसका विवाह करा दो। शबरी के विवाह के लिए एक बाड़े में बहुत सारे पशु- पक्षियों को इकट्ठा किया गया। यह देख शबरी ने एक दिन इसका कारण पूछा तो माता इंदुमति ने बताया कि यह तुम्हारे विवाह के लिए इकट्ठा किया गया है। विवाह के दिन भोज के लिए यह लाया गया है। शबरी को यह बात ठीक नहीं लगी। उसने सोचा कि मेरे विवाह के लिए इतने जीवों का बलिदान नहीं देने दूंगी। अगर विवाह के लिए इतने जीवों की बलि दी जाएगी तो मैं विवाह ही नहीं करूंगी। उसने रात्रि काल में बाड़े के द्वार को खोल दिया, लेकिन शबरी को ऐसा लगा कि किसी ने उन्हें ऐसा करते हुए देख लिया है। यह सोच वह वहां से भागकर ऋषिमुख पर्वत पर रहे दस हजार ऋषियों के पास पहुंच गई और ऋषि मतंग के साथ उनकी पुत्री बन अनन्य सेविका के रूप में रहने लगी। ऋषि मतंग के देह त्यागने का समय आया तो शबरी भी उनके साथ जाने की जिद्द करने लगी। इस पर मतंग ने कहा कि पुत्री! तुम्हारा ख्याल अब राम रखेंगे। वह स्वयं तुम्हारी कुटिया पर चलकर आयेंगे। अपने गुरु मतंग ऋषि के वचनों पर अडिग विश्वास रखते हुए उन्होंने अपने जीवन के कई दशक केवल एक ही प्रतीक्षा में बिता दिए कि मेरे राम आएंगे। शबरी रोज भगवान के लिए फूल बिछा कर रखती, उनके लिए फल तोड़कर लाती, और पूरे दिन भगवान श्रीराम का इंतजार करती। अंततः श्रीराम शबरी आश्रम पहुंचते भी हैं। शबरी प्रदत्त कंद -मूल, फल खाते हैं और शबरी को नवधा भक्ति अर्थात भक्ति के नौ प्रकार का उपदेश भी देते हैं। आज के दौर में जहां लोग तत्कालिक परिणामों की खोज में रहते हैं, शबरी का धैर्य सिखाता है कि सच्ची सिद्धि और साक्षात्कार के लिए अटूट विश्वास, दृढ संकल्प, लंबी प्रतीक्षा आवश्यक है। शबरी का प्रसंग भारतीय संस्कृति में जातिवाद के विरुद्ध, सामाजिक समरसता और समानता के सबसे सशक्त उदाहरणों में से एक है। तत्कालीन समाज में उन्हें अधम जाति का माना जाता था, लेकिन भगवान श्रीराम ने उन्हें भामिनी अर्थात परम पूजनीय कहकर संबोधित किया। भगवान राम द्वारा शबरी के आश्रम पहुंचकर उनके चखे हुए बेरों को ग्रहण करना अर्थात झूठे बेर का संदेश यह दशार्ता है कि ईश्वर के दरबार में श्रद्धा का स्थान शास्त्र-नियमों और बाहरी शुद्धता से ऊपर है। आधुनिक समय में यह कहानी हमें सिखाती है कि किसी भी व्यक्ति का मूल्यांकन उसके कुल या पद से नहीं, बल्कि उसके चरित्र और हृदय की निर्मलता से किया जाना चाहिए। माता शबरी की कथा रामायण, भागवत पुराण, रामचरितमानस, सूरसागर, साकेत आदि ग्रंथों में मिलती है। भक्त कवियों ने स्फुट रूप से शबरी की भक्ति निष्ठा का उल्लेख किया है। माता शबरी के इन्हीं गुणों के कारण आज भी प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को उनकी जन्म होने की मान्यता कारण इस दिन माता शबरी जयंती मनाई जाती है, और भगवान श्रीराम और उनकी गुण गान की जाती है।
उल्लेखनीय है कि शबरी के विवाह त्यागने का कारण उनके विवाह भोज के लिए हजारों पशुओं की बलि दी जानी थी। यह वर्तमान के अहिंसा और जीव संरक्षण के सिद्धांतों के अनुकूल है। माता शबरी का जीवन एक ऐसी मशाल है, जो सदियों से अधिकार विहीन और वंचितों को गरिमा प्रदान करती आई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनका व्यक्तित्व हमें यह याद दिलाता है कि भक्ति और मानवता किसी विशेष वर्ग की बपौती नहीं है। जो हृदय प्रेम से भरा है, वही ईश्वर का निवास स्थान है। माता शबरी के जीवन में मतंग ऋषि का स्थान एक मार्गदर्शक और आधार स्तंभ जैसा था, जिन्होंने उनके समर्पण को भक्ति के उच्चतम शिखर तक पहुंचाया। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि गुरु-निष्ठा ही वह बीज है, जिससे भक्ति का वृक्ष फलीभूत होता है।
वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस के अनुसार श्रीराम के मतंग ऋषि के आश्रम पहुंचने पर शबरी ने न केवल उन्हें स्वागतपूर्वक कंद-मूल खिलाए, बल्कि अपनी दिव्य दृष्टि व अनुभव से माता सीता की खोज के लिए रणनीतिक दिशा भी प्रदान की। शबरी ने ही सुग्रीव से मित्रता का सुझाव देते हुए श्रीराम को बताया कि ऋष्यमूक पर्वत पर वानर राज सुग्रीव रहते हैं। उन्होंने कहा- हे राघव! आप सुग्रीव से मित्रता करें, वह आपकी सहायता अवश्य करेंगे। शबरी ने श्रीराम -लक्ष्मण को पंपा सरोवर के मार्ग से होते हुए ऋष्यमूक पर्वत की सटीक दिशा बताई। उन्होंने बताया कि सुग्रीव अपनी जान बचाने के लिए वहां छिपे हैं, क्योंकि बाली उस पर्वत पर नहीं आ सकता। शबरी ने दिव्य दृष्टि का उपयोग करते हुए अपनी योग शक्ति से जान लिया था कि सीता का हरण रावण ने किया है और वे दक्षिण दिशा की ओर हैं। उन्होंने श्रीराम को आश्वस्त किया कि वे जल्द ही अपनी पत्नी को पा लेंगे।
यह प्रसंग सिखाता है कि कभी-कभी सबसे कठिन समस्याओं का समाधान हमें उन लोगों से मिलता है, जिन्हें समाज अक्सर साधारण समझकर अनदेखा कर देता है। श्रीराम ने भी शबरी की भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें नवधा भक्ति का उपदेश दिया- सत्संग, कथा प्रसंग, गुरु सेवा, गुण गान, मंत्र जाप, शील व विरति, समदर्शिता, संतोष और सरलता। भगवान राम ने स्पष्ट किया कि इनमें से यदि एक भी भक्ति किसी में हो, तो वह मुझे अत्यंत प्रिय है। शबरी के पास तो ये सभी विद्यमान थीं। भगवान श्रीराम द्वारा शबरी को प्रदत्त नवधा भक्ति का उपदेश- सरलता से प्रपंच रहित जीवन जीना, जो प्राप्त है, उसी में संतोष, प्रसन्न रहना, दूसरों के दोषों को खोजने के बजाय स्वयं के सुधार पर ध्यान देना आदि तनाव और प्रतिस्पर्धा से भरे वर्तमान युग में मानसिक शांति का आधार बन सकते हैं। इस प्रकार मतंग ऋषि ने शबरी को लक्ष्य अर्थात श्रीराम का मिलन दिया और श्रीराम ने उन्हें मार्ग अर्थात नवधा भक्ति प्रदान किया। वर्तमान में ये नौ सूत्र मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति के व्यावहारिक तरीके हैं। रामायण व पौराणिक ग्रंथों में अंकित कथा के अनुसार शबरी पूर्व जन्म में परमहिसी नामक एक रानी थी। एक बार वह राजा के साथ कुंभ मेला गई। कुंभ के मेले में राजा का शिविर था। रानी को एक दिन अपने खिड़की से मंत्रोंच्चारण के साथ हवन कर रहे ऋषियों का एक समूह दिखा।

**-अशोक प्रवृद्ध**

# बसंत का आगमन

मनमोहक मंद सुगन्ध है
मनभावन मधुमास,
मन हरित हर्षित हुआ है जब
बसंत आया पास।
सरसों पर आने लगे जब
फूलों के रत्नेश,
आँखों को भाने लगा तब
बसन्त ये परिवेश।
तुलना करने के लिए मिला
नहीं कोई स्थान,
धरती झूमे ओढ़कर सुंदर
बसंती परिधान।
धरती सुंदरी ओढ़ कर पिला
हरित परिधान,
फूल देकर कर रही है प्रियतम
का सम्मान।
आम पर मंजर खिल गए
महक उठा है बौर,
रंग रंग बिखरा पड़ा है यह
फागुन का दौर।
खेतों में बिखरी हुई है जैसे
स्वर्णिम धूल,
खुशबू वहां बिखेर रही गेंद
गुलाब के फूल।
घर बाहर मधुमास की फैलने
लगी मिठास,
पुरवईया की मार से विरहन
हुई उदास।

**वेद प्रकाश**

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित
# 205 शिकायतें दर्ज, 10 का मौके पर हुआ निस्तारण

गौतमबुद्धनगर, 07 फरवरी 2026। जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनसामान्य की कुल 205 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



### दादरी में सर्वाधिक शिकायतें

तहसील दादरी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने की। यहां कुल 132 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का स्थलीय सत्यापन कर समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सामाजिक जागरूकता की दिलाई गई शपथ

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को बाल विवाह रोकथाम, नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन, नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, तहसीलदार प्रतीक चौहान, पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जेवर व सदर तहसील का हाल

तहसील जेवर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 65 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 08 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

**प्रशासन द्वारा सभी शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।**

– सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने 02 वांछित अभियुक्त किए गिरफ्तार
### गाड़ी निकालने के विवाद में दर्ज मुकदमे में थी तलाश

संदीप गर्ग नोएडा, 07 फरवरी 2026। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते



हुए विभिन्न धाराओं में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दीपक पुत्र जुगेन्द्र एवं रवि कुमार पुत्र श्रीपाल के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्तों को ग्राम झट्टा से गिरफ्तार किया गया है। दोनों अभियुक्त थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के निवासी हैं। इनके विरुद्ध धारा 191(2), 191(3), 115(2), 352, 351(2), 110 बीएनएस एवं 7 आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है।

पुलिस ने बताया कि दिनांक 05 फरवरी 2026 को ग्राम झट्टा में गाड़ी निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। इस घटना में प्रथम पक्ष की ओर से सागर भाटी, जबकि द्वितीय पक्ष की ओर से सुंदर, सचिन उर्फ चिंटू एवं अमित शामिल थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना नॉलेज पार्क पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद से दोनों अभियुक्त फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही जारी है।

## पंचशील बालक इंटर कॉलेज नोएडा में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित
# छात्रों ने वर्किंग मॉडलों से दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

गौतमबुद्धनगर, 07 फरवरी 2026। पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-91 नोएडा में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार, जिला समन्वयक शिक्षा विभाग अर्चना शिरोमणि के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश चंद्र शर्मा, वैज्ञानिक अधिकारी, क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र, गाजियाबाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर निर्णायक समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित मॉडलों का अवलोकन किया और उनके नवाचार प्रयासों की सराहना की।



### कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए वर्किंग मॉडल

प्रदर्शनी में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं तकनीक से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यशील (वर्किंग) मॉडल प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल द्वारा प्रत्येक मॉडल का गहन मूल्यांकन किया गया तथा विद्यार्थियों से मॉडल की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं भविष्य की संभावनाओं पर प्रश्न किए गए।

निर्णायकों ने विद्यार्थियों के मॉडलों में स्टार्ट-अप, नवाचार एवं उद्यमिता की व्यापक संभावनाएं देखीं। गहन विचार-विमर्श के बाद प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए।

**ये रहे विजेता**

प्रथम स्थानः आराध्या वाधवा (जे.पी. स्कूल)
द्वितीय स्थानः आदिश जैन (विशाल इंटरनेशनल स्कूल)
तृतीय स्थानः मनोज (पंचशील बालक इंटर कॉलेज)
सांत्वना पुरस्कार महामाया बालिका इंटर कॉलेज एवं एस.डी.आर.वी. कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों को प्रदान किए गए।

### नकद पुरस्कार व प्रमाण-पत्र से किया गया सम्मानित

विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

मुख्य अतिथि एवं निर्णायक समिति में अखिलेश कुमार सिंह (सहायक प्रोफेसर, गलगोटिया यूनिवर्सिटी), डॉ. योद्धावीर सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर एवं डिप्टी एचओडी), डॉ. सी.के. सेठ (पूर्व प्रोफेसर, दिल्ली यूनिवर्सिटी) तथा ए.के. सिन्हा (पीजीटी फिजिक्स) शामिल रहे। सभी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नीरज टंडन ने आयोजकों, अतिथियों, निर्णायकों एवं प्रतिभागी विद्यालयों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षिकाएं कविता सक्सेना, ऋचा, शीतल सिंह, शकीला, शजीनत तथा शिक्षक महेश्वर, आशा, नयाल, कुलदीप पाठक एवं चंदन कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

– सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित तिथियां घोषित
## दावे-आपत्तियां 6 जनवरी से 6 मार्च 2026 तक होंगी स्वीकार

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 07 फरवरी 2026। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया गया है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि 06 जनवरी 2026 से 06 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है।

**27 मार्च तक होगा दावेझ्आपत्तियों का निस्तारण**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सूचना चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 06 जनवरी 2026 से 27 मार्च 2026 तक किया जाएगा। इसके उपरांत 03 अप्रैल 2026 को स्वास्थ्य मापदंडों का परीक्षण किया जाएगा।

**10 अप्रैल को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची**

निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 तक किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

प्रशासन ने जनपद के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाने, संशोधन कराने अथवा आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

– सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# दलहन उत्पादक कृषकों के लिए स्माल गोदाम पाने का सुनहरा अवसर
## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत 2 लक्ष्य स्वीकृत

गौतमबुद्धनगर, 07 फरवरी 2026। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद गौतमबुद्धनगर के दलहन उत्पादक कृषकों को स्माल गोदाम प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत दलहन घटक में जनपद को 02 स्माल गोदाम के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि स्माल गोदाम योजना के लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी पद्धति से किया जाएगा। यह प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएगी।

### 13 फरवरी तक करें ऑनलाइन आवेदन

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक कृषक 13 फरवरी 2026 तक कृषि दर्शनझ्2 पोर्टल ॅ१ि२ँल्ल.४स्र.ॅङ्म५.ल्ल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग/आवेदन कर सकते हैं।

### ये शर्तें होंगी लागू

उप कृषि निदेशक ने स्पष्ट किया कि एक कृषक को केवल एक स्माल गोदाम का लाभ ही अनुमन्य होगा। केवल कृषि विभाग में पंजीकृत कृषक ही आवेदन के पात्र होंगे। यदि प्राप्त आवेदन लक्ष्य से अधिक होते हैं, तो चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी कृषकों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

– सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## थाना बिसरख पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार
# महिला मित्र की मौत के मामले में लाइसेंसी पिस्टल व कारतूस बरामद

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडा। थाना बिसरख पुलिस ने महिला को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त आशीष पंवार पुत्र किरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त पर आरोप है कि उसने अपनी महिला मित्र को आत्महत्या के लिए उकसाया, जिसके चलते महिला ने अभियुक्त की लाइसेंसी पिस्टल से स्वयं को गोली मार ली। इस संबंध में वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना बिसरख में धारा 108, 62 बीएनएस एवं 30 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बिसरख पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लाइसेंसी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया है। इसके अतिरिक्त घटनास्थल से मृतका की चप्पल भी कब्जे में ली गई है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त आशीष पंवार ने बताया कि वह अपनी महिला मित्र के साथ राधा स्काई सोसाइटी में पार्टी करने गया था। दोनों एक-दूसरे को पिछले 5 से 6 वर्षों से जानते थे। शादी को लेकर हुए विवाद के बाद कहासुनी हुई, जिसके पश्चात महिला कमरे में गई और अभियुक्त के बैग में रखी लाइसेंसी पिस्टल से अपने सिर में गोली मार ली।

गिरफ्तार अभियुक्त आशीष पंवार (उम्र लगभग 35 वर्ष) मूल रूप से ग्राम ककड़ीपुर, थाना रमाला, जिला बागपत का निवासी है तथा वर्तमान में ऑफिसर सिटी प्रथम, राजनगर एक्सटेंशन, थाना नंदग्राम, जिला गाजियाबाद में रह रहा था।

पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। मामले की जांच अन्य पहलुओं पर भी जारी है।

## सेक्टर-58 पुलिस की कार्रवाई, मोबाइल स्नैचिंग करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

चोरी की बाइक, 5 मोबाइल फोन और अवैध चाकू बरामद

संदीप गर्ग नोएडा। थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने मोबाइल फोन स्नैचिंग की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से रिशू पुत्र सत्यनारायण को सेक्टर-62 नोएडा के पास से दबोचा। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चोरी की एक मोटरसाइकिल, स्नैचिंग के 05 मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर राह चलते लोगों से मोबाइल फोन छीनने की वारदातों को अंजाम देता था। अभियुक्त ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल को उसने अपने साथी के साथ मिलकर विनोद नगर ईस्ट, दिल्ली से चोरी किया था। इसी मोटरसाइकिल का इस्तेमाल कर सेक्टर-57, 58, 60 और 62 नोएडा क्षेत्र में कई मोबाइल स्नैचिंग की घटनाएं की गईं। एक मोबाइल फोन सेक्टर-62 स्थित बारक्लेव बिल्डिंग के सामने पैदल जा रहे एक व्यक्ति से छीना गया था।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त रिशू शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है।

## सेक्टर-58 पुलिस की कार्रवाई, मोबाइल स्नैचिंग करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार
# चोरी की बाइक, 5 मोबाइल फोन और अवैध चाकू बरामद

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडा। थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने मोबाइल फोन स्नैचिंग की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से रिशू पुत्र सत्यनारायण को सेक्टर-62 नोएडा के पास से दबोचा।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चोरी की एक मोटरसाइकिल, स्नैचिंग के 05 मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर राह चलते लोगों से मोबाइल फोन छीनने की वारदातों को अंजाम देता था।



अभियुक्त ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल को उसने अपने साथी के साथ मिलकर विनोद नगर ईस्ट, दिल्ली से चोरी किया था। इसी मोटरसाइकिल का इस्तेमाल कर सेक्टर-57, 58, 60 और 62 नोएडा क्षेत्र में कई मोबाइल स्नैचिंग की घटनाएं की गईं। एक मोबाइल फोन सेक्टर-62 स्थित बारक्लेव बिल्डिंग के सामने पैदल जा रहे एक व्यक्ति से छीना गया था।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त रिशू शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने अभियुक्त के साथी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त रिशू पुत्र सत्यनारायण, निवासी यूटीसी त्रिलोकपुरी, पांडव नगर, थाना मयूर विहार, दिल्ली बताया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जिला चिकित्सालय नोएडा का मंडलीय अधिकारियों ने किया निरीक्षण
# स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना, बैठक में कार्यों की समीक्षा

समाज जागरण

नोएडा, 07 फरवरी 2026। जिला चिकित्सालय नोएडा में सहारनपुर मंडल की जॉइंट डायरेक्टर (जेडी) डॉ. कुमुद रानी एवं डिवीजनल क्वालिटी एश्योरेंस कंसल्टेंट (DIV QAC) डॉ. उत्कृष्ट प्रजापति द्वारा चिकित्सालय की विभिन्न गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया गया।

निरीक्षण के उपरांत चिकित्सालय प्रशासन के साथ एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा चिकित्सालय के समग्र कार्यों पर चर्चा की गई। मंडलीय अधिकारियों ने जिला चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय राणा, डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. ऋषभ कुमार सिंह, डॉ. हृदयमणि लवणिया, अदिति यादव, गौरव कुमार सहित चिकित्सालय का अन्य चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## मोदी सरकार का आम बजट 2026-27 ‘विकसित भारत’ के संकल्प को करेगा साकार : नरेंद्र कश्यप
# नोएडा में भाजपा की पत्रकार वार्ता, केंद्रीय बजट को बताया ऐतिहासिक व दूरदर्शी

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडा, 07 फरवरी 2026। भाजपा नोएडा महानगर जिला कार्यालय, सेक्टर-116 में जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्री नरेंद्र कश्यप उपस्थित रहे।




पत्रकार वार्ता में गौतमबुद्धनगर जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा तथा पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों की विकास यात्रा को नई मजबूती देता है। यह बजट ‘विकसित भारत-2047’ के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है।

उन्होंने कहा कि बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई, सेमीकंडक्टर, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेटा सेंटर, स्टार्ट-अप, पर्यटन, मेडिकल टूरिज्म, आयुष, खेल एवं स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया गया है, जिसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा।

श्री कश्यप ने कहा कि सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। वहीं डेटा सेंटर हब के रूप में प्रदेश को विकसित करने से डिजिटल और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

उन्होंने बताया कि हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, फ्रेट कॉरिडोर, इनलैंड वॉटरवे और लॉजिस्टिक्स हब से प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। पर्यटन क्षेत्र में काशी, मथुरा, मेरठ सहित ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों के विकास से उत्तर प्रदेश वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत होगा।

मंत्री ने कहा कि बजट में युवा, महिला, किसान, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन और गरीब वर्ग को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई गई हैं। एमएसएमई सेक्टर को दी गई ऐतिहासिक सहायता से प्रदेश के लघु एवं मध्यम उद्यमों को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा देने वाला है। केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार प्रदेश को निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार का प्रमुख केंद्र बना रही है। उन्होंने कहा कि बजट के प्रावधान नोएडा-ग्रेटर नोएडा को औद्योगिक, टेक्नोलॉजी और स्टार्ट-अप हब के रूप में और सशक्त करेंगे।

पत्रकार वार्ता के अंत में उपस्थित नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही विकास योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाला समय उत्तर प्रदेश के लिए स्वर्णिम काल सिद्ध होगा।

# जोयआलुक्कास ‘ब्रिलियंस डायमंड ज्वेलरी शो’ 7 से 22 फरवरी तक नोएडा में
## हीरे के शानदार आभूषणों का विशेष प्रदर्शन, खरीद पर मिलेगा मुफ्त सोने का सिक्का

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडा। दुनिया के पसंदीदा ज्वैलर जोयआलुक्कास नोएडा में 7 फरवरी 2026 से अपने विशेष ‘ब्रिलियंस डायमंड ज्वेलरी शो’ के साथ ग्राहकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। यह भव्य प्रदर्शनी 22 फरवरी 2026 तक जोयआलुक्कास नोएडा शोरूम में आयोजित की जा रही है।

यह विशेष शोकेस हीरे के आभूषणों में कलात्मकता, लालित्य और नवाचार का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। प्रदर्शनी में दुल्हन के लिए भव्य हीरे के आभूषणों से लेकर रोजमर्रा के उपयोग के लिए आधुनिक और परिष्कृत डिजाइनों की शानदार श्रृंखला शामिल है, जो पारंपरिक शिल्पकला और आधुनिक डिजाइन का उत्कृष्ट उदाहरण है।

जोयआलुक्कास ग्रुप के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जोय आलुक्कास ने इस अवसर पर कहा कि

“ब्रिलियंस डायमंड ज्वेलरी शो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और ऐसे आभूषण बनाने के हमारे जुनून का उत्सव है, जो लालित्य और व्यक्तित्व को दशार्ते हैं। नोएडा हमारे लिए हमेशा विशेष रहा है और हम यहां अपने ग्राहकों को यह विशिष्ट संग्रह प्रस्तुत करते हुए बेहद प्रसन्न हैं।”



उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी ग्राहकों को हीरे को उनके सबसे शानदार और आकर्षक रूप में अनुभव करने का अवसर प्रदान करती है।

प्रदर्शनी को और अधिक आकर्षक बनाते हुए, शो की अवधि के दौरान ङ्1 लाख या उससे अधिक मूल्य के हीरे के आभूषणों की प्रत्येक खरीद पर ग्राहकों को एक मुफ्त सोने का सिक्का भी प्रदान किया जाएगा।

जोयआलुक्कास का यह ह्यब्रिलियंस डायमंड ज्वेलरी शोह्ण आभूषण प्रेमियों के लिए एक खास अवसर है, जहां हर डिजाइन विलासिता, भावना और कालातीत सुंदरता का प्रतीक है। आभूषण पारखी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर हीरों की चमकदार दुनिया में कदम रख सकते हैं।

# फरीदपुर के चामुंडा मंदिर पर माता रानी का जागरण पर झूमे भक्त

**समाज जागरण**

गुन्नौर ब्लॉक के गांव फरीदपुर के चामुंडा मंदिर पर ब्रह्मचर्येण जागरण पार्टी द्वारा माता रानी का जागरण किया गया, जागरण का शुभारंभ ब्लॉक



प्रमुख आशीष कुमार उर्फ हनी यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया ।जहां शंकरजी पार्वती, मां काली, बालाजी, राधा कृष्ण, गणेश जी समेत सुंदर-सुंदर झांकियों की प्रस्तुति दी गई माता रानी के भजन कथा में सुन श्रोता गढ़ भाव विभोर हो गए इस मौके पर आराम सिंह, बनवारी यादव, डां ललतेश यादव,डां विकास यादव, संजय यादव, मौहपाल यादव, जशवीर यादव, ललतेश शास्त्री समेत भक्तगण मौजूद रहे।

# मंदिर में शिव परिवार की मूर्तियों की हुई प्राण प्रतिष्ठा सुंदरकांड का आयोजन

**समाज जागरण**

गुन्नौर ब्लॉक क्षेत्र गांव फरीदपुर में शिव मंदिर पर शिव परिवार की मूर्तियों की स्थापना की गई। यह पावन कार्य शनिवार को विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। जिससे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। मूर्ति स्थापना का शुभ कार्य आयोजक डां ललतेश यादव द्वारा संपन्न कराया गया। सभी उपस्थित लोगों ने भगवान शिव. माता पार्वती. भगवान गणेश और कार्तिकेय की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थनाएं की गई। कार्यक्रम के तहत मंदिर परिसर में पहले गंगा स्नान कराकर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व हवन-पूजन किया गया। जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गई। उसके बाद श्रद्धालुओ के लिए भव्य भंडारे का आयोजन हआ



और कन्या भोज भी कराया गया। सभी श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन को सामाजिक एकता और धार्मिक सौहार्द का प्रतीक बताते हुए आयोजकों की सराहना की शिव परिवार की मूर्ति स्थापना के साथ ही मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना और अन्य धामिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी योजना बनार्ड गई है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना को और अधिक प्रबल करना है।

इस मौके पर आराम सिंह, बनवारी यादव, डां ललतेश यादव, डां विकास यादव, संजय कुमार, मौहर पाल यादव,अजयपाल सहित भक्त गण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने ग्राम समाज व अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के दृष्टिगत टीम गठित कर जांच करने के दिए निर्देश

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर जिला धिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत विकास खंड मौ0पुर देवमल के ग्राम फरीदपुर मान मे ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों की समस्याओं का मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ पेयजल मिशन के अंतर्गत पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर शत प्रतिशत घरों में पानी का कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें।

विकास कार्यों के सत्यापन के दौरान गांव में दो आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय, सीसी रोड निर्माण आदि के काम मानक के अनुरुप पूर्ण पाए गए। इसी प्रकार वृद्धावस्था दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों द्वारा नियमित रूप से पेंशन मिलना बताया गया। गांव में कुल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 496 राशन कार्ड तथा सात अंत्योदय के लाभार्थी पाए गए, सभी को नियम अनुसार राशन की उपलब्धता होना बताया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कुछ लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि उनके नाम काट दिए गए हैं जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लाभार्थियों की सूची उन्हें उपलब्ध कराई जाए ताकि उसका सक्षम स्तर से मिलान कर काटे गए नाम के कारणों का पता चल सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि 70 वर्ष से ज्यादा की आयु वाले प्रत्येक व्यक्ति एवं अंत्योदय कार्ड धारकों के शत प्रतिशत रूप से आयुष्मान कार्ड बनाना सुरक्षित करें तथा गांव में विधवा, दिव्यांग तथा निराश्रित पेंशन के पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें भी शत-प्रतिशत रूप से शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि आवास एवं शौचालय की मांग करने वाले नए लाभार्थियों की सूची तैयार करें और यथासंभव उनको लाभान्वित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं। ग्राम वासियों द्वारा हैंड पंप में पीला पानी आने पर उन्होंने निर्देशित किया कि तत्काल सभी हैंडपंपों को रिबोर कराएं ताकि ग्राम वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अपने संबोधन में ग्राम वासियों को ओडीएफ, स्वच्छता तथा विकास के मानकों के अनुरुप विकसित होने पर बधाई देते हुए कहा कि गांव को एक मॉडल के रूप में विकसित करने का भी प्रयास करें जो देश प्रदेश में मिसाल कायम करे और तमाम लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बने। उन्होंने ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों द्वारा उठाए गई समस्याओं के संबंध में आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा सभी समस्याओं को नोट किया गया है और सभी समस्याओं का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर शीघ्रता के साथ किया जाएगा।

ग्राम वासियों द्वारा ग्राम समाज एवं अन्य सार्वजनिक भूमियों पर अवैध कब्जे की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि उनके द्वारा टीम गठित कर जांच कराई जाएगी तथा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा पाए जाने पर कब्जा मुक्त करते हुए अवैध कब्जाधारी के खिलाफ कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। उनके द्वारा ग्राम वासियों को शासकीय योजनाओं से वंचित ग्रामवासियों को शत प्रतिशत रूप से संतृप्त कराने के लिए विभागीय कैंप आयोजन के लिए भी आश्वस्त किया गया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव का कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से संतृप्त होने से वंचित न रहने पाए।

कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम स्थित प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया, जहां सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से प्रश्न भी किए गए जिस पर बच्चों द्वारा सही जवाब दिया गया। अंत में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम में जल जीवन मिशन हर घर जल नमामि गंगे एंव जलापूर्ति विभाग (उत्तर प्रदेश) द्वारा निर्माण अधीन पेयजल टंकी का स्तरीय निरीक्षण किया तथा संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि पूर्ण मानक एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि ग्राम वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मोहम्मदपुर देवमल राज वीर सिंह, नायब तहसीलदार सदर सहित अन्य विभाग अधिकारी एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# सरकारी कार्मिकों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले तत्वों के विरुद्ध भारत निर्वाचन आयोग सख्त

## जिला प्रशासन एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध- जिलाधिकारी जसजीत कौर

संदेह जनक और झूठी अफवाहें फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी कड़ी दंडात्मक कार्यवाही- जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जस जीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फार्म -07 के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाए जाने के संबंध में संदेह पैदा करने, झूठी अफवाहें फैलाने और ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ तथा एसआईआर कार्य में अपने दायित्वों अदा कर रहे किसी भी सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने के कृत्य का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि फॉर्म-7 के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाए जाने के संबंध में स्पष्ट करते हुए कहा कि उक्त संदेह बेबुनियाद और निराधार हैं, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग के पास नाम हटाने की एक निर्धारित प्रक्रिया है और यह उचित सुनवाई के बाद की जाती है। उन्होंने बताया कि फॉर्म-7 का दैनिक डेटा चुनाव आयोग द्वारा आयोग के निर्धारित पोर्टल पर जारी किया जाता है। उन्होंने बताया कि किसी भी वोटर का नाम मृत्यु, स्थायी अनुपस्थिति, उसी स्थान या किसी अन्य स्थान पर पहले से मतदाता सूची में पंजीकृत होने और भारतीय नागरिक न होने के आधार पर मतदाता का नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 जमा किया जाता है। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि यदि कोई आपत्ति फार्म साथ पर किसी मतदाता का नाम हटाने के लिए आती है तो संबंधित बीएलओ पहले उसे फॉर्म को अपने पोर्टल पर अंकित/ डिजिटाइज करेगा उसके बाद इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा आपत्तिकर्ता और उस मतदाता को जिसके विरुद्ध आपत्ति दर्ज कराई गई है, दोनों को लिखित नोटिस जारी किया जाएगा। तदोपरांत उस पर मौका मुआयना के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।उन्होंने बताया कि फॉर्म 7 जमा करने का अधिकार केवल उसी व्यक्ति को है, जिसका नाम उसी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में पहले से दर्ज है। फॉर्म-7 भरने वाले व्यक्ति को पहले अपना नाम और मतदाता पहचान पत्र नंबर लिखना अनिवार्य है। इसके बाद आपत्तिकर्ता को उस व्यक्ति का नाम लिखत रूप में प्रस्तुत होगा, जिसके खिलाफ आपत्ति दर्ज की जा रही है और इसी के साथ आपत्ति का कारण बताना होगा। उन्होंने बताया कि प्रपत्र 6, 6ए, 7 और 8 की संख्या हर सप्ताह सभी राजनीतिक दलों को मीटिंग के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही साथ सभी प्रपत्र प्रपत्र 6, 6ए, 7 और 8 की प्रतिदिन बनने वाली सूची जिले की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाती है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूर्ण रूप से पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही साथ अधिकारी कार्यालय मतदान केंद्र पर जाकर सरकारी कार्यों में बाधा डालने सरकारी अभिलेखों को नष्ट करने बीएलओ, वीआरसी ऑपरेटर अभिकताओं तहसील ब्लॉक लेवल अधिकारियों को डराने धमकाने उनका हरासमेंट करने के किसी भी कृतियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# स्योहारा में पीएम आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली के आरोप, डीएम से जांच की मांग

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

स्योहारा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत लाभ दिलाने के नाम पर अवैध धन उगाही किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में एक शिकायत पत्र जिलाधिकारी बिजनौर को भेजकर नगर पालिका परिषद स्योहारा में तैनात एक संविदा कर्मी के खिलाफ जांच व कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत के अनुसार, नगर पालिका में कार्यरत संविदा कर्मी हरिओम पर आरोप है कि वह स्वयं को प्रभावशाली अधिकारी बताकर योजना के पात्र लाभार्थियों से धनराशि की मांग कर रहा है। आरोप यह भी लगाए गए हैं कि पैसा न देने पर लाभार्थियों के आवास की स्वीकृति या निर्माण कार्य निरस्त कराने की धमकी दी जाती है।

शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि इससे पूर्व भी प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े कार्यों—जैसे जियो-टैगिंग आदि—के नाम पर प्रति लाभार्थी धन वसूली की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। इस मामले में डूडा विभाग से जुड़े एक आउट सोर्सिंग जेई श्रवण कुमार का नाम भी कथित रूप से लिया गया है।

इसके अतिरिक्त आरोप है कि नगर पालिका में योजना से संबंधित कार्य देख रहे कर्मचारी मो. शान की आधिकारिक आईडी का संचालन कथित रूप से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है, जिससे पूरी कार्यप्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शिकायतकर्ता ने मामले को गंभीर बताते हुए जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच एलआईयू या किसी सक्षम एजेंसी से कराई जाए, लाभार्थियों के बयान दर्ज किए जाएं तथा संबंधित अभिलेखों की गहन जांच हो। साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय व कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

इस मामले में समाचार लिखे जाने तक संबंधित विभागीय अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है। यदि लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मामला गरीब लाभार्थियों के शोषण के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

वहीं, नगर पालिका में कार्यरत संविदा कर्मी हरिओम व मोहम्मद शान ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से यह शिकायत की गई है।

# लेबर कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक जीत, फिर भी ट्यूबवेल ऑपरेटरों को नहीं मिला हक

नगर निगम फिरोजाबाद पर अवमानना के साए, नए नगर आयुक्त से कर्मचारियों ने लगाई न्याय की गुहार

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। नगर निगम फिरोजाबाद में कार्यरत समस्त ट्यूबवेल/ऑपरेटर कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। लेबर कोर्ट, हाईकोर्ट और सर्वोच्च न्यायालय से लगातार कर्मचारियों के पक्ष में फैसले आने के बावजूद न तो अब तक नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं और न ही बकाया वेतन का भुगतान हुआ है। इस पूरे मामले ने नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

2013 से शुरू हुआ न्याय का संघर्ष कर्मचारियों के हित में लेबर कोर्ट ने 09 सितंबर 2013 को स्पष्ट आदेश देते हुए नियुक्ति और वेतन भुगतान के निर्देश दिए थे। इसके बाद 23 नवंबर 2016 को हाईकोर्ट ने भी लेबर कोर्ट के आदेश को सही ठहराते हुए कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा आदेशों का पालन नहीं किया गया।

नगर निगम ने कर्मचारियों के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया, लेकिन वहां भी निगम को राहत नहीं मिली। 04 नवंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय ने नगर निगम की अपील को खारिज करते हुए साफ निर्देश दिए कि लेबर कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्णय के अनुसार कर्मचारियों को तत्काल नियुक्ति दी जाए तथा पूरा बकाया वेतन भुगतान किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश को तीन माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक आदेश का पालन नहीं हुआ। कर्मचारियों का आरोप है कि यह सीधे तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना है।

कर्मचारियों ने बताया कि पूरे मामले की लिखित जानकारी पूर्व नगर आयुक्त महोदया और जलकल अभियंता को दी गई थी। दोनों अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को यह आश्वासन भी दिया गया था कि शीघ्र ही नियुक्ति पत्र और बकाया वेतन दे दिया जाएगा। जलकल अभियंता द्वारा नियुक्ति से संबंधित प्रारूप भी तैयार कर लिया गया था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से नगर आयुक्त का स्थानांतरण हो गया और मामला एक बार फिर ठंडे बस्ते में चला गया।

शनिवार को ट्यूबवेल ऑपरेटर एकत्रित होकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे और नवागत नगर आयुक्त प्रशांत नागर को अपनी समस्या से अवगत कराया। कर्मचारियों ने उन्हें अदालती आदेशों की प्रतियां सौंपते हुए वर्षों से लंबित नियुक्ति और वेतन भुगतान की मांग रखी।

नगर आयुक्त प्रशांत नागर ने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पूरे मामले की जानकारी की जा रही है और यह देखा जाएगा कि किस प्रकार ट्यूबवेल ऑपरेटरों को उनका वैधानिक हक दिलाया जा सकता है।

तीन-तीन अदालतों से कर्मचारियों के पक्ष में फैसले आने के बावजूद आदेशों का पालन न होना, नगर निगम प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। अब सवाल यह है कि क्या नगर निगम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए शीघ्र कार्रवाई करेगा, या फिर कर्मचारियों को मजबूरन अवमानना याचिका का सहारा लेना पड़ेगा। यह मामला न सिर्फ सैकड़ों कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ा है, बल्कि न्यायपालिका के आदेशों के सम्मान की भी एक बड़ी परीक्षा बनकर सामने आया है।

# व्यापारी के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट की हो निष्पक्ष जांच

-उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर, संवाददाता। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारी के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर एसपी से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शुक्रवार को उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी को सौंपे ज्ञापन में रौनक ट्यूबल एवं मशीनरी स्टोर के संचालक जहीर अहमद लगभग 80 वर्ष के हैं और व्यापारी और समाजसेवी हैं। व्यापारियों का कहना है कि हाल ही में जहीर अहमद की पुत्रवधू ने उनके खिलाफ चारित्रिक आरोपों को लेकर एफ आईआर दर्ज कराई गई है। संगठन के अनुसार, उनकी उम्र, सामाजिक प्रतिष्ठा और अब तक के साफ-सुथरे रिकॉर्ड को देखते हुए ये आरोप प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रही हैं। इस तरह के मामलों से न केवल एक बुजुर्ग व्यक्ति की छवि धूमिल हुई है, बल्कि समाज में भी गलत संदेश गया है।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसपी से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष मनोज कुच्छल,मनीष त्यागी, बीएस राजपूत, अरविंद पाल सिंह, मानव सचदेवा, सचिन राजपूत आदि मौजूद रहे।

# 150 कांवड़ियों का जत्थे ने मोटा महादेव मंदिर पर जल चढ़ाया। मोटा महादेव मंदिर पर पूजा-अर्चना कर अपने गंतव्य को रवाना

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद (बि.टा.)। नगर के हरिद्वार मार्ग पर स्थित सिद्धपीठ मोटा महादेव मंदिर पर 150 कांवड़ियों के पहले जत्थे ने पूजा अर्चना एवं जल चढ़ाया। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने पूजा अर्चना कराई।

शनिवार को हरिद्वार से कांवड़ियों का एक जत्था सिद्ध पीठ मोटा महादेव मंदिर पर पहुंचकर जल चढ़ाया। कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ के भजनों पर जमकर ठुमके लगाए। कांवड़ियों ने बताया कि वह पीलीभीत से पांच फरवरी को हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए निकले थे और आज गंगाजल लेकर नजी बाबाद क्षेत्र के सिद्धपीठ मोटा महादेव मंदिर पर पहुंचे और पन्द्रह फरवरी को अपने पैतृक गांव में जल चढ़ायेंगे।इस दौरान कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ के भजनों पर जमकर थिरके। पंडित शशिनाथ ने बताया कि हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा पर जाते हैं। और वापस लौटते समय सिद्धपीठ मोटा महादेव मंदिर पर जल चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं, और उनकी मान्यता है कि भगवान उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। तत्पश्चात कांवड़िए अपने गंतव्य को रवाना होते हैं।इस दौरान भगवान भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

# पटाखा छुड़ाते समय विस्फोट, आंख में छर्रे लगने से 12 वर्षीय बालक गंभीर घायल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नहटौर। गांव सिजौली में शुक्रवार सुबह पटाखा छुड़ाते समय हुए हादसे में 12 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक की पहचान सुफियान पुत्र सलीम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुफियान शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे अपने घर पर पटाखे छुड़ा रहा था इसी दौरान अचानक पटाखे में तेज धमाका हो गया। विस्फोट के दौरान पटाखे के छर्रे सुफियान की आंख सहित शरीर के अन्य हिस्सों में लग गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। परिजन तत्काल घायल बालक को नगर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को गंभीर बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन सुफियान को दिल्ली के एक अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है परिजनों के अनुसार फिलहाल बालक की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन आंख में गंभीर चोट के चलते चिकित्सकों की निगरानी में इलाज जारी है।

# चाकू की नोंक पर घर में घुसकर लाखों की लूट, इलाके में दहशत

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



चांदपुर। थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव मंडोरा जट में दिनदहाड़े हुई दुस्साहसिक लूट की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। बदमाशों ने भिखारियों का भेष धारण कर घर में घुसकर अकेली महिला के गले पर चाकू रखकर नकदी व लाखों रुपये के आभूषण लूट लिए और फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब पीड़ित महिला घर में अकेली थी। इसी दौरान दो-तीन बदमाश भिखारियों के रूप में घर पहुंचे और पानी मांगने के बहाने अंदर दाखिल हो गए। जैसे ही महिला ने दरवाजा खोला, बदमाशों ने उसे दबोच लिया और उसकी गर्दन पर चाकू रखकर चुप रहने की धमकी दी। इसके बाद बदमाशों ने अलमारी में रखी नकदी व सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए और आराम से मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना हीमपुर दीपा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा बदमाशों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से ग्रामीणों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से जल्द से जल्द बदमाशों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# कंटेनर एवं बाइक की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल की मौत

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद नगर के हरिद्वार मार्ग पर स्थित मालन नदी के समीप कंटेनर एवं बाइक में टक्कर हो गई जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक युवक को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवाया गया। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई।

शनिवार की दोपहर को हरिद्वार मार्ग पर स्थित मारन नदी के समीप कंटेनर एवं बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से ग्राम अलीपुरा निवासी तीन युवक जॉनी पुत्र रामकिशन, सौरभ पुत्र वीर सिंह एवं अवनीश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर जॉनी पुत्र रामकिशन 23 वर्षीय निवासी ग्राम अलीपुरा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवाया गया और घायल युवकों इलाज के लिए रेफर किया गया। कंटेनर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बताया कि कंटेनर मुरादाबाद से चलकर उत्तराखंड बहादराबाद जा रहा था। रास्ते में मालन नदी के पुल के समीप तीन बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम अलीपुरा प्रधान आसिफ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है, जबकि कंटेनर का चालक घटना के बाद घटनास्थल से भाग निकला। जॉनी की मौत से परिवार व गांव में शोक की लहर दौड़ गई परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# आरटीई प्रवेश अभियान शुरूः तहसील दिवस पर अभिभावकों को दी गई जानकारी, मौके पर भरे गए ऑनलाइन फॉर्म

**समाज जागरण**



सिरसागंज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को तहसील दिवस के दौरान आरटीई 25% योजना के तहत प्री-प्राइमरी और कक्षा एक में प्रवेश को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विकासखंड मदनपुर/अराव के प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी रजत प्रताप सिंह और अराव के प्रभारी कमलेंद्र उपाध्याय मौजूद रहे।

अधिकारियों ने अभिभावकों को बताया कि आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। आवेदन के दौरान अभिभावकों द्वारा चयनित ग्राम पंचायत या वार्ड के आधार पर नजदीकी विद्यालय आवंटित किया जाएगा, जैसा कि उत्तर प्रदेश निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली 2011 (संशोधित) में प्रावधान है। तहसील दिवस पर कुछ बच्चों के आवेदन मौके पर ही ऑनलाइन भरे भी गए। प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी— पहला चरण 2 फरवरी से 16 फरवरी, दूसरा चरण 21 फरवरी से 7 मार्च और तीसरा चरण 12 मार्च से 25 मार्च तक चलेगा। अभिभावक आरटीई 25% के लिए निर्धारित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिकारियों ने अधिक से अधिक पात्र परिवारों से योजना का लाभ उठाने की अपील की।

# चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

-शामली की टीम ने जीता मुकाबला

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत स्थित मदरसा जामिया बदरुल उलूम के खेल मैदान में जमियत यूथ क्लब के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता मरहूम हजरत मौलाना कामिल साहब की याद में आयोजित की गई, जिनका जीवन समाज में शिक्षा, भाईचारे और नौजवानों को सही दिशा देने के लिए समर्पित रहा। उनके विचारों और सेवाभाव को याद करते हुए आयोजनकताओं ने खेल के माध्यम से आपसी सौहार्द और अनुशासन का संदेश दिया। प्रति योगिता में बिजनौर, लखीमपुर खीरी, मुजफ्फरनगर, बागपत, शामली और मेवात जिलों की मजबूत टीमों ने हिस्सा लिया। शनिवार को हुए मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेवात और शामली की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें शामली की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मैच में शामली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 163 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेवात की टीम शामली के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 113 रनों पर सिमट गई। प्रतियोगिता में शामली की टीम विजेता बनी। शामली टीम की कप्तानी मौलाना तनवीर ने की, जबकि मेवात टीम के कप्तान जकरिया रहे। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए गढ़ी दौलत निवासी तनवीर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटककर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। आयोजन के दौरान मरहूम हजरत मौलाना कामिल साहब की शख्सियत पर प्रकाश डालते हुए हजरत मौलाना आकिल साहब ने कहा कि वह सादगी, ईमानदारी और इल्म के प्रतीक थे। उन्होंने हमेशा नौजवानों को नशे और बुराइयों से दूर रहकर खेल, शिक्षा और मेहनत के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। यही कारण है कि उनकी याद में आयोजित यह प्रतियोगिता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी। समापन अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आयोजन समिति और जमियत यूथ क्लब के सदस्यों ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में हजरत मौलाना आकिल साहब ने हजरत मौलाना कामिल साहब की मगफिरत और समाज में अमन-चैन की दुआ कराई।

## गांव गढ़ी दौलत में दबंगों ने गंदे नाले को किया बंद, घरों में भरा पानी

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



दबंगों के द्वारा नाले को बंद कर दिए जाने से बस्ती में पानी भर जाने से ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पति के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए समाधान दिवस के साथ उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव गढ़ी दौलत के ग्रामीणों ने बताया कि उनका मकान नटों वाली बस्ती के समीप है, जहां पर 95 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, तथा पांच प्रतिशत हिन्दू लोगों के घर है, गांव के ही इमरान ने उनकी यहां से गुजर रहे बरसाती पानी के नाले को मिट्टी डालकर बंद कर दिया है, जिससे पूरी बस्ती में पानी भर गया है। ग्रामीणों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। गांव के ही धर्मपाल, राजकुमार, राजपाल, संजय , इरशाद, सोनू, पप्पू, सोनबीर, करेशो आदि का आरोप है कि गांव निवासी इमरान पुत्र अशरफ ने जेसीबी द्वारा मिट्टी डालकर नाले को बंद कर दिया। जब ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों को कि ओर मौके पर जांच के लिए लेखपाल व एडीओ पंचायत जांच के लिए पहुंचे तो ग्राम प्रधान पति राशिद जंग उन्हें बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए और ग्राम प्रधान ने मुस्लिम समाज के होने के नाते उनकी कोई भी बात नही मानी, उच्चाधिकारियों के हस्ताक्षेप के बाद नाले को खुलवा दिया गया था, किन्तु कुछ समय बाद ही इमरान ने फिर से नाले को बंद कर दिया है। अगर पीड़ित उसका विरोध करते है तो वह गाली गलौच कर मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। पीडितों ने मामले में हस्ताक्षेप कर नाले को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुस्लिम समुदाय के लोग उन्हें प्रताड़ित कर उन्हें गांव छोड़ने पर मजबूर कर रहे है ओर वर्तमान में वह नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर है।

## रंजिश में युवक से बेल्ट व लात-घूंसों से मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**



थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में आपसी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी इरशाद ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही नदीम पुत्र खुर्शीद और उसके परिवार के लोगों से उनके परिवार की पुरानी रंजिश चली आ रही है।

आरोप है कि इसी रंजिश के चलते नदीम ने अपने कई साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के पुत्र इसरार के साथ बेरहमी से मारपीट की। हमलावरों ने इसरार को बेल्टों और लात-घूंसों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घटना के बाद परिजन घायल इसरार को उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसका डाक्टरी परीक्षण कराया गया। इसके उपरांत पीड़ित इरशाद ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नींद की झपकी से कार बिजली के पोल से टकराई, चालक गंभीर

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



कांधला-जसाला मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गुरुग्राम से हरिद्वार की ओर जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। बताया जा रहा है कि वाहन चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन सड़क किनारे क्षतिग्रस्त हालत में खड़ा नजर आया। हादसे में कार चालक चंद्रशेखर पुत्र सरोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला बताया जा रहा है, जो वर्तमान में गुरुग्राम में रहकर निजी कार्य करता है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल आपातकालीन सेवा 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल चालक को प्राथमिक उपचार देने के बाद कांधला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। अस्पताल में भर्ती घायल चंद्रशेखर ने बताया कि वह अपनी निजी कार से गुरुग्राम से हरिद्वार की यात्रा पर निकला था। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान अचानक उसे नींद की झपकी आ गई, जिससे वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे बिजली के पोल से जा टकराई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दे दी गई है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मासूम के साथ दरिंदगी, आरोपी बाल सुधार गृह भेजा

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव में 12 वर्षीय बालक ने ढाई वर्षीय मासूम के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव में ढाई वर्षीय मासूम घर के बाहर खेल रहा था। आरोप है कि पड़ोस के ही 12 वर्षीय बालक ने मासूम को टोफी दिलाने के बहाने सुनसान जगह ले जाकर मासूम के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया।मासूम ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। पीड़ित परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर मासूम का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी बालक को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## रोजगार मेले में 16 अभ्यर्थियों का चयन

**समाज जागरण**

कैराना। खंड विकास कार्यालय में दो दिवसीय रोजगार मेले में 16 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। शुक्रवार और शनिवार को खंड विकास कार्यालय पर एएसआई अजीत सिंह के नेतृत्व में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। दो दिन तक आयोजित हुए रोजगार मेले में 25 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिसमें सुरक्षा गार्ड के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल तथा लंबाई 5 फीट 5 इंच और वजन 55 किलो से 90 किलो के बीच होना जरूरी था। एएसआई अजीत सिंह ने बताया कि 25 अभ्यर्थियों में से 16 का सुरक्षा गार्ड की नौकरी के लिए चयन किया गया है।

## महिला पीटीआई पदों के प्रावधान के बावजूद पुरुषों का वर्चस्व, कार्य प्रणाली प्रभावित

**समाज जागरण**
**शामली। (फुरकान जंग)**

उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष पूनम तोमर ने जनपद में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की निर्णायक समितियों में महिला शिक्षकों की शून्य भागीदारी को लेकर खेल मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, महानिदेशक स्कूल शिक्षा, डीएम शामली एवं बीएसए को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि खंड शिक्षा अधिकारी कांधला एवं ऊन द्वारा जारी खेल समितियों की सूचियों में महिला शिक्षकों को निर्णायक या रेफरी की जिम्मेदारी नहीं दी गई है। संघ के अनुसार ऊन ब्लॉक की 21 सदस्यीय रेफरी सूची में एक भी महिला शिक्षक का नाम शामिल नहीं है, जबकि कांधला ब्लॉक की अनुशासन, लेखा, जलपान एवं रेफरी समितियों में भी पुरुष शिक्षकों का ही वर्चस्व है। संघ ने कहा कि जनपद में कई महिला शिक्षक बीपीएड योग्यता रखने के बावजूद उन्हें खेल प्रतियोगिताओं में जिम्मेदारी देने के बजाय सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक सीमित कर दिया जाता है, जो लैंगिक भेदभाव को दशार्ता है। साथ ही यह भी कहा गया कि प्रति योगिताओं में महिला निर्णायक न होने से प्रतिभागी बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं अन्य व्यक्तिगत सम स्याएं साझा करने में असहजता होती है। महिला शिक्षक संघ ने यह भी आरोप लगाया कि महिला पीटीआई पदों के प्रावधान के बावजूद उन पर पुरुषों का वर्चस्व बना हुआ है, जिससे कार्य प्रणाली प्रभावित हो रही है। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर कार्रवाई न होने की स्थिति में संगठन लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन एवं कार्य बहिष्कार करने को बाध्य होगा।

## विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने श्री हनुमान टीला मंदिर में दर्शन कर की पूजा अर्चना

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) महर्षि महेश योगी के वैश्विक संगठन से जुड़े विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को शामली स्थित ऐति हासिक श्री हनुमान टीला मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने मंदिर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस प्रतिनि धिमंडल में ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, क्रोएशिया और लेबनान से आए सदस्य शामिल थे। समूह का नेतृत्व विवेक वैद्यनाथन कर रहे थे। उनके साथ रवि शंकर, रोहित भट्ट, कार्तिकी यादव, लक्ष्मी, सतीश्वरी और वीरा भी उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में सलिल द्विवेदी के सानिध्य में सभी ने भगवान हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सलिल द्विवेदी ने मंदिर के इतिहास एवं वैदिक सभ्यता से जुड़ी परंपराओं की जानकारी देते हुए विदेशी प्रतिनिधियों को भारतीय संस्कृति की विशेषताओं से अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने मंदिर की आध्यात्मिक वातावरण और ऐतिहासिक महत्व की सराहना करते हुए अपने अनुभव को विशेष बताया। इस अवसर पर राजकुमार मित्तल आदि मौजूद रहे।

## 21 शिकायतों में से दो का निस्तारण

**समाज जागरण**

कैराना। संपूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायती पत्रों में से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शनिवार को तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान व नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों के समक्ष जमीनी विवाद आदि से संबंधित 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से दो शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए उनके यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में घायल दोनों बदमाशों को भेजा जेल

**समाज जागरण**

कैराना। मुठभेड़ में घायल हुए दोनों बदमाशों को उपचार के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

शुक्रवार को तितरवाडा-डुढार मार्ग पर लूट की योजना बना रहे स्विफ्ट कार सवार चार बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई थी। बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली से हेड कांस्टेबल रिंकू भाटी घायल हो गया था। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में जनपद सहारनपुर के थाना कुतुबशेर के गांव मानकमऊ निवासी शाहरुख और जहांगीर पैर में गोली लगने से घायल हो गए थे, जबकि दो बदमाश मौके से फरार हो गए थे। बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस और कार बरामद हुई थी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया था। अस्पताल में एक बदमाश जहांगीर ने सर्जिकल ब्लेड से अपनी गर्दन पर वार कर लिया था, इसके बाद उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश शाहरुख और जहांगीर को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## दो दिवसीय निशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

**समाज जागरण**



शामली। भारत विकास परिषद मिलाप शाखा के तत्वावधान में शहर के मिल रोड स्थित जैन स्थानक मंदिर में दो दिवसीय निशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का शनिवार को शुभारंभ चेयरमैन अरविंद संगल ने किया।

उन्होने कहा कि शतरंज प्रतियोगिता से प्रतिभागियों के बौद्धिक विकास में वृद्धि होती है और खेल भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के संयोजक खजांची वार्ष्णेय, विनोद जैन, श्यामलाल एडवोकेट, सचिन सैनी एडवोकेट एवं विक्रांत भार्गव एडवोकेट ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग किया। शाखा के सचिव प्रदीप संगल ने बताया कि प्रतियोगिता 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिए आयोजित की गई है, जिसमें विभिन्न शाखाओं, संस्थाओं एवं विद्यालयों के 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने तीन राउंड में प्रतिस्पर्धा करते हुए खेल का आनंद लिया। प्रतियोगिता का समापन 8 फरवरी को किया जाएगा। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव, क्षेत्रीय संयोजक आलोक भटनागर, विशिष्ट अतिथि लव तरार एवं प्रशांत कुमार, अनुज जैन, अध्यक्ष श्याम कुच्छल, प्रदीप संगल, आकाश वर्मा, वंदना अग्रवाल, संतोष वार्ष्णेय, अनीता कश्यप आदि मौजूद रहे।

## सेवायोजन सेल के तत्वावधान में कैंपस साक्षात्कार का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। शहर के आरके पीजी कॉलेज में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन सेल के तत्वावधान में शनिवार को कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। यह साक्षात्कार एबाकस पाठ शाला कंपनी, पानीपत द्वारा टीचर्स फॉर वेदिक मैथमेटिक्स एंड एबाकस फॉर स्कूल पदों के लिए आयोजित किया गया। साक्षात्कार में महा विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें से छह छात्राओं का कंपनी द्वारा चयन किया गया। प्रशिक्षण एवं सेवायोजन सेल के संयोजक डॉ. सौरभ कुमार पाण्डेय ने बताया कि चयनित छात्राओं को कंपनी की ओर से पांच अंकों में प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक डॉ. सुनील गोयल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर निशा गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन सेल की सहसंयोजक प्रोफेसर रजनी रानी का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर लोकेश मलिक ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जनपद के विभिन्न विद्यालयों में सेनेटरी पैड मशीनों की स्थापना

**समाज जागरण**

शामली। लायंस क्लब शामली क्राउन के तत्वावधान में नारी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं स्वाभिमान को समर्पित सेनेटरी पैड मशीन स्थापना एवं मासिक धर्म जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों में सेनेटरी पैड मशीनों की स्थापना की गई। अभियान के तहत वैदिक इंटर कॉलेज कुरमाली, जनता इंटर कॉलेज लिसाड एवं प्रकाशवती सरस्वती विद्या मंदिर लाख में सेनेटरी पैड मशीनें स्थापित की गईं। क्लब पदाधिकारियों ने बताया




कि लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा अब तक कुल 65 विद्यालयों में सेनेटरी पैड मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे हजारों छात्राओं को सुरक्षित एवं सुलभ स्वच्छता सुविधा मिल रही है। उक्त विद्यालयों के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी विद्यालय बनत में छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अध्यक्ष गौरव मित्तल व प्रोजेक्ट चेयरमैन सोमेश मित्तल ने महिला अध्यापिकाओं को मशीन के संचालन, रख-रखाव एवं रिफिलिंग की जानकारी देते हुए उन्हें इस व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए प्रशिक्षित किया। मौके पर गौरव गोयल मौजूद रहे।

## देव अस्पताल के चिकित्सकों पर गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही एवं तथ्यों को छुपाने का आरोप

**समाज जागरण**



शामली। क्षेत्र के गांव खेडी पटटी निवासी एक व्यक्ति ने देव हॉस्पिटल के चिकित्सकों पर गंभीर चिकि त्सकीय लापरवाही एवं तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त से शिकायत कर कार्य वाही की मांग की है।

क्षेत्र के खेडी पटटी निवासी शशिकांत पुत्र भगवान ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी रूपा का 1 दिसंबर 2025 को बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिए देव हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद 5 दिसंबर को छुट्टी दे दी गई, लेकिन मरीज को लगातार दर्द व संक्रमण की समस्या बनी रही। 10 दिसंबर को टांके काटते समय भी संक्रमण को नजरअंदाज किया गया। बाद में हालत बिगड़ने पर दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन 19 दिसंबर को यह कहकर छुट्टी दे दी गई कि मरीज की आंतें कमजोर हैं। पीडित का कहना है कि लगातार दर्द बढ़ने पर अन्य जांच कराई गई, जिसमें पेट के अंदर बड़ा मवाद होने की जानकारी मिली। इसके बाद मरीज को जिला अस्पताल शामली, फिर पानीपत के निजी अस्पताल और अंततः एम्स ऋषिकेश में उपचार के लिए ले जाया गया, जहां 15 जनवरी 2026 को मरीज को डिस्चार्ज किया गया। आरोप लगाया कि पूर्व में किए गए ऑपरेशन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अस्पताल द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, जिससे आगे के उपचार में परेशानी हो रही है। उन्होंने मंडलायुक्त से अस्पताल की गहन जांच कराने, दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा मरीज के उपचार से संबंधित सभी मूल दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की है।मंडलायुक्त ने सीएमओ को मामले की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

## नाबालिग बच्चों के नाम के आगे संरक्षक के रूप में गलत नाम दर्ज कराने का आरोप

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

क्षेत्र के ग्राम जसाना उर्फ मस्तगढ़ निवासी एक महिला ने अपने नाबालिग बच्चों के नाम के आगे संरक्षक के रूप में गलत नाम दर्ज कराए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है। महिला शालू पत्नी स्व. धीरज ने बताया कि उनके पति की मृत्यु 6 जुलाई 2025 को हो गई थी। इसके बाद कृषि भूमि जसाना उर्फ मस्तगढ़ की विरासत उनके तथा उनके नाबालिग बच्चों पुत्री ध्रुवी और पुत्र रक्षित के नाम दर्ज हो गई। आरोप है कि बाद में उनके जेठ प्रदीप कुमार ने कथित रूप से जालसाजी कर बच्चों के नाम के आगे संरक्षक के रूप में अपना नाम दर्ज करा लिया, जबकि संरक्षिका के रूप में उनका नाम दर्ज होना चाहिए था। महिला का यह भी आरोप है कि इस संबंध में विरोध करने पर उन्हें और उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी गई।

डीएम मामले की जांच तहसीलदार को करने के निर्देश दिए है। साथ ही हेराफेरी में शामिल लोगों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

## फर्स्ट एनसीआर ओपन कराटे चैंपियनशिप में अद्विक सिंह ने जीता सिल्वर

**समाज जागरण**



शामली। शहर के बीएसएम स्कूल के कक्षा 4 के छात्र अद्विक सिंह ने फर्स्ट एनसीआर ओपन कराटे चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता जुनेत्सु शोतो कान कराटे डो फेडरेशन, फरीदाबाद द्वारा इंडोर स्पोर्ट्स ऑडिटोरियम, सेक्टर-23 फरीदाबाद हरियाणा में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न जिलों एवं राज्यों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अद्विक सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र के साथ सिल्वर मेडल प्राप्त किया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मेनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह तथा उप प्रधानाचार्या आशु पंडित सहित समस्त शिक्षकगणों ने छात्र को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि यह उपलब्धि छात्र की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों में भागीदारी भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है।

# मैडम प्रधानाचार्य करता है अवैध वसूली.... अब आपका ही सहारा...

**दलित शिक्षक की पत्नी ने प्रधानाचार्य पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप बीएसए और एकाउंटेंट पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया**

**समाज जागरण बागपत।**
ग्राम बुढ़ेडा के श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में तैनात दलित समाज के सहायक अध्यापक सुशील कुमार की पत्नी पूनम ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम इंसाफ के लिए गुहार लगाई है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य, बेसिक शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा विभाग के अकाउंटेंट पर मिलीभगत से भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अब तो केवल डीएम मैडम का ही सहारा है। डीएम से आस लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची सहायक अध्यापक सुशील कुमार की पत्नी पूनम ने बताया कि उनके पति ग्राम बुढ़ेडा के श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में तैनात है। आरोप है कि कॉलेज का प्रधानाचार्य बिना किसी कारण के उनके पति का 3 माह से वेतन रोके हुए हैं। आरोप यह भी है कि प्रधानाचार्य हाजिरी भरने के नाम पर शिक्षक से उगाही करता आ रहा है। पिछले दो माह से रिश्वत नहीं देने



पर पीड़िता के पति का वेतन रोक दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस भ्रष्टाचार में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। पीड़िता ने बताया कि वेतन रोके जाने के कारण उसका परिवार आर्थिक तंगी का शिकार हो गया है। इसका अलावा उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग के एओ ने उनके पति इंक्रीमेंट, बोनस और एसीपी भी रोक दिया है। इसी के साथ पीड़िता ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि दो दिन में उसके साथ न्याय नहीं हुआ तो वह सोमवार को अपने परिवार के साथ कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करेगी।

**जाति के भेदभाव का भी लगाया आरोप**

कलेक्ट्रेट पहुंची दलित समाज के सहायक अध्यापक की पत्नी पूनम ने ग्राम बुढ़ेडा के श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पर जातिगत के भेदभाव का आरोप भी लगाया है। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य अधिकतर कॉलेज में नहीं आता है। जबकि उसकी पति सहायक अध्यापक सुशील कुमार लगातार कॉलेज में उपस्थित रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य उनकी जाति के कारण उनके पति से द्वेष भावना रखते हैं। आरोप यह भी है कि प्रधानाचार्य शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से सांठ गांठ रखते है और कॉलेज में मनमानी करते है।

# बागपत में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन




**समाज जागरण बागपत।**
सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज बागपत में संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि क्षमा शर्मा राष्ट्रीय मंत्री अखिल भारतीय विधार्थी परिषद और मुख्य वक़्ता अनूप सम विभाग संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद रहे। मुख्य वक़्ता ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट करने, सनातन संस्कृति को संरक्षित करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का कार्य हिंदू समाज करता है। सनातन धर्म के मूल्यों धर्म, कर्म, संस्कार की रक्षा, युवा पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने, सामाजिक भेदभाव मिटाने और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जगाने पर कार्य हिंदू समाज को आगे आकर करना चाहिए। मुख्य अतिथि क्षमा शर्मा ने कहा कि सनातन परंपराओं, संस्कारों, योग और वेदों की रक्षा करना। युवा पीढ़ी को संस्कार- नई पीढ़ी को हिंदू धर्म के गौरवशाली इतिहास और जीवन पद्धति से अवगत कराना। राष्ट्र निर्माण में योगदान- देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र को सशक्त बनाने के संकल्प को बढ़ावा देना। विभिन्न वर्गों का संगम- समाज के हर वर्ग और क्षेत्र के लोगों को एक साथ लाने का कार्य हिंदू समाज करता है। सम्मेलन में बच्चो के द्वारा संस्करतिक कार्यकर्म का भी आयोजन किया गया। सम्मेलन में मंच संचालन जिला सह व्यवस्था प्रवीण सोम ने किया। इस दौरान जिला संघ चालक गजेंद्र आचार्य, जिला प्रचारक अनुज नगर कार्यवाह, राजकुमार नगर प्रचारक, अमित प्रकाश राणा, हरिशंकर सैनी, प्रमोद, अखिलेश, रजत उपाध्याय, सतीश खारी, गगन, अनिल आदि लोग उपस्थित रहे।

# तनु राजपूत को नेट जे आर एफ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर दी बधाईयां

**समाज जागरण**
बागपत। श्री राम कॉलेज आफ हायर एजुकेशन बागपत के प्रांगण में संचालित वाणिज्य विभाग की प्रवक्ता सुश्री तनु राजपूत को दिसंबर 2025 की यूजीसी नेट- जे आर एफ परीक्षा में 99 प्वाइंट 93 परसेंटाइल से उत्तीर्ण होने पर महाविद्यालय परिवार ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।आपको विदित होगा कि उक्त प्रवक्ता ने पहले भी चार बार नेट की परीक्षा को उतीर्ण किया



हुआ है, परंतु इस बार रिसर्च फेलोशिप के लिए एवं प्रवक्ता पद की भर्ती में चयन हेतू नेट जे आर एफ को उतीर्ण कर महाविद्यालय का गौरव बढाय़ा। महाविद्यालय प्रबंध समिति की ओर से अरविंद गुप्ता, वैभव मित्तल व प्रिंस सिंघल ने प्रवक्ता मैडम का उत्साह वर्धन किया तथा इसके अतिरिक्त महाविद्यालय परिवार से रोहित शर्मा विजय वर्मा हरीश चौहान पूजा चौहान गुलशन सौरव वर्मा डॉक्टर निरंजन सिंह रेखा चौहान काजल यादव व अनिरुद्ध शर्मा, हिमाशुं वत्स उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज ने की घुसकौर पंडित फिल्म की निंदा

**समाज जागरण बागपत।**
फिल्मी दुनिया वाले जरा हौस में हो ब्राह्मण जाति का अपमान करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं उक्त उद्घोष ब्राह्मण समाज की एक बैठक मे चौधरी उमेश शर्मा खाप खेकड़ा 360 ने व्यक्त किया। खेकड़ा नगर मे ब्राह्मण समाज के एक बैठक हुई जिसमे नेट फिलक्स पर रिलीज होने वाली फिल्म घूसखोर पंडत के टाइटल में भारतीय समाज के ब्राह्मण जाति का अपमान किया गया है। जिससे ब्राह्मण समाज में रोज व्याप्त है। इसी क्रम मे शनिवार को अशोक कौशिक के प्रतिष्ठान पर आयोजित ब्राह्मण समाज की बैठक में इस फिल्म के निमार्ता और अभिनेता की घोरनिंदा की गई और प्रदेश सरकार से इस फिल्म को पूर्णतः बैन कर, दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। चौधरी उमेश



शर्मा ने कहा कि फिल्मों द्वारा जो ब्राह्मण समाज का अपमान किया गया है। उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके निमार्ता नीरज पांडे, अभिनेता मनोज बाजपेई को शर्म आनी चाहिए। शौहरत के नशे में उन्होंने ब्राह्मण जाति का अपमान कर दिया। फिल्मों द्वारा वैसे भी भारतीय संस्कृति का दोहन ही किया जा रहा है और आने वाले नई पीढ़ी फिल्मों को देखकर गुमराह हो रही है। बैठक में कमल त्रिपाठी, योगेश कौशिक, प्रदीप कौशिक, संजय वशिष्ट, अखिलेश शास्त्री, देवेंद्र वशिष्ठ, डब्बू मेंबर, विजय शर्मा आदि ने इस फिल्म की घोर निंदा करते हुए सरकार से इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की।

# बागपत पालिका चेयरमैन समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, घोटाले से संबंधित फाइल चोरी का मामला

**करीब तीन महीने पहले शासन से मांगी गई थी फाइल। अन्य मामले में ब्लॉक प्रमुख-जिपं सदस्य विवाद की सीओ करेंगी जांच।**

**समाज जागरण**

बागपत। नगर पालिका परिषद कार्यालय से श्मशान घाट निर्माण के घोटाले से संबंधित फाइल के चोरी होने के मामले में चेयरमैन एडवोकेट राजुद्दीन, पूर्व ईओ सुदर्शन चंद्रा, पूर्व जेई मुरलीधर व वरिष्ठ लिपिक महेश शर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। बागपत के पक्का घाट के पास वर्ष 2015-16 में करीब 98 लाख रुपये की धनराशि से श्मशान घाट का निर्माण कराया गया था। दिसंबर 2022 में श्मशान घाट निर्माण में घोटाले का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी। प्रशासन की जांच में घोटाला होने प्रतीत हुआ था। इसमे शामिल चेयरमैन व अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी गई थी। मामला लंबे समय लंबित रहा। करीब तीन महीने पहले फाइल शासन में मांगी गई। तलाश की गई तो फाइल कार्यालय से गायब मिली। खोजने के बाद भी कहीं पता नहीं चला। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई।

उच्च अधिकारियों के आदेश पर अधि शासी अधिकारी केके भड़ाना ने बागपत कोतवाली में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि विवेचना के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लाक प्रमुख व जिपं सदस्य के विवाद की सीओ करेंगी जांच

**समाज जागरण**
बागपत। ब्लाक में गत चार फरवरी को क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक होनी थी, जिसमें ब्लाक प्रमुख सुनीता वाल्मीकि और जिला पंचायत सदस्य रविंद्र बली पक्ष में विवाद हो गया था। ब्लाक प्रमुख सुनीता ने अपशब्द बोलने, धक्का-मुक्की का प्रयास तथा कलक्ट्रेट जाते समय गाड़ी का पीछा करने का विपक्षी पर आरोप लगाया। जिला पंचायत सदस्य रविंद्र बली का कहना है कि वह जब मीटिंग के लिए ब्लाक में गए तो उस समय ब्लाक प्रमुख और दो-तीन बीडीसी का काम को लेकर विवाद हो रहा था। कोरम पूर्ण न होने की वजह से मीटिंग नहीं हो सकी। ब्लाक प्रमुख द्वारा षडयंत्र के तहत उन पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। उनके साथ आए एक अन्य व्यक्ति ने भी ब्लाक प्रमुख पर रुपये के लेनदेन के विवाद में झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाया है। इस संबंध में शुक्रवार को दोनों पक्षों ने एसपी सूरज कुमार राय से शिकायत की। एसपी का कहना है कि बागपत सीओ अंशु जैन को जांच सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# रालोद के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत समारोह आयोजित

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) राष्ट्रीय लोकदल द्वारा नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक के स्वागत में शनिवार को भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत यात्रा एलम से प्रारंभ होकर शामली स्थित पार्टी कार्यालय तक निकाली गई, जहां विभिन्न स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने की। पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चेयरमैन, थानाभवन विधायक अशरफ अली खान, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व विधायक राव वारिस ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी व विधायक अशरफ अली ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों




और आम जनता की आवाज है तथा तरसपाल मलिक के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक ने कहा कि वह संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं के सम्मान और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकता और मजबूती के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में अनवार चौधरी, ऋषिराज राझड़, सोहनपाल, हरेंद्र ताना, मुकेश सैनी, सतबीर पंवार, विजय मलिक, अरविंद पंवार, उमेश पंवार, देशराज, बिजेंद्र मलिक, सतेंद्र, धर्मवीर चेयरमैन बनत, विक्रांत जावला, अरविंद झाल, शाहजमा खान मौजूद रहे।

# अधेड़ पर जानलेवा हमला, 22 घंटे बाद भी पुलिस ने नहीं दर्ज किए बयान, थाना प्रभारी बोले मुझे नही है जानकारी

**समाज जागरण**
कटनी। कटनी जिले के बरही थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। चोरी और हत्या जैसी वारदातों के बाद अब सरेराह जानलेवा हमले की घटनाओं ने पुलिस गश्त और सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। ताजा मामला बरही नगर के वार्ड क्रमांक 3 का है, जहां एक 51 वर्षीय व्यक्ति पर घात लगाकर जानलेवा हमला किया गया। घटना के 22 घंटे बीत जाने के बाद भी खाकी ने पीड़ित की सुध लेना मुनासिब नहीं समझा है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को वार्ड क्रमांक 3 निवासी संपत चौधरी (51 वर्ष) ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे जब वे अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में खड़े कुछ युवकों ने उनके सिर पर पीछे से पत्थर मार दिया। जब संपत ने वहां मौजूद जटिल और सागर नामक युवकों से पत्थर मारने के संबंध में पूछताछ की, तो उन्होंने जानकारी देने के बजाय गाली-गलौज शुरू कर दी।
विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से संपत चौधरी पर हमला बोल दिया। सिर पर गंभीर वार होने के कारण वे जमीन पर गिर पड़े, जिसके बाद भी आरोपियों ने उन पर बेरहमी से वार करना जारी रखा। हमले में पीड़ित के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल बरही के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया।

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर खड़े हुए सवाल**

हैरानी की बात यह है कि घटना को बीते 24 घंटे से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वही संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष कुमार डेहरिया का कहना है कि अगर बयान दर्ज करने में तेरी हुई है तो इसकी जांच कराई जाएगी और संबंधित पुलिस कर्मचारियों के ऊपर तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में बरही थाना प्रभारी का कहना है कि उन्हें घटना के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, इसी कारण अभी तक बयान दर्ज नहीं किए गए। दूसरी ओर, फरियादी ने दावा किया है कि घटना के तुरंत बाद उनके पुत्र चंदन और पुत्री मनीषा शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे थे, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें वापस भेज दिया। मामले में नया मोड़ देते हुए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राममणि पटेल ने बताया कि जैसे ही घायल अस्पताल पहुंचा, पुलिस को इसकी लिखित सूचना (तहरीर) भेज दी गई थी। मरीज की हालत गंभीर होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। वहीं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार डेहरिया ने स्पष्ट किया है कि यदि बयान दर्ज करने में देरी या लापरवाही हुई है, तो इसकी गहन जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने वाले संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध तथ्यों के आधार पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बंदरों का आतंक, स्कूली बच्चे और शिक्षक परेशान, पकड़वाने की मांग

**समाज जागरण**
बागपत। छपरौली थाना क्षेत्र के ख्वाजा नगला गांव में बंदरों का आतंक बढ़ रहा है। इससे प्राथमिक विद्यालय-1 के बच्चे और शिक्षक भयभीत हैं। बंदरों के हमले के कारण स्कूल आने-जाने में परेशानी हो रही है, जिससे पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य फिरदौस और अन्य शिक्षकों ने बताया कि बंदरों के डर से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। बच्चों में भय का माहौल है। शिक्षकों ने किसी बड़े हादसे की आशंका भी जताई है। कई बार बंदरों की अधिक संख्या के कारण शिक्षक और छात्र घंटों तक स्कूल के बाहर खड़े रहने को मजबूर हो जाते हैं। इसके बाद ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचते हैं और उनकी मदद से बच्चों व शिक्षकों को स्कूल के अंदर प्रवेश दिलाया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि बंदर गांव के कई लोगों पर हमला कर चुके हैं, जिनका इलाज सरकारी अस्पताल में कराया गया है। ग्रामीण भूपेंद्र, सुंदर, सविता और जावेद सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। गांव के लोग, शिक्षक और छात्र-छात्राएं बंदरों के आतंक से परेशान हैं और प्रशासन से जल्द से जल्द इन्हें पकड़वाने की अपील कर रहे हैं।

# विंध्य में बड़ा जीएसटी फजीर्वाड़ा उजागर सीधी, सतना और कटनी में 9 जगहों पर छापेमारी, 8 फर्में कागजों पर मिलीं

**समाज जागरण**
जबलपुर। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) आयुक्तालय, जबलपुर ने टैक्स चोरी और फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पास करने वाले बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय जीएसटी आयुक्त लोकेश लिल्हारे के नेतृत्व और निर्देशन में विभाग की एंटी इवेजन टीम ने सीधी, सतना और कटनी जिलों में नौ स्थानों पर एक साथ छापेमारी की।




**खुफिया जानकारी मिली थी-ः**

विभाग को खुफिया जानकारी मिली थी कि इन क्षेत्रों में कई ऐसी फर्में पंजीकृत हैं जो केवल कागजों पर चल रही हैं और इनका उपयोग कोयले की फर्जी बिलिंग कर गलत तरीके से आइटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) का लाभ उठाने के लिए किया जा रहा है। छापामार कार्रवाई के दौरान टीम को चौंकाने वाले तथ्य मिले। जांच की गई नौ फर्मों में से आठ फर्में अपने पंजीकृत पते पर अस्तित्वहीन यानी गैर-परिचालन की पाई गईं। इन फर्मों का मौके पर कोई नामो-निशान नहीं था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इनका गठन केवल सरकारी राजस्व को चूना लगाने के लिए किया गया था। बहरहाल, विभाग अब इन फर्मों द्वारा काटे गए बिलों और पास की गई आइटीसी की गहन जांच कर रहा है, ताकि राजस्व हानि का सही आकलन किया जा सके। कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ने स्पष्ट किया है कि टैक्स चोरी करने वालों और फजीर्वाड़ा करने वालों के खिलाफ विभाग की यह सख्ती आगे भी जारी रहेगी। इन फर्मों के खिलाफ की गई कार्रवाई-ः मेसर्स महादेव ट्रेडर्स (सीधी) मेसर्स मिश्रा ट्रेडिंग कंपनी (सीधी) मेसर्स गायत्री एंटरप्राइजेज (सीधी) मेसर्स जय श्री बालाजी कोल ट्रेडर्स (कटनी) मेसर्स रिशाल एसोसिएट्स (सतना) मेसर्स भव्यंश सेल्स एंड लाजिस्टिक्स (सतना) मेसर्स श्री बालाजी एसोसिएट (सीधी) मेसर्स कुमार ट्रेडिंग कंपनी (कटनी) मेसर्स आदित्य फिलिंग स्टेशन (सीधी)

# फ्रांस की शेरला संग सिंगरौली के संदीप ने लिए सात फेरे, हिंदू रीति-रिवाज से रचाया विवाह, सोशल मीडिया पर छाई प्रेम कहानी

**समाज जागरण**
सिंगरौली। जिला मुख्यालय बैढ़न के 'सिंगरौली पैलेस हेरिटेज होटल' में गुरुवार को भारत और फ्रांस की संस्कृति का एक अद्भुत मिलन देखने को मिला। यहां सिंगरौली के रहने वाले संदीप कुमार सिंह और फ्रांस की नागरिक शेरला पुलानीया ने हिंदू धर्म के पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार सात फेरे लिए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ यह विवाह अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।



**बेल्जियम में हुई थी मुलाकातः**

संदीप कुमार सिंह, जो मूल रूप से बैढ़न निवासी स्वर्गीय रमेश प्रसाद सिंह के पुत्र हैं, वर्तमान में बेल्जियम में आईटी कंसल्टेंसी का व्यवसाय करते हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर बैढ़न से ली और बाद में इंदौर व पुणे से अपनी उच्च शिक्षा (BCA/MCA) पूरी की। बेल्जियम में व्यवसाय के दौरान ही उनकी मुलाकात फ्रांस की शेरला पुलानीया से हुई। पहले दोनों के बीच दोस्ती हुई, जो धीरे-धीरे प्रेम में बदल गई और अंततः दोनों ने विवाह कर जन्म-जन्मांतर के बंधन में बंधने का फैसला लिया।

**भारतीय परंपरा और रीतियों की कायल हुईं शेरलाः**

फ्रांस से आई दुल्हन शेरला ने भारतीय संस्कृति और यहां के लोगों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हिंदू विवाह पद्धति काफी लंबी और गहरी है, जिसमें हर रीति-रिवाज का एक खास अर्थ होता है। शेरला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय लोग बहुत अच्छे और मददगार स्वभाव के होते हैं। इस खास शादी का गवाह बनने के लिए शेरला के परिवार और दोस्तों सहित लगभग 25 लोग फ्रांस से सिंगरौली पहुंचे थे।

**सीमाओं से परे रिश्तों की मिसालः**

इस अंतर-सांस्कृतिक विवाह को प्रेम की जीत और सीमाओं से परे एक अटूट रिश्ते की मिसाल माना जा रहा है। पारंपरिक हिंदू विधि-विधान से विदेशी बहू का गृह प्रवेश और विवाह संपन्न होना सिंगरौली के स्थानीय लोगों के बीच भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस अनोखी प्रेम कहानी और शादी की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रही हैं।

# अभिलाष शहडोल संजय अनूपपुर एवं राजेंद्र उमरिया के जिला प्रभारी

**समाज जागरण**
शहडोल। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सभी जिलों में भाजपा के प्रभारी बनाए गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के द्वारा प्रदेश की सभी जिलों के प्रभारी की घोषणा की गई है। जिसमें शहडोल जिले का प्रभारी अभिलाष पांडे को बनाया गया है। संजय साहू को अनूपपुर और राजेन्द्र पांडे को उमरिया जिले का प्रभारी बनाया गया है। कटनी जिले का प्रभारी सुजीत जैन और डिंडोरी का प्रभारी कमल प्रताप सिंह को बनाया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सिरसागंज में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, प्राप्त 35 शिकायतों में से 7 का कराया मौके पर ही निस्तारण।

**समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह**
फिरोजाबाद! सिरसागंज तहसील में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, जल निगम, पंचायती राज से संबंधित कुल 35 मामले आए जिसमें 7 का मौके पर निस्तारण किया गया, जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को कडे.शब्दों




में निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें, जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इस दौरान प्रेमचंद नामक प्रार्थी ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को तत्काल आदेशित कर उनकी समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया।
इसी तरह प्रार्थी नीरज कुमार ने चारागाह भूमि से अवैध कब्जा हटाने की बात कही, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिरसागंज को सम्पूर्ण मामले की जांच कर उसकी समस्या से निजात दिलाने हेतु आदेशित किया, इसी तरह परवीन नामक महिला ने राशन कार्ड से अपने परिवारजन के नाम कटने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाई करने के आदेश दिए, इसी तरह जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को गंभीरतापूर्ण सुनते हुए, उनके तत्काल निस्तारण के आदेश दिए, इस दौरान उपजिलाधिकारी सिरसागंज, तहसीलदार आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# दरोगा के साथ ल व हत्या के मामले में पांच आरोपियों को न्यायालय ने सुनाई सजा तीन आरोपियों को आजीवन कारावास व दो को हुई सात-सात साल की सजा।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। 2 अगस्त 2010 को थाना रसूलपुर में तैनात दरोगा राजवीर सिंह विवेचना के लिए कानपुर गए थे वहां से वापस लौटने के बाद फिरोजाबाद के ही थाना नगला खंगर क्षेत्र में अपने घर जा रहे थे इसी दौरान रास्ते में अज्ञात लोगों ने गिरकर उनकी सरकारी रिवाल्वर वह मोटरसाइकिल लूट ली और उनके गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में उनके बेटे ने थाना नगला खंगर में मुकदमा पंजीकृत कराया जिसमें 15 गवाह प्रस्तुत किए गए एडीजे 2 सर्वेश पांडेय की कोर्ट में ट्रायल हुआ जिसमें 3 लोगों के खिलाफ 302, 394 व 411 की चार्जशीट आई थी जिला आजीवन कारावास व 270000 रुपए अर्थ दंड भी लगाया गया है और उनके दो अन्य साथियों पर साथ-साथ साल की सजा वह डेढ़ लाख रुपए का जुमार्ना भी कोर्ट ने लगाया है।

# मारकुंडी प्राचीन हनुमान मंदिर प्रांगण स्थित अखाड़े में 15 फरवरी को होगा ग्रामीण कुश्ती का आयोजन

•~ महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर देखने को मिलेगा ग्रामीण पहलवानों का दांव -पेंच,कला और करतब

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र/वर्ष 2026 में वैदिक पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी रविवार को दोपहर 1बजे से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सदर विकासखंड के मारकुंडी ग्राम पंचायत स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर प्रांगण में स्थित अखाड़े में "ग्रामीण कुश्ती" का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ग्रामीण पहलवानों का दांव -पेंच, जोर आजमाइश, कला, करतब इत्यादि देखने को मिलेगा।

इस आशय की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान मारकुंडी उधम सिंह यादव एवं समाजसेवी सूरज सिंह यादव ने संयुक्त रूप से देते हुए उक्त निर्धारित तिथि को समयानुसार आयोजित ग्रामीण कुश्ती में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को पूर्णरूप से सफल बनाने की अपील की है ताकि ग्रामीण पहलवानों का मनोबल और हौसले को बढ़ाया जा सके तथा उन्हें प्रोत्साहन मिल सके।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अनुदेशक शिक्षकों में खुशी की लहर, एसएसए कार्यालय में मिठाई बांटकर मनाया जश्न

अधिकारों के लिए संगठित रहकर संघर्ष जारी रखने का लिया संकल्प

वर्षों से संघर्षरत अनुदेशकों के लिए बताया न्याय की जीत

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुदेशक शिक्षकों के हित में दिए गए ऐतिहासिक निर्णय से जिले भर के अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस महत्वपूर्ण फैसले को अनुदेशक शिक्षकों के लिए बड़ी सौगात बताते हुए परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सोनभद्र जिलाध्यक्ष रवीन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग के एसएसए कार्यालय परिसर में अनुदेशकों ने एकत्र होकर मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।इस अवसर पर अनुदेशक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे वर्षों से संघर्षरत अनुदेशकों के लिए न्याय की जीत बताया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अनुदेशकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और न्यायालय के इस फैसले को ऐतिहासिक करार दिया। इस मौके पर अनुदेशक संघ सोनभद्र जिलाध्यक्ष रवीन्द्र बहादुर सिंह, जिला महामंत्री हरिशंकर, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, करमा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुर्यनाथ कुशवाहा, करमा ब्लॉक सचिव इजहार अहमद सहित अन्य अनु देशक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अनुदेशक शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह निर्णय अनुदेशकों के लंबे संघर्ष, एकजुटता और धैर्य का परिणाम है। उन्होंने न्यायालय का आभार जताते हुए कहा कि इस फैसले से अनुदेशक शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा और वे और अधिक समर्पण भाव से अपने शैक्षिक दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।अंत में सभी अनुदेशकों ने संगठन को और मजबूत करने तथा अपने अधिकारों के लिए संगठित रहकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# छोटे मन से साधा गया लक्ष्य पूरा नहीं होता; डॉ0 प्रियंका

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड के भरकवाह स्थित बाबा बिहारी इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में शुक्रवार को कैरियर गाइडेंस सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिवेताम आयुर्वेद कंपनी की संस्थापक डॉ. प्रियंका ने छात्र- छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र मे कैरियर बनाने की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी और मेडिकल क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बड़े लक्ष्य को पाने के लिए शुरूआत भले ही छोटे स्तर पर हो, लेकिन सोच हमेशा बड़ी होनी ही चाहिए, तभी बड़े लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। छात्र-छात्राओं को बारहवीं मे दाखिला लेने के साथ ही जो पसन्द आये, अपना लक्ष्य सुनिश्चित कर लेना चाहिए, मन पर बोझ लेकर या छोटे मन से साधा गया लक्ष्य पूरा नहीं हो पाता है। वाराणसी से चलकर आये भारत के प्रसिद्ध आर्टिस्ट आर्यन एवं भारती ने विद्यार्थियों को कला क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों, मेहनत और रचनात्मकता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अनवरत अभ्यास से प्रविंणता आती है, कला का क्षेत्र बहुत ही ब्यापक है, इस क्षेत्र मे रोजगार के बहुत अवसर उपलब्ध हैं बच्चों को कला के क्षेत्र मे आगे आना चाहिए।

तीन सरकारी नौकरियों में सफलता प्राप्त कर चुके विनोद मौर्या ने विद्यार्थियों को सरकारी नौकरी की तैयारी की सही रणनीति, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक बी एन यादव ने सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्व, लक्ष्य निर्धारण और आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रबन्ध निदेशक अखिलेश यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन अजय कुमार ने किया, इस अवसर पर प्रवेश कुमार यादव, अनरूध प्रसाद, सुहानी पटेल, बबिता यादव, ज्ञान प्रकाश, प्रेम पाल, मुकेश कुमार, पूनम, किरन पांडेय, अर्पिता, काजल उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी की अभिनव पहल, तहसीलों में ही मिल रहा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह के निर्देशन में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसीलों में जनसुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक प्रभावी एवं अभिनव पहल की गई। इस पहल के अंतर्गत दिव्यांग प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण तथा खाद्यान्न राशन कार्ड निर्माण की सुविधा एक ही कैंप के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस कैंप में 13 दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर ही तैयार कर उन्हें जिलाधिकारी द्वारा स्वयं प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त करते ही दिव्यांग लाभार्थियों के चेहरों पर अलग ही प्रसन्नता देखने को मिली। लाभार्थियों ने इस पहल के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें प्रमाण पत्र बनवाने हेतु जिला मुख्यालय के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे समय और धन दोनों की बचत हुई है। इसी क्रम में लगभग 23 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फार्मर रजिस्ट्री का पंजीकरण कराया गया। निराश्रित महिला पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित लाभार्थियों का भी पेंशन पंजीकरण किया गया, जिससे उन्हें समय से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में शुरू की गई इस नई पहल की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। आमजन का कहना है कि प्रशासन की यह पहल जनहित में मील का पत्थर साबित हो रही है और शासन की योजनाएं अब सीधे पात्र लाभार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी पी0के0 कुमार राय, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव सहित सम्बंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने थाना दुद्धी का किया निरीक्षण, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह द्वारा दिनांक 07 .02.2026 को थाना दुद्धी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, सीसीटीवी, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति हेल्प डेस्क, पुलिस बैरक, भोजनालय आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा कार्यालय के अभिलेखों जैसे- अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उन्हें बेहतर व अद्यावधिक करते हुए उनके व्यवस्थित रख-रखाव, थाने पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल/वाहनों के संबंध में न्यायालय के निर्णयोपरांत विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, आईजीआरएस सन्दर्भों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित/ शिकायतकर्ता की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुनने व उनके प्रार्थना-पत्रों को रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत-प्रतिशत सुनवाई करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई करने, शस्त्रों का रख-रखाव व नियमित साफ-सफाई करने, मिशन शक्ति कक्ष/महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहा नुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने के साथ ही एंटी रोमियों टीम को अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गये ।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

उच्च अंक प्राप्त करने वाले 10 छात्र-छात्राओं को शील्ड, प्रमाण पत्र व पुस्तकें देकर किया गया सम्मानित

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र । जनपद सोनभद्र के विकासखंड चतरा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी चतरा अशोक कुमार सिंह की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विकासखंड चतरा के समस्त पूर्व माध्यमिक विद्यालयों से प्रत्येक विद्यालय के तीन-तीन छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने विज्ञान विषय से संबंधित प्रश्नों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उच्च अंक प्राप्त करने वाले 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष व मंडली मंत्री जनार्दन त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार स्वरूप बच्चों को शील्ड, प्रमाण पत्र एवं पुस्तकें प्रदान की गईं। इस अवसर पर शिक्षक नेता जनार्दन तिवारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संतोष देव पांडे (एआरपी), अनुपम दुबे (एआरपी), अशोक मिश्रा, सुकुर मोहम्मद, रामदास जायसवाल, समसुद्दीन, अशोक पांडे, श्याम सुंदर, ज्योति बाजपेई, नंदिनी सिंह सहित विकास खंड के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# कोन पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय गो-तस्कर गिरोह के सरगना सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार, 08 गोवंश बरामद

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में गो तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोन पुलिस द्वारा दिनांक 07.02.2026 को अन्तर्राज्यीय गो-तस्कर गिरोह के सरगना सहित कुल 03 अभियुक्तों को 08 गोवंश के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को जंगल के रास्ते पैदल



गोवंशों को ले जाते हुए पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे इन गोवंशों को मध्य प्रदेश के सिंगरौली क्षेत्र एवं ओबरा क्षेत्र से औने-पौने दामों पर खरीदकर, वध हेतु पश्चिम बंगाल भेजते थे तथा वहाँ उँचे दामों पर विक्रय करते थे। इस सम्बन्ध में थाना कोन पर मु0अ0सं0 23/26, धारा 3/5A/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण 01. धर्मेन्द्र यादव पुत्र इन्द्रजीत यादव निवासी परती, थाना केतार, जनपद गढ़वा (झारखण्ड) उम्र करीब 26 वर्ष। 02. सियाराम चेरो पुत्र शिवमूरत चेरो निवासी पड़रछ, थाना कोन, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष।03. इरशाद हुसैन पुत्र मुबारक हुसैन निवासी अकबरपुर (रोहतास), थाना रोहतास, जनपद रोहतास उम्र करीब 38 वर्ष।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील दुद्धी पर तहसील दिवस के अवसर पर जन-शिकायतों, की गई सुनवाई

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सोनभद्र बी0एन0 सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से तहसील दुद्धी में जन-शिकायतों की सुनवाई की गई। तहसील दिवस के दौरान उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। जिलाधिकारी सोनभद्र एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा निर्देशित किया गया कि भूमि संबंधी समस्त प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे फरियादियों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायोचित निस्तारण संभव हो सके। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा तहसील ओबरा में, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा द्वारा तहसील सदर में तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय द्वारा तहसील दुद्धी में जन-समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों के निस्तारण हेतु

# दुद्धी पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड पीड़ित को 11,966.22 रुपये की धनराशि कराई गई वापस

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**





सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना दुद्धी एवं थाना स्थानीय की साइबर टीम द्वारा एक साइबर फ्रॉड पीड़ित को उसकी धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई।आवेदक राहुल सिंह पुत्र वकील चन्द्र चौधरी, निवासी अमवार, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा टेलीग्राम ऐप पर जीरो टू हीरो चैनल के माध्यम से शेयर मार्केट में 30,000 रुपये निवेश करने पर 24 घंटे में 90,000 रुपये लाभ का लालच देकर उनके साथ साइबर फ्रॉड किया गया है। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा NCRP पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत कराई गई थी। पंजीकृत शिकायत में आवश्यक साक्ष्य संकलित करते हुए त्वरित कार्यवाही की गई तथा माननीय न्यायालय के आदेशानुसार संबंधित बैंकों से पत्राचार कर होल्ड की गई धनराशि 11,966.22 रुपये को आवेदक को सफलतापूर्वक वापस कराया गया।

धनराशि वापस कराने वाली टीम

प्र0नि0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह, थाना दुद्धी, सोनभद्र का0 मन्तोष कुमार, थाना दुद्धी, सोनभद्र म0का0 संध्या यादव, थाना दुद्धी, सोनभद्र

साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाना अथवा साइबर क्राइम थाना को सूचित करें।

# जिलाधिकारी ने ब्लॉक दुद्धी का किया औचक निरीक्षण, कार्यों में लापरवाही पर जताई नाराजगी

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज विकास खण्ड दुद्धी का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक मिशन प्रबंधकों द्वारा समूह गठन, खाता खोलने एवं भुगतान प्रक्रिया में हो रही धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है तथा सभी ब्लॉक मिशन प्रबंधकों का स्थानां तरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और यह जानकारी ली कि अब तक कितने मानव दिवस सृजित किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा के सभी स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त जिला धिकारी ने ब्लाक परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता सर्वोच्च प्राथ मिकता होनी चाहिए और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अवसर पर जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, नामित शरण डीसी, रविंद्र वीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 अदद मोटर साइकिल व 01 अदद स्कूटी बरामद

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में दिनांक 07.02.2026 को थाना चोपन पुलिस द्वारा डाला क्षेत्र में भ्रमण व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना चोपन जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 0049/26 धारा 303(2),317(2),317(5) बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तगण 01. मस्तू पुत्र सफीउल्ला निवासी डाला मार्केट शीतला मंदिर के पास थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 36 वर्ष 02. राकेश चौबे पुत्र अवधेश चौबे निवासी डाला शीतला मंदिर के पास थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी की एक 02 अदद मोटर साइकिल व 01 अदद स्कूटी बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण को विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम 01. उ0नि0 घनश्याम तिवारी, चौकी प्रभारी डाला थाना चोपन सोनभद्र । 02.हे0का0 छोटेलाल,चौकी डाला थाना चोपन सोनभद्र।03.हे0का0 राम सिंह चौकी डाला थाना चोपन सोनभद्र। 04.का0 गोबिन्द कुमार चौकी डाला थाना चोपन सोनभद्र।

# बाण सागर नहर के पूर्ण होने से मिजार्पुर, प्रयागराज के 150 लाख हेक्टे0 भूमि में बढ़ी सिंचन क्षमता, 1.70 लाख किसानों को मिला लाभ

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। फसलों की सिंचाई के संसाधनों में नहरों से सिचाई को सबसे अच्छा साधन माना गया है। नहरों का पानी भूमि से नहीं लिया जाता, बल्कि वर्षा के पानी को बाँध बनाकर रोका जाता है और फसली सीजन में आवश्यकतानुसार बाँध से पानी छोड़कर नहरों के माध्यम से किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाता है। नहर प्रणाली से कई लाभ होते हैं। नहरों के पानी से धरती में वाटर रिचार्ज होता रहता है। पशु-पक्षियों, वन्य जीवों को पीने का पानी मिलता रहता है। नहरों के किनारे वृक्षारोपण कर वनाच्छादन बढ़ाया जाता है। मछली व अन्य जलीय जीवों की संख्या में वृद्धि होती है। तालाब, पोखरों में पानी भरा जाता है। किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलता है। इसीलिए विभिन्न लाभों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने नहरों के सुधार, निर्माण सहित वांछित जल भण्डारण हेतु बांधों के निर्माण पर विशेष बल दिया है।

उत्तर प्रदेश का बुन्देलखण्ड व पठारी क्षेत्र सिंचाई साधनों के परम्परागत तरीके वर्षा, तालाब, कुओं के जल पर ही निर्भर रहा। इससे वर्षा कम होने पर किसानों को सिंचाई के लिए पानी पान नहीं मिलता था। किसान ज्यादातर कम पानी वाली मोटे अनाज, तिलहन, दलहन आदि की फसलें ही उगाते थे। देश का बाणसागर बांध मध्य प्रदेश राज्य के शहडोल जिले के देवलोंच नामक स्थान पर निर्मित अन्तर्राज्यीय बहुउद्देशीय वृहद नदी घाटी परियोजना है। यह बांध मध्य प्रदेश के सोन नदी पर बनाया गया है। इस बांध से उत्तर प्रदेश को सिंचाई के लिए नहर के माध्यम से पानी मिला है। बाणसागर नहर परियोजना उत्तर प्रदेश में वर्ष 1989-90 में प्रारम्भ हुई। प्रदेश की पठारी क्षेत्र में बनाई जा रही यह नहर परियोजना काफी मुश्किल भरा रहा, क्योंकि पत्थरों व मिट्टी को काटकर नहर बनाना एक चुनौती भरा कार्य रहा। बाणसागर नहर परियोजना जंगलों/वन क्षेत्र से होकर गुजरती है। इसलिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त करना भी जरूरी था। वन क्षेत्र से नहर निकलने के लिए जब समय से अनापत्ति/अनुमोदन वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से प्राप्त नहीं हुआ तो वर्ष 2002 में नहर निर्माण का कार्य रूक गया।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की लम्बित परियोजनाओं का परीक्षण कराते हुए उत्तर प्रदेश की बाणसागर नहर परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में सम्मिलित किया। भारत सरकार ने 2014 में सिंचाई परियोजना के अनुमोदन/ स्वीकृति के लिए वन एवं पर्यावरण नीति में आवश्यक संशोधन करते हुए अक्टूबर 2014 में स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके बाद नहर निर्माण कार्य तेजी से शुरू हुआ। विन्ध्य रेंज एवं प्रयागराज के असिंचित क्षेत्रों के किसानों के फसलोत्पादन के लिए किसानों के हितैषी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बाणसागर नहर परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के लिए सिंचाई विभाग के दायित्व में तेजी लाई। सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने दिन-रात मेहनत कर 3420.24 करोड रू० की वास्तविक लागत के इस परियोजना को वर्ष 2018 में पूर्ण कर दिया। नहर परियोजना पूर्ण होने पर भारत के मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 15 जुलाई, 2018 को बाणसागर नहर परियोजना का लोकार्पण कर किसानों की सदियों की इच्छा पूर्ण करते हुए उन्हें सिंचाई की सौगात दी। वर्षों से लम्बित किसानों के कल्याण एवं राष्ट्र के विकास में सहभागी बाणसागर नहर परियोजना को पूर्ण कराने का जो साहस व दृढ़ता पूर्व की किसी सरकार ने नहीं दिखाया, वह प्रदेश के किसानों के हितैषी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कर दिखाया।

बाणसागर नहर परियोजना के पूर्ण होने पर जनपद मिजार्पुर के 75309 हेक्टेयर भूमि के किसानों को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा मिली। उसी तरह जनपद प्रयागराज के 74823 हेक्टेयर भूमि में किसानों को फसलोत्पादन हेतु सिंचाई की सुविधा मिली है। इस तरह कुल 150132 हेक्टेयर भूमि के किसानों को अतिरिक्त सिंचाई की व्यवस्था प्रदेश सरकार ने किया है। उत्तर प्रदेश के यह ऐसे क्षेत्र है, जहां अक्सर वर्षा की अनिश्चितता रहने के कारण पीने के पानी व सूखे की समस्या आती रहती थी। किन्तु अब हर स्थिति से निपटने के लिए यह परियोजना सक्षम हो गई है। इस क्षेत्र के किसानों और जनता में उत्साह और उमंग जागृत हो गई है। अब किसान हर तरह की फसल उगा रहे हैं और उनका जीवन खुशहाल है।

वाण सागर नहर परियोजना के पूर्ण हो जाने पर 1.70 लाख से अधिक किसानों को मिली सिंचाई सुविधा से अन्नदाता किसान अब दोगुनी से अधिक फसल उत्पादन कर रहे हैं। राज्य सरकार सिंचाई प्रणालियों को अधिक से अधिक संसाधन उपलब्ध कराकर निरन्तर क्रियाशील कर रही है। इससे प्रदेश की सिंचन क्षमता में बढ़ोत्तरी के साथ फसल उत्पादन बढ़ना स्वाभाविक है। इस प्रकार किसानों की आय बढ़ाने में उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। पहले उत्पादित फसलों की अपेक्षा अब सिंचाई सुविधा होने से लगभग 5.50 लाख टन से अधिक अतिरिक्त फसल उत्पादन हो रहा है। इससे किसानों की आय में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है और वे राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन रहे हैं।

# वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार का फिर गर्जा बुल्डोजर

**समाज जागरण**



जतारा में वन भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के नेतृत्व में वन अमले ने शाहपुर गांव के जंगल में अवैध ईंट निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। जेसीबी मशीन की मदद से लगभग 50 हजार कच्ची ईंटें नष्ट की गईं और 10-12 हेक्टेयर वन क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र जतारा का संपूर्ण महिला और पुरुष वन अमला शामिल था। वन अपराध प्रकरण क्रमांक 268/14 दिनांक 06/02/2026 पंजीबद्ध किया गया है और अग्रिम विवेचना की जा रही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि शाहपुर गांव के जंगल में अवैध ईंट निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने वन अमले को जेसीबी मशीन के साथ मौके पर भेजा और कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि वन भूमि की सुरक्षा के लिए वे लगातार कार्रवाई करते रहेंगे। इस कार्रवाई से वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# मां नर्मदा के अनन्य भक्त दादा गुरु महाराज ने हजारों श्रद्धालुओं संग किया तट व जल परिवर्तन

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी अमरकंटक।**



पतित पावनी मां नर्मदा जी के अनन्य भक्त, नर्मदा पुत्र खंडवा के दादा धूनी वाले महाराज परंपरा के भैया जी सरकार, परम तपस्वी संत दादा गुरु महाराज ने आज प्रातः पवित्र नगरी अमरकंटक में हजारों समर्थकों एवं नर्मदा परिक्रमावासियों के साथ तट परिवर्तन एवं जल परिवर्तन की पावन धार्मिक परंपरा का श्रद्धापूर्वक निर्वहन किया। कार्यक्रम की शुरूआत उत्तर तट स्थित रामघाट में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां नर्मदा के पूजन-अर्चन एवं महा आरती से हुई। इसके पश्चात दादा गुरु महाराज ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल मंदिर में दर्शन कर उद्गम कुंड में विशेष पूजन किया। संस्कृत श्लोकों, मंत्रोच्चारण एवं नर्मदाष्टक संकल्प के साथ दादा गुरु महाराज ने उत्तर तट से दक्षिण तट स्थित नर्मदा कुंड में तट परिवर्तन एवं जल परिवर्तन किया। इस पावन अवसर पर उनके साथ उपस्थित हजारों नर्मदा परिक्रमावासियों एवं श्रद्धालुओं ने भी सामूहिक रूप से मां नर्मदा का पूजन-अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूजन कार्यक्रम का संचालन मां नर्मदा उद्गम स्थल परिसर में पुजारी उमेश द्विवेदी (बंटी महाराज), कामता प्रसाद द्विवेदी, नीलू महाराज एवं धनेश द्विवेदी (वंदे महाराज) द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। तट एवं जल परिवर्तन के उपरांत दादा गुरु महाराज अपने काफिले के साथ कबीर चबूतरा, करंजिया (जिला डिंडोरी) के लिए प्रस्थान कर गए। इस दौरान संपूर्ण परिसर हर-हर नर्मदे, नर्मदे हर और जय ओम मां, जय ओम मां के जयघोष से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया।

# पाली के शिव शक्ति कुटिया धाम में श्रीमद् भागवत कथा की होगी अमृत वर्षा

## बहु प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप कृष्ण जी के श्री मुख से बहेगी अमर कथा की गंगा

**समाज जागरण**



बिरसिंहपुर पाली :---- जिले के बिरसिंहपुर पाली में वार्ड नं. 02 में स्थित शिव शक्ति कुटिया धाम में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पूज्य पाद प्रदीप मिश्रा जी महाराज वृंदावन धाम की अमृत मयी भागवत कथा, भगवद चरित्रों का वर्णन श्री महराज जी के मुखारविंद से संपन्न होगी। पाली का प्रसिद्ध शिव शक्ति कुटिया धाम में पाली की महिला मंडल एवं समस्त सहयोगी जनों के कृत संकल्प से 8 फरवरी से 15 फरवरी के बीच संपन्न होगी। यह कथा 8 फरवरी से शुरू होकर अनवरत रूप से चलेंगी जिसकी पूणार्हुति रूद्राभिषेक और विशाल भंडारा का कार्यक्रम 15 फरवरी को पूर्ण होगा। इस आयोजन की शुरूआत 8 फरवरी को शोभा यात्रा से होगी और कथा का शुभारंभ 9 फरवरी को सुखदेव पूजन कुंती अस्ति चरित्र 10 फरवरी को ध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र कथा 11 फरवरी को वामन चरित्र राम चरित्र कृष्ण जन्मोत्सव 12 फरवरी को बाल लीला 56 भोग गोवर्धन पूजा 13 फरवरी को राम लीला रुक्मणी विवाह द्वारिका लीला 14 फरवरी को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष संपूर्ण भागवत चढौत्री एवं 15 फरवरी को रुद्राभिषेक एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

महिला मंडल के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, भागवत प्रेमियों से आग्रह किया है की इस पावन अवसर पर पहुँच कर आनन्द पूर्व क रसपान करें।

# भारतीय कोयला मजदूर संघ को लगा झटका

## बी एम एस के डेढ़ सौ लोगों ने एच एम एस का थमा दामन

**समाज जागरण**



उमरिया --- भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के चुनाव के समय से चल रही अर्न्त कलह के चलते बी एम एस के लगभग डेढ़ सौ श्रमिकों व बी एम एस के पदाधिकारियों ने भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के पदों से त्याग पत्र देकर हिन्द मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण कर ली है। विदित होवे की सितम्बर 2025 में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के चुनाव संपन्न हुये थे। चुनाव की निष्पक्षता को लेकर तीखे सवाल उठाये गये थे और भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के कतिपय वरिष्ठ पदाधिकारियों के ऊपर सीधे तौर पर मोल -तौल के आरोप पदाधिकारियों पर लगाये गये थे, और तभी से संघ के अन्दर सुलग रही आग की ज्वाला अंततः भड़क रही थी, फिर भी श्रमिकों और पदा धिकारियों ने फिर भी संयुक्त सलाह कार समिति के गठन तक लोग तेल और उसकी धार का इंतजार करते रहे थे, जैसे ही संयुक्त सलाहकार कमेटी बनाई गई उसी समय आग की लपटें बाहर निकल आयी और भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के 140 लोगों ने संघ की प्राथमिकता से त्याग पत्र दे दिया था। भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ का संग त्याग कर लोगों ने एच एम एस के जे बी बी आई सी के सदस्य नाथूराम पाण्डेय के उपस्थित में धनंजय श्रीवास्तव पूर्व कंपनी सेफ्टी बोर्ड सदस्य, प्रमोद श्रीवास्तव पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष जोहिला क्षेत्र, अशोक तिवारी पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष जोहिला क्षेत्र, दिनेश तिवारी पूर्व महामंत्री जोहिला क्षेत्र, विजय गुप्ता सचिव पाली यूनिट, राम संकट पूर्व सचिव कुदरी आदि पदा धिकारियों ने एच एम एस की सदस्यता ग्रहण की है। विदित होवे की त्याग, तपस्या के पथ पर चलने वाली भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ में बैठे कतिपय पदाधिकारियों की भष्ट कार्य शैली के चलते आज बी एम एस में विघटन की स्थिति बन गयी है, जो बेहद चिंता जनक है, आखिर कार बी एम एस के इस दुर्गति के कारणों पर शिखर पर बैठे पदाधिकारियों को मनन, चिंतन कर बी एम एस के अन्दर अराजक स्थित को सुधारने आवश्यक कदम उठायेगे।

# उप मुख्यमंत्री ने गुरूकुल विद्यालय से खैरा तक सड़क चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा की

## सड़क चौड़ीकरण के लिए किसानों की सहमति से जमीन की जाएगी अधिग्रहीत

**समाज जागरण**



रीवा। उप. मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुरूकुल विद्यालय से खैरा तक सड़क के चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सड़क रीवा एयरपोर्ट को सिलपरा-बेला रिंग रोड से जोड़ेगी। सड़क चौड़ीकरण में आने वाली जमीनों के लिए चोरहटा, रघुनाथपुर व खैरा गांव के किसानों ने अपनी सहमति दी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे को जोड़ने वाली सड़क के बन जाने से किसानों की शेष जमीनों का भी मूल्य बढ़ेगा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में किसानों ने कहा कि हम सब रीवा के विकास में उप मुख्यमंत्री जी के साथ हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपसी सहमति से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया कम से कम समय में पूरी हो जाएगी और किसानों को उनकी अधिग्रहीत जमीन का उचित मुआवजा भी शीघ्र मिल जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर अतिशीघ्र प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए। श्री शुक्ल ने कहा कि सिलपरा-बेला रिंग रोड निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। आगामी अप्रैल माह में इसका लोकार्पण हो जाएगा। रिंग रोड के लोकार्पण से पूर्व ही गुरूकुल से खैरा होकर बनने वाली सड़क का चौड़ीकरण कार्य भी पूरा करा लिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि 9 एवं 10 फरवरी को शिविर आयोजित कर किसानों से सहमति पत्र लेकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं ताकि शीघ्र ही जमीन का अधिग्रहण किया जाकर नियत समय में चौड़ीकरण कार्य किया जा सके। बैठक में ढेकहा तिराहा के चौड़ीकरण तथा एयरपोर्ट विस्तार कार्य पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा संबंधित गांवों के किसान उपस्थित रहे।

# शहडोल में विकास और आस्था का संगम: सीएम मोहन यादव देंगे 767 करोड़ की सौगात

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी शहडोल**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 फरवरी को शहडोल जिले के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं, जिसे विकास और आस्था के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अपने इस प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जिले को 767 करोड़ रुपये के 142 विकास कार्यों की सौगात देंगे और धार्मिक महत्व वाले स्थलों पर भी कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री अपने दौरे की शुरूआत धनपुरी नगर पालिका क्षेत्र से करेंगे, जहां लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से 10 एकड़ क्षेत्र में निर्मित अत्याधुनिक और सर्वसुविधायुक्त धनपुरी वाटर पार्क का लोकार्पण करेंगे। यह वाटर पार्क जिले के लोगों के लिए मनोरंजन, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने वाला केंद्र माना जा रहा है। स्थानीय प्रशासन को उम्मीद है कि इससे आसपास के क्षेत्रों से भी पर्यटक आकर्षित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

इसके बाद मुख्यमंत्री जयसिंहनगर जनपद क्षेत्र के ग्राम गंधिया स्थित पवित्र सीतामढ़ी धाम पहुंचेंगे, जहां माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। यह स्थल श्रीराम वनपथ गमन मार्ग का एक प्रमुख पड़ाव माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम वनगमन के दौरान माता सीता और लक्ष्मण के साथ यहां विश्राम के लिए रुके थे। इसी कारण यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र है और यहां बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान जिले में कुल 142 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जाएगा। इनमें 633 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए 82 कार्यों का लोकार्पण और 134 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 60 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इन परियोजनाओं में सड़क, भवन, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य प्रमुख रूप से शामिल बताए जा रहे हैं। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के अनुसार, मुख्यमंत्री का यह दौरा शहडोल जिले के सर्वांगीण विकास को नई गति देगा। साथ ही सीतामढ़ी धाम में होने वाला धार्मिक कार्यक्रम क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को और सुदृढ़ करेगा। प्रशासन द्वारा कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

मुख्यमंत्री के इस दौरे से जहां एक ओर जिले को विकास की बड़ी सौगात मिलेगी, वहीं धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे आने वाले समय में शहडोल क्षेत्र की पहचान और अधिक मजबूत होगी।

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा केंद्रीय बजट-सांसद हिमाद्री सिंह जी

## अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट २०२६-२७ को लेकर पत्रकार वार्ता संपन्न

**समाज जागरण**




शहडोल। भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल के द्वारा आज 7 फरवरी को शहडोल कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में शहडोल लोकसभा क्षेत्र की संसद श्रीमती हिमाद्री सिंह जी, एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जी,भाजपा जिलाअध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं बजट कार्यक्रम के संयोजक मनोज गुप्ता ,उपाध्यक्ष संतोष लोहानी जिला महामंत्री अमित मिश्रा,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट प्रेस वार्ता में उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह जी ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज है। गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं। यह सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है, जो मध्यप्रदेश सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा। केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण और 12.2 लाख करोड़ के कैपिटल एक्स पेंडिचर का प्रावधान किया गया है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश राशि को 22,500 करोड़ से बढ़ाकर 40,000 करोड़ करने का प्रस्ताव है। यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में होगा उल्लेखनीय सुधार**

स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की 17 दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी शून्य कर दी गई है। एक लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स की नियुक्ति, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान और हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिला अस्पतालों का उन्नयन कर उनमें ट्रामा सेंटर स्थापित करने संबंधी प्रावधान स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार लाएंगे। महिलाओं के लिए हर जिले में हॉस्टल, डेढ़ लाख केयर वर्कर्स और पेंशनर्स को सुविधाएं देने का भी प्रावधान है।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती**

यह बजट भारत को आने वाले वर्षों में विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, और बजट 2026 उसी भरोसे और दूरदृष्टि का प्रमाण है। यह केंद्रीय बजट देश के आर्थिक विकास के साथ ह्लरिफॉर्म एक्सप्रेसह्ल की रफ्तार को भी दिखा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट तात्कालिक प्रभाव से अधिक अगले 10-20 वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला है। यह बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा।

**युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका**

सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में 15 हजार माध्यमिक शालाओं में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और ह्यखेलो इंडियाह्ल के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की गई हैं। क्रिएटर लैब युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों का बजट सिर्फ लोक लुभावन रहता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का यह बजट दूरदर्शी और विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने वाला है। इसके अलावा सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह जी ने पत्रकारों के सवालों का भी बखूबी जवाब दिया साथ ही स्थानीय मुद्दों को लेकर पत्रकारों से चर्चा की गई इस दौरान जिले भर के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार गण पत्रकार वार्ता में उपस्थित रहे इस दौरान पत्रकार वार्ता का संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने किया तो वहीं आभार भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी द्वारा किया गया।

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा केंद्रीय बजटः प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा सिंह

**समाज जागरण**




अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला अनूपपुर के द्वारा 7 फरवरी शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के उपस्थिति में केंद्रीय बजट 2026-27 के विषय में पत्रकार वार्ता को संबोधित बोधित किया । पत्रकार वार्ता संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जय सिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज है। गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं। यह सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दशार्ता है, जो मध्यप्रदेश सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा। केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण और 12.2 लाख करोड़ के कैपिटल एक्स पेंडिचर का प्रावधान किया गया है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश राशि को 22,500 करोड़ से बढ़ाकर 40,000 करोड़ करने का प्रस्ताव है। यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में होगा उल्लेखनीय सुधार**

स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की 17 दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी शून्य कर दी गई है। एक लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स की नियुक्ति, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान और हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिला अस्पतालों का उन्नयन कर उनमें ट्रामा सेंटर स्थापित करने संबंधी प्रावधान स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार लाएंगे। महिलाओं के लिए हर जिले में हॉस्टल, डेढ़ लाख केयर वर्कर्स और पेंशनर्स को सुविधाएं देने का भी प्रावधान है।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती**

यह बजट भारत को आने वाले वर्षों में विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, और बजट 2026 उसी भरोसे और दूरदृष्टि का प्रमाण है। यह केंद्रीय बजट देश के आर्थिक विकास के साथ रिफॉर्म एक्सप्रेस की रफ्तार को भी दिखा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट तात्कालिक प्रभाव से अधिक अगले 10-20 वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला है। यह बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा।

**युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका**

श्रीमती सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में 15 हजार माध्यमिक शालाओं में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और ह्यखेलो इंडिया के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की गई हैं। क्रिएटर लैब युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों का बजट सिर्फ लोक लुभावन रहता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का यह बजट दूरदर्शी और विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने वाला है। पत्रकारों के द्वारा अनूपपुर जिले के स्थानीय विकास एवं मुद्दों को लेकर चर्चा हुआ श्रीमती सिंह जी ने पत्रकारों के सवालों का भी बखूबी जवाब दिया है। पत्रकार वार्ता कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय बजट 2026-27 के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र भट्ट , जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह, श्यामनारायण शुक्ला, जिला मीडिया सह प्रभारी श्रीराम केवट एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार साथी उपस्थित रहे ।

# सतना में शर्मसार हुई मानवता : बच्चों ने किलकारी सुन बचाई नवजात की जान

**समाज जागरण**



सतना। जिला के भरहुत गांव से एक बार फिर मानवता को शर्मशार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक मां ने नवजात बच्चे को जन्म देने के बाद जंगल में छोडकर भाग गई। नवजात को भरहुत स्थित पुरातत्व विभाग की बाउंड्रीवाल के भीतर, एक कपड़े में लपेटकर बोरे में डालकर छोड़ दिया गया था। शनिवार की सुबह कुछ छोटे बच्चें भरहुत स्थल की बाउंड्री के अंदर जाकर खेल रहे थे, तभी कुछ बच्चों ने किसी बच्चे की किलकारी सुनी ओर खोजते हुए उसके पास तक पहुंच गए। कुछ बच्चे नवजात की सुरक्षा के लिए वहीं रुक गए तो बाकी भागते हुए आकर गांव के बड़े बुजुर्गों की इसकी जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर गांव की सरपंच माया देवी ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचकर देखा और पुलिस को सूचना दी। सरपंच की सूचना पर उंचेहरा थाना से सहायक उपनिरीक्षक संतोष सिंह, आरक्षक संतोष वर्मा, कौशल गुर्जर एवं आरक्षक शिवानी मेहरा तत्काल भरहुत गांव पहुंचे और नवजात को सुरक्षित निकालकर सिविल अस्पताल उंचेहरा में भर्ती कराया गया। अस्पताल में महिला चिकित्सक एवं विकासखंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा नवजात का परीक्षण किया गया, जिसमें बच्चे को पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ बताया गया है। समय पर उपचार मिलने से नवजात की जान बच सकी। इस हृदयविदारक घटना के बीच सरपंच माया देवी की ममता जाग उठी। वे सुबह से नवजात की अपने पुत्र की तरह देखभाल और सेवा करती नजर आईं।

**डेढ़ घंटे पहले ही जन्मा था बच्चाः**

सिविल अस्पताल उचेहरा में मौजूद महिला चिकित्सक और विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बच्चा अस्पताल आने के डेढ़ से दो घंटे पहले ही जन्मा था। डॉक्टर के मुताबिक, नवजात की नाल तक नहीं कटी थी और शरीर पर गंदगी लगी हुई थी। बच्चे की पूरी साफ-सफाई अस्पताल में की गई। डॉक्टर ने कहा कि यदि थोड़ी भी देर हो जाती तो बच्चे की जान जा सकती थी फिलहाल नवजात को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों के अनुसार समय पर उपचार मिलने से बच्चा सुरक्षित है। बच्चे का वजन साढ़े 3 किलो है और वह पूरी तरह स्वस्थ्य है। बच्चे को अस्पताल में जन्म के तुरंत बाद की फीडिंग भी कराई गई है। बच्चे को एससीएनयू वार्ड में भर्ती कराकर जिला अस्पताल सतना भेजा गया है। बीएमओ के अनुसार अस्पताल लाने के डेढ़ घंटे पहले ही बच्चे ने जन्म लिया है।

# सतना-मैहर के बीच झूल रहा रामनगर परिक्षेत्र, ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल से गायब सान्दीपनि विद्यालय का नाम

**समाज जागरण**

मैहर। मैहर जिला के मॉडल एवं उत्कृष्ट विद्यालयों की प्रवेश चयन परीक्षा रविवार को आयोजित की जाएगी, लेकिन उससे पहले ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी के कारण रामनगर परिक्षेत्र के परीक्षार्थियों व अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बन गई है। इस संबंध में परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों के अनुसार कक्षा 9 में प्रवेश हेतु मॉडल/एक्सीलेंस विद्यालय की चयन परीक्षा रविवार को सुबह 11 बजे से आयोजित होगी, जिसमें परीक्षार्थियों को सुबह 10 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा। समस्या यह है कि ऑनलाइन पोर्टल पर परीक्षा केंद्र का सही अपडेशन नहीं हुआ है, जिससे प्रवेश पत्रों में पूर्व का पता प्रिंट होकर आ गया है। दरअसल, वर्तमान परीक्षा केंद्र शासकीय सान्दीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामनगर (जिला मैहर) है, जो रीवा रोड स्थित आईटीआई के पास संचालित है। जबकि कई परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्रों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर, जिला सतना अंकित है। इस विसंगति के कारण दूरदराज से आने वाले अभिभावकों व परीक्षार्थियों को छोटी सी जानकारी की कमी, बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। बताया जा रहा है कि इस परीक्षा में विकासखंड क्षेत्र के लगभग 200 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनकी पूर्व तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को आयोजित होने वाली कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में रामनगर जनपद शिक्षा परिक्षेत्र के कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। जागरुक करने में जुटा विद्यालय प्रबंधनः रामनगर स्थित शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑनलाइन परीक्षा केंद्र में समय पर अपडेशन न होने से गफलत की स्थिति बनी हुई है, हालांकि परीक्षा केंद्र केवल शासकीय सान्दीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर ही रहेगा। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन सभी परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें अवगत कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि परीक्षा परिणाम मेरिट के आधार पर घोषित किया जाएगा, जिसके बाद चयनित विद्यार्थियों को विकासखंड स्तर पर संचालित सर्वसुविधायुक्त शासकीय मॉडल/एक्सीलेंस विद्यालयों में अध्ययन का अवसर प्राप्त होगा। कई बार नाम बदलने से उत्पन्न यह स्थितिः मध्य प्रदेश शासन द्वारा शासकीय विद्यालयों के कई बार नाम परिवर्तन कराए गए। जिसके अनुसार वर्ष 2000 में यह विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर था, जो क्रमशः वर्ष 2003 में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर फिर सीएम राइज स्कूल और वर्ष 2023 में इसे बदलते हुए इन्हें संदीपनी विद्यालय कर दिया गया। लेकिन इन बदलावों को कई बार आन लाइन पोर्टलों में नहीं सुधारा जाता है। जिसके चलते ऐसी गलतियां सामने आती है।

# तनावमुक्त होकर अपने पैटर्न पर बच्चे भरोसा कर परीक्षा की तैयारी करें: डॉ0 ओ0पी0 द्विवेदी

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। शिक्षा सिर्फ परीक्षाओं के लिए नहीं बल्कि जीवन मे खुद को जांचने के लिए होती है। मन को परीक्षा के अंकों से जोड़ने के बजाय जीवन में सफलता पर फोकस करना चाहिए।तनावमुक्त होकर अपने पैटर्न पर भरोसा कर परीक्षा की तैयारी करें।

उक्त बातें एस0 आर0 प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल में छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह में आयोजित वीरांगना कार्यक्रम के प्रस्तुति के पश्चात मुख्य अतिथि भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय एनसीटीई के मेंटर डॉ0 पूर्व प्राचार्य स्वामी देवानन्द पोस्ट ग्रेजुएट कालेज ओमप्रकाश द्विवेदी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। विद्यालय की ओर से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि डॉ0 रितिका दुबे ने कहा कि परीक्षा के लिए तैयारी करने के क्रम में
स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की अपने अंदर क्षमता विकसित करते हुए स्वयं के प्रति जिम्मेदारी संभालते हुए फेश करें सफलता जीवन का मूल मन्तव्य बनी रहे।

विदाई समारोह में विद्यालय के निदेशक कौशलेन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि परीक्षा के दौरान पठन पाठन और पर्याप्त आहार लेने पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। चिन्त नमुक्त अपने को बनाये रखें।

धन्यवाद देते हुए डॉ0 सीमा सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में सुभिक्षा देव व नंदिनी को स्टार ऑफ ईयर घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य आर0 पी0 सिंह ने किया।सहयोग देवांश राय, जागृति, मधु सिंह व भाविका राय द्वारा किया गया।

# अंडर-19विश्व कप फाइनल में भारत की जीत के लिए हनुमान मन्दिर पर हुआ पूजन हनुमान चालीसा पाठ ,बटे प्रसाद

*भारत ने छठी बार विश्व कप किया अपने नाम।

**समाज जागरण अनिल कुमार**





हरहुआ वाराणसी । इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप में भारत की अद्वितीय व शानदार जीत के लिए शनिवार को सातो महुआ व हरहुआ स्थित हनुमान मन्दिर
पर विशेष पूजन-अर्चन कर हनुमान चालीसा व सुंदर कांड का पाठ किया गया।

इस आयोजन की पहल भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा'अजय' व हरहुआ चौराहे पर व्यापार मंडल हरहुआ महामन्त्री वीरेंद्र गुप्ता ने किया।

हनुमान मंदिर पर बैट ,हेलमेट रखकर सर्वप्रथम हनुमान जी को माला-पुष्प,लड्डू अर्पित कर आरती उतारी गई उसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वैभव सूर्यवंशी के सिर्फ 80 गेंदों में 15 छक्के और 15 चौका लगाकर भारत का ग्लेडियर वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रचते हुए 100 रनों से विश्व कप भारत के नाम कर लिया। ऐसे उदीयमान ,होनहार खिलाड़ी को भविष्य में और ऊंचाइयों के लिए हनुमान जी से कामना किया।

भाजपा मण्डल अध्यक्ष अशुतोष मिश्रा 'अजय' व व्यापार मंडल अध्यक्ष व जय श्री राम सेवा समिति संस्थान हरहुआ के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अंडर- 19 भारतीय क्रिकेट का फाइनल मैच इंग्लैंड को हराकर बड़ी सफलता देकर देश का गौरव बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया है। इससे विश्व स्तर पर देश के प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा बधाई के साथ सन्देश युवाओं के लिए बहुत बड़ी कामयाबी का मंत्र बना है।

मंदिर पर प्रमुख रूप से अभय मौर्य, विशाल पटेल,सचिन दुबे, अरुणेंद्र सिंह ,राकेश गुप्ता ,राजेन्द्र गुप्ता ,अमित कुमार सिंह 'नीलू' प्रधान, अपरबल सिंह ,अनिल पांडेय ,मनोज पटेल, अरविंद कुमार ,अरुण तिवारी,आशीष कुमार ,जयचंद मोदनवाल ,मोहन गुप्ता, पंकज मौर्य ,अनिल विश्वकर्मा सहित क्षेत्र के युवा खिलाड़ी ,सम्मा नितजन उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि खेल जगत में मोदी जी के नेतृत्व में देश रिकार्ड बना रहा है।

भारत की साख विश्व खेल जगत मे कायम रहे। भारत विश्व गुरु के रूप में सदैव पूज्यमान रहे सभी ने मंगल कामना की।

अंत में मन्दिर परिसर में लड्डू, खिचड़ी प्रसाद का वितरण हुआ। सैकड़ों युवाओं व भक्तजनों ने खुशियां आतिशबाजी के साथ मनाई।

# गैस टैंकर में भिड़ी बाइक युवक की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**

सेवापुरी में एक गैस टैंकर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा शनिवार दोपहर करीब 1 बजे कपसेठी थाना क्षेत्र के इसरवार गांव के पास हुआ।मृतक की पहचान भदोही जनपद के चौरी थाना क्षेत्र स्थित मई हरदोपट्टी निवासी राजकुमार (30) के रूप में हुई है। वह अपने भांजे अजय कुमार बनवासी (निवासी सरैया, भदोही) के साथ कपसेठी थाना क्षेत्र के इसरवार गांव में अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे।भारत गैस प्लांट के पास पहुंचते ही गैस लदे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद घायल मामा-भांजे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाथी बाजार पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि अजय कुमार को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दी।क्षेत्रीय ग्रामीणों के अनुसार, गैस प्लांट के आसपास ट्रक चालकों द्वारा लापरवाही से वाहन चलाने के कारण अब तक लगभग चार मौतें हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने ट्रक चालकों पर लगाम लगाने की मांग की है।

# यह विदाई नहीं ,सपनों की शुरुआत सफलता ,साहस का उत्सव है

*सपने देखो ,मेहनत से दुनिया मे पहचान बनाने पर दिया जोर।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी गांगकला स्थित त्रिपदा पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 वीं के सम्मान में भावनात्मक, प्रेरणादायक एवं यादगार विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केवल विदाई नहीं, बल्कि सपनों की उड़ान की शुरूआत का उत्सव था। उनके उज्ज्वल भविष्य एवं

मंगलमय जीवन की कामना करते हुए प्रबंधक कन्हैया लाल पटेल द्वारा इस अवसर पर विधि-विधान एवं रीति- रिवाजों के अनुसार पूजन-पाठ संपन्न कराया गया । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हेड बॉय वैभव पाण्डेय, हेड गर्ल रिया, स्कूल कप्तान हरिओम पटेल, निहारिका पटेल तथा वाइस कप्तान प्रखर और रुपरेखा पटेल ने संयुक्त रूप से किया। कक्षा 11वीं के छात्रों ने गीत, नृत्य, कविता, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने सीनियर्स के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। हर प्रस्तुति में अपनापन और यादों की मिठास झलक रही थी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप सिंह एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो सपने देखने के साथ-साथ उन्हें पूरा करने का साहस रखते हैं। उन्होंने छात्रों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान स्मृति-चिन्ह एवं शुभकामनाओं के साथ सीनियर्स को सम्मानित किया गया। पूरे वातावरण में खुशी, गर्व और भावुकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।अंत में कक्षा 12वीं के हेड बॉय विष्णुदत्त मिश्रा एवं हेड गर्ल आर्या ने विद्यालय में बिताए अपने अनमोल पलों को याद करते हुए कहा कि त्रिपदा पब्लिक स्कूल ने उन्हें केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन जीने की दिशा भी दी।

**यह विदाई नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है**

आगे बढ़ो, सपने देखो, और अपनी मेहनत से दुनिया में अपनी पहचान बनाओ। इस मौके पर विद्यालय के उप प्रबंधक प्रेमचंद सिंह सह निदेशक प्रमिला वर्मा एवं उप प्रधानाचार्य शिवशंकर मौर्या सहित विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित रहे

# विशेष किशोर पुलिस ईकाई एंव एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की मासिक समन्वय गोष्ठी एंव कार्यशाला सम्पन्न

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**



जनपद बलरामपुर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ( नोडल) एएचटी/ एसजेपीयू, जनपद बल रामपुर की अध्यक्षता में एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग ) तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई/(एसजेपीयू) की समन्वय गोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया

जिसमें मानव तस्करी , अनैतिक देह व्यापार एवं महिलाओं और बालकों के उत्पीडन, पाक्सो एक्ट की विवेचना के संबंध में व बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, बालविवाह की रोकथाम एक युद्ध नशे के विरुद्ध के लिए कार्य योजना तैयार की गई तथा इस परिप्रेक्ष्य में प्रस्थापित नियमों एवं अधिनियमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिये गये। तथा समय झसमय पर इस सम्बन्ध में मा0 न्याया0 द्वारा पारित निर्णयों एवं उक्त क्रम में जारी शासनादेशो से अवगत कराया गया । उपरोक्त गोष्ठी व कार्यशाला में उपस्थित, 1-स्वास्थ्य विभाग से cmo डॉ एस के श्रीवास्तव 2- राजस्व विभाग ' एस एन सिंह 3 - किशोर न्याय बोर्ड से ( सदस्य) श्री संतोष कुमार गुप्ता 4- CWC (अध्यक्ष )श्री प्रदीप कुमार गुप्ता 5--SSB 9th बटालियन से निरीक्षक श्री राहुल रंजन 6 - आरपीएफ बलरामपुर से, निरीक्षक विजय कुमार यादव 7 - महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी श्रीअमरकांत, डिस्ट्रिक्ट कोवाडीनेंटर -विशाल गुप्ता, शुभम पाण्डेय, 8- चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 से प्रदीप जाय सवाल, 9- ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से उमेश कुमार चौधरी, 10 - भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान से देवता दीन पाण्डेय, पप्पू तिवारी विरेन्द कुमार पाण्डेय 11-समाज कल्याण विभाग से (कनिष्ठ सहायक) मंगलदीप 12- वन स्टाप सेंटर से निरीक्षक श्रीमती विनीता चतुर्वेदी, (केश वर्कर,)गोल्डी चतुर्वेदी,म0आ प्रियंका वर्मा व थानों के समस्त बाल कल्याण अधिकारी एवं कर्मचारी गण ने प्रतिभाग किया ।

# पार्षद टीम नवीन पंडित की ओर से बेंचे पाकर खिले निराला नगर और लाल क्वार्टर के स्कूली बच्चों के चेहरे

## - अभी तक जमीन में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे थे निराला नगर और लाल क्वार्टर स्कूल के बच्चे

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कामपुर। लाल क्वार्टर स्कूल गोविंद नगर और निराला नगर के बच्चे अब जमीन पर बैठकर पढ़ने लिखने के बजाय अब बेंच पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करेंगे।

उनके बैठने के लिए बेंच की यह व्यवस्था समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित की ओर से की गई है। यहां गोविंद नगर के निराला नगर के विद्यालयों में जहां बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ रहे थे। अब उनको बेंचे बनवाकर समर्पित कर विद्यालय को सौंपा गया। पार्षद दल के नेता नवीन पंडित द्वारा यह व्यवस्था करवाएं जाने से विद्यालय में बच्चों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने तालियां बजाकर वेलकम अंकल वेलकम अंकल ,भगवान आप लोगों को खूब तरक्की दे। कहकर अभिवादन भी किया।

इसके लिए आज गोविंद नगर के पार्षद नवीन पंडित के नेतृत्व में समाज सेवी श्याम कुकरेजा, दिनेश आहूजा, राजन आहूजा, प्रेम कुमार खंडूजा, रोहित शुक्ला, बबली भैया, विपुल गेरा, संदीप पासवान, विनोद कुमार, मनीष कुमार और राजकुमार सिंह सहित तमाम लोग पहले गोविंद नगर विद्यालय पहुंचे ,जहां पर 40 बच्चों की बैठने की व्यवस्था की गई। इसके बाद भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित की अगुवाई वाली यह टीम निराला नगर कंपोजिट पब्लिक स्कूल भी पहुंची और यहां भी 40 बच्चों की बैठने की व्यवस्था की गई।

अवगत करा दें कि भाजपा पार्षद दल के नेता जुझारू नवीन पंडित के नेतृत्व में पनकी में एक विद्यालय के बच्चों को बैठने की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है। भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित ने कहा कि हमारे सहयोगी दिनेश आहूजा ,श्याम कुकरेजा ने हमारा सहयोग किया है। मैं इन सब का आभारी हूं। और ऐसे पुनीत कार्यों में हमारे साथ कंधे से कंधे मिलाकर संघर्ष करें,जिस पर जिस पर उन्होंने पूरा भरोसा दिया कि जरूरत पड़ने पर और भी विद्यालयों की मदद इसी तरह से की जाएगी। आप इसी प्रकार से स्कूल ढूंढते रहे और हम लोग यहां पर मदद करते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित, पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक अमित पांडेय का विद्यालय

की प्रधानाचार्य शमिता और दूसरे विद्यालय की प्रधानाचार्य बच्चों द्वारा कोटि कोटि अभिनंदन भी किया गया।

# समाधान तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी ज्योति गौतम ने सुनी फरियादियों की फरियाद..

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



एडीएम ने तहसील अधिकारियो को जांच कर सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाये जाने के दिये आदेश)

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी आपूर्ति ज्योति गौतम ने उपजिलाधिकारी पवन पटेल व सहायक पुलिस आयुक्त विकास पांडे समेत सभी विभागो के अधिकारियो की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायते सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये।अपर जिलाधिकारी ज्योति गौतम से लिखित शिकायत करते हुये भोला समेत अन्य ग्रामीणो ने बताया उनके गांव खुजेहटा में स्थित सरकारी बंजर भूमि गांटा स०-719,593 व 577 पर भूमाफिया किस्म के कुछ लोग कब्जा कर खेती कर रहे है ओर मकान भी बना लिया है।दूसरी शिकायत समेसी मजरा डुडवाखेड़ा निवासी राजकुमार ने शिकायत करते बताया उनके गांव में स्थित सरकारी बजंर भूमि गांटा स०2744 पर गांव के एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है ओर बेचने की फिराक में उक्त भूमि पर किसानो के खेतो की सिचांई के लिये नाली बनी थी उसे भी तोड़ दिया दी है।एडीएम ने दोनो शिकायत को गम्भीर से लेते हुये तहसीलदार को राजस्व टीम गठित कर जांच के बाद सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाये जाने के आदेश दिये है।भाकियू के ब्लाक अध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओ ने किसानो की समस्याओ का निस्तारण ना किये जाने का आरोप लगाते हुये नारेबाजी करते हुये समाधान दिवस सभागार में धरने पर बैठ गये। तहसीलदार रितुराज शुक्ला ने समस्याओ के निस्तारण का आश्वसन दिया।जिसके बाद भाकियू नेता ने किसानो की समस्याओ से जुड़ी दस सूत्रीय मांगो का ज्ञापन उन्हे सौंपा।

# डिप्लोमा इंजीयरिंग संघ उत्तर प्रदेश के द्वितीय वार्षिक महाधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन

**विवेक कुमार**
**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



लखनऊ। लखनऊ के ग्रीन वैली लुलूमॉल के पास स्थित संघ के आवासीय ऑफिस में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के द्विवार्षिक महा धिवेशन समारोह में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सत्यजीत पाल को अध्यक्ष चुना गया।कार्यकारिणी चुनाव के लिए इंजीनियर एन एन सिंह मुख्य निर्वाचन अधिकारी, इंजीनियर मिर्जा फिरोज शाह, इंजीनियर के के बाजपेई, इंजीनियर बी बी निरंजन एवं इंजीनियर आर के आर्या निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में चुनाव संपन्न कराया गया।चुनाव में इंजीनियर सत्यजीत पाल को अध्यक्ष, मोहम्मद मीसम रिजवी को कार्यकारी अध्यक्ष, तुलसीराम वर्मा को महामंत्री, अविनाश कुमार गौतम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय कुमार उपाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता को संगठन मंत्री प्रथम तथा सुधीर कुमार को संगठन मंत्री द्वितीय, संतोष कुमार को संयुक्तमंत्री बी के पाल को कोषाध्यक्ष रामानुज को संपादक, आर एस कुशवाहा को सह संपादक के साथ इंजीनियर हरिशंकर मौर्य, पी डी द्विवेदी, आर सी सिंह, इफ्तिखार अली और रामनरेश सिंह को कार्यकारी सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया। अभियंता दिवस पर रक्तदान करने वाले इंजीनियर सत्यजीत पाल और प्रवीण कुमार चौहान को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया

# अनुपयोगी जमीन पर आदर्श गोशाला बनाने पर पालिका की सराहना

पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री ने किया कान्हां गोशाला का लोकापर्ण

गोपूजन करने के बाद फीता काट कर किया गोशाला का उदघाटन

**समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह**



शिकोहाबाद। नगर पालिका और तहसील प्रशासन की कड़ी मेहनत और लगन से कांशीराम कालोनी आवास विकास के समीप पड़ी अनुपयोगी जमीन जिस पर गंदगी पड़ी रहती थी। वहां अब नगर पालिका ने आदर्श गोशाला बना कर तैयार कर दी है। जिसमें गोवंश आश्रय लेगा। इस गोशाला के लिए नगर के संभ्रांत लोगों ने दान भी किया। मंत्री ने सभी दानदाताओं के साथ ही नगर पालिका और तहसील प्रशासन की इस नेक कार्य के लिए सराहना की।

शनिवार को कांशीराम कालोनी के समीप बनाई गई कान्हां गोशाला का पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने गोपूजन करने के बाद फीता काट कर उदघाटन किया। इस दौरान मंत्री ने गो को गुड़ और चना भी खिलाए। इसके बाद मंत्री सीधे मंच पर पहुंचे और पालिका के साथ ही समाज के सभ्रांत लोगों ने उनका माल्यापर्ण कर एवं प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान दानदाताओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि गो सेवा भारतीय संस्कृति का मूल आधार है। यह कान्हां गौशाला न केवल बेसहारा पशुओं को छत प्रदान करेगी, बल्कि यह समाज की एकजुटता का भी प्रतीक है। केंद्र और प्रदेश की सरकार देश, प्रदेश के विकास के लिए बेहतर कार्य कर रही है। प्रदेश में विदेशी फंड खूब आ रहा है। जिससे उत्तर प्रदेश देश में महाराष्ट्र के बाद विकास में दूसरे नंबर पर है। इस दौरान उन्होंने मीडिया द्वारा पूछे गए कई प्रश्नों के बेवाक उत्तर दिए। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि इसगौशाला को न केवल एक सरकारी भवनव न मान कर इसे सामाजिक स्वरूप दिया जाए। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वह निरंतर इसगोशाला से जुड़ें और अपनी सामर्थ्य अनुसार सेवा करें। ताकि संचालन सामुदायिक जिम्मेदारी बन सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सत्रोहन वैश्य, उप जिलाधिकारी डा. गजेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्षा रानी गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, उद्योगपति राजीव अग्रवाल, विपिन गर्ग, संजीव गर्ग, संजीव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मनोज गुप्ता, ठेकेदार लतीफ अहमद, कार्यालय अधीक्षक ह्रदय राम यादव के अलावा पालिका के सभी सभासद और कर्मचारी तथा नगर की सभ्रांत जनता उपस्थित रही।

# शिव ओम पब्लिक स्कूल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। शिव ओम पब्लिक स्कूल जसराना में विद्यालय की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित सिल्वर जुबली समारोह में सांस्कृतिक रंगों की शानदार छटा देखने को मिली। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मंच सज्जा के बीच एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। तस्वीरों में पारंपरिक परिधानों में सजी छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते नजर आए। नृत्य की लय, भाव-भंगिमाएं और तालमेल ने बच्चों की मेहनत और अनुशासन को उजागर किया। वहीं अन्य प्रस्तुतियों में सामाजिक संदेशों को रचनात्मक ढंग से मंच पर रखा गया। विशेष रूप से डिजिटल व सोशल मीडिया जागरूकता पर आधारित प्रस्तुति दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी। सभागार में बैठे छात्र पूरे अनुशासन के साथ कार्यक्रम का आनंद लेते दिखे। हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज रही और अभि भावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। उन्हें तिलक लगाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक अमलेन्द्र लोधी ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम की सफलता में प्रधानाचार्य हुकुम सिंह, कार्तिकेय लोधी, माधुरी चौहान सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। समारोह के समापन पर अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षिक व सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना की।

# सवर्ण महासभा ने घूसखोर पंडित वेब सीरीज पर रोक लगाने को लेकर सोपा ज्ञापन!

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। घूसखोर पंडित वैब सीरिज पर रोक लगाये जाने की मांग भारतीय सवर्ण महासभा ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद को दिया

भारतीय सवर्ण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव उपाध्याय ने कहा घूस खोर पंडित वैब सीरीज जो आ रही है उसमें ब्राह्मण समाज का अपमान किया गया है मेरा कहना है फिल्म डायरेक्टर आए दिन ठाकुर ब्राह्मण बैश्य को टारगेट करते हैं उन्हें खलनायक दिखाने का प्रयास करते हैं ऐसे डायरेक्ट किसी मुस्लिम दलित पिछड़ों पर नाम रखकर मूवी बनाएं तब पता चलेगा उन्हें

ठाकुर मोहन सिंह चौहान व अशोक गर्ग ने कहा आए दिन ऐसी मूवी आती है जिसमें समाज का अपमान होता है ऐसा लगता है कि विदेश से इन लोगों को धन देकर समाज के खिलाफ नफरत पैदा करना चाहते हैं इस मूवी पर तुरंत रोक लगाई जाए और डायरेक्टर अभिनेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो अन्यथा सवर्ण महासभा सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी

ज्ञापन देने वालों में नरेश चंद्र अरेले एसके भटनागर ठाकुर मोहन सिंह चौहान अशोक गर्ग सनी भटनागर अशोक श्रुति सोनू शर्मा आदि लोग मौजूद थे!

# छठे दिन सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और आत्म-साक्षात्कार पर दिया गया बल

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा महाजन धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय श्री देवी भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धा और वैचारिक क्रांति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान परिवारों द्वारा वेदमंत्रों के मंगल उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन से हुआ।आज के मुख्य यजमान श्री नरेश कुमार जी (शिव शंकर शू स्टोर) ने अपने सपरिवार सहित पूजन किया। इस आध्यात्मिक संध्या में क्षेत्र की कई नामचीन हस्तियों ने शिरकत की, जिनमें:श्री अजय गोयल, पवन जिंदल, श्री सूरज, गांधी राम गोयल, रमन कुमार,श्री हीरा सिंह (पतंजलि योग पीठ), सुरेश जोरासिया (मीडिया), जसवीर (जोनी) संदीप, राज कुमार (CA) पूरन नागर (M.C.),धर्मपाल जी अपनी धर्मपत्नी सहित,जय माँ चिंतपूर्णी संकीर्तन मंडल एवं चिंतपूर्णी महिला मंडल के पदाधिकारी, दिनेश गर्ग, श्री आर.के. मजीठिया (भारत विकास परिषद), सतीश राजपाल जी, नरेश जी गोयल सिंगला (उग्र) एवं विक्की उपस्थित थे।व्यास पीठ से परम पूजनीय सर्व श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी भद्रा भारती जी ने माँ भगवती द्वारा 'रक्तबीज' के वध का गूढ़ रहस्य समझाया। उन्होंने बताया कि रक्तबीज हमारी अनियंत्रित इच्छाओं और वासनाओं का प्रतीक है, जो एक के खत्म होने पर दूसरी पैदा हो जाती हैं। साध्वी जी ने स्पष्ट किया कि बाहरी युद्ध तो केवल प्रतीक हैं, असली युद्ध हमारे भीतर चल रहा है, जिसे केवल गुरु द्वारा प्रदत्त 'ब्रह्मज्ञान' से ही जीता जा सकता है।कथा के दौरान साध्वी जी ने सामाजिक चेतना जागृत करते हुए कहा:केवल मंदिर में ज्योत जलाने से अंधकार दूर नहीं होगा, बल्कि हमें अपने विचारों की ज्योत जलानी होगी। आज समाज में बढ़ती नशाखोरी और नैतिक मूल्यों का पतन चिंता का विषय है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान 'अंतर्दृष्टि' प्रकल्प के माध्यम से समाज को व्यसन मुक्त बनाने और 'संतुलन' प्रकल्प के जरिए महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है।"उन्होंने उपस्थित माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को भौतिक शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक संस्कार भी दें, ताकि वे भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।अंत में, सभी अतिथियों ने माँ की पावन आरती उतारी। संस्थान की ओर से बताया गया कि कल कथा का सातवाँ व अंतिम दिन होगा,अतः आप सब अधिक से अधिक संख्या में इस कथा में अवश्य पहुँचे।



# राहुल गांधी का "गद्दार" बयान कांग्रेस के अहंकार और सिख सम्मान का अपमान उजागर करता है: सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

**समाज जागरण**

जैतो ,7 फरवरी (रघुनंदन पराशर ):राष्ट्रीय भाजपा नेता, अधिवक्ता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भूखड़ी कलां ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा सिख सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहना अत्यंत शर्मनाक और गैर-जिम्मेदाराना है, जिसने कांग्रेस नेतृत्व की खतरनाक मानसिकता, अहंकार और गहरी जड़ें जमाए पूर्वाग्रह को उजागर कर दिया है। ऐसी विषैली भाषा केवल राजनीति नहीं है, यह सिख समुदाय की गरिमा, हमारे गुरुओं की पवित्र विरासत और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का सीधा अपमान है।ग्रेवाल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि केवल राजनीतिक परिवर्तन के कारण एक देशभक्त भारतीय को गद्दार कहना शर्मनाक, लापरवाह और अक्षम्य है। यह शब्द साधारण बयानबाजी नहीं है, यह एक नागरिक की राष्ट्र के प्रति निष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगाता है। देश ऐसे विषैले अहंकार और विभाजनकारी सोच को न तो स्वीकार करेगा और न ही सहन करेगा। राहुल गांधी ने सार्वजनिक जीवन की हर मयार्दा पार कर दी है और राजनीतिक संवाद को एक चिंताजनक स्तर तक गिरा दिया है।ग्रेवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर अपना असली चेहरा दिखा दिया है, एक ऐसी पार्टी जो अहंकार, भ्रम और हताशा से संचालित है। भारत की जनता द्वारा बार-बार अस्वीकृति और अपनी विफलताओं पर आत्ममंथन करने के बजाय, कांग्रेस नेता अपमान, उकसावे और सस्ती राजनीति का सहारा ले रहे हैं। यह नेतृत्व नहीं, यह राजनीतिक दिवालियापन है।उन्होंने कहा कि सिख समुदाय ने भारत की एकता, संप्रभुता और सम्मान के लिए अद्वितीय बलिदान दिए हैं। सिखों का अपमान करने या उनकी देशभक्ति पर प्रश्न उठाने का कोई भी प्रयास पूरे राष्ट्र का अपमान है। भारत की जनता इस विभाजनकारी एजेंडे को भली-भांति समझती है और इसका करारा जवाब देगी।

ग्रेवाल ने आगे कहा कि कांग्रेस का किसानों के साथ विश्वासघात, विकास में देरी और राष्ट्र को गुमराह करने का लंबा इतिहास रहा है। जहाँ वर्तमान नेतृत्व सुधार, विकास और हर नागरिक के सशक्तिकरण पर केंद्रित है, वहीं कांग्रेस नकारात्मकता, बाधा और भ्रम फैलाने में लगी हुई है।उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस तंत्र द्वारा प्रदर्शित व्यवहार, भाषा और मानसिकता की कड़ी और स्पष्ट शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि ऐसा अहंकार और असम्मान एक सभ्य लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं रखता और यह केवल कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक पतन को तेज करेगा।



# रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को रेल वन ऐप के माध्यम से टिकट खरीदने हेतु किया गया जागरूक

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,7 फरवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा शनिवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लुधियाना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को रेल वन ऐप के माध्यम से टिकट खरीदने के लिए हेल्प डेस्क लगाकर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहित किया गया।इस अवसर पर यात्रियों को बताया गया कि रेल वन ऐप के माध्यम से टिकट खरीदने पर 3 प्रतिशत बोनस, टिकट काउंटर पर कतार में खड़े होने से मुक्ति, सभी लेन-देन पूर्णतः ऑनलाइन, अतिरिक्त शुल्क की कोई समस्या नहीं तथा खुले पैसों की परेशानी न होने जैसे अनेक लाभ प्राप्त होते हैं।



रेलवे स्टाफ द्वारा यात्रियों को रेल वन ऐप डाउनलोड करने, पंजीकरण एवं टिकट बुकिंग की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। यात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए डिजिटल टिकटिंग को अपनाने में रुचि दिखाई।श्री परमदीप सिंह सैनी ने यात्रियों से अपील की कि वे रेलवे की डिजिटल सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग कर सुविधाजनक, पारदर्शी एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

# पशुधन प्रदर्शनी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पशु प्रदर्शनी बनाने का तैयार किया जाएगा प्रस्ताव: डा. प्रेम सिंह

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज करेंगे विजेताओं को सम्मानित, 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी का समापन आज, ऐतिहासिक और यादगार रहेगा कुरुक्षेत्र का राज्य स्तरीय पशु मेला, लगभग 1800 पशु बने आकर्षण का केन्द्र, रोजाना 30 हजार से ज्यादा पशुपालक बन रहे है मेले के साक्षी

**समाज जागरण अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र,7फरवरी।हरियाणा पशुपालन विभाग के महानिदेशक डा. प्रेम सिंह ने कहा कि पशुधन प्रदर्शनी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पशु प्रदर्शनी बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इस 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी प्रदेश की अब तक की सबसे ऐतिहासिक और यादगार प्रदर्शनी के रूप में अपनी पहचान बना रही है। इस प्रदर्शनी में 23 जिलों से लगभग 1800 अलग-अलग किस्मों के पशु पहुंचे है और 30 हजार पशु पालक भी इस प्रदर्शनी का हिस्सा बने है।



महानिदेशक डा. प्रेम सिंह ने शनिवार को विशेष बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार और कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र में चल रही 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी पशुओं की अच्छी नस्ल और पशुपालकों की भीड़ के लिए एक अनोखी पहचान बना चुकी है। इस प्रदर्शनी में गाय, भैंस, भेड़, बकरी, घोड़े, घोड़ी, ऊंट जैसे पशु आमजन का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर रही है। इस प्रदर्शनी में रोजाना 30 हजार पशु पालक पहुंच रहे है और 1800 पशु भी पहुंचे है यह सभी पशु अपनी-अपनी सर्वश्रेष्ठ नस्ल की श्रेणी में शुमार है।

उन्होंने कहा कि 8 फरवरी को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। इस समापन समारोह में 53 वर्गों में विजेता पशुओं के मालिकों को सम्मानित किया जाएगा। इन पशुपालकों को करीब 1 करोड़ रुपए के इनाम दिए जाएंगे। इसके अलावा विभाग की तरफ से रोजाना उपस्थिति दर्ज करवा रहे किसानों को भी लक्की ड्रा के माध्यम से पुरस्कार दिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और विभाग की टीम के साझे प्रयासों से इस मेले ने प्रदेश भर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

# गोगामेड़ी धाम की ऐतिहासिक पहचान पर बहस: ददरेवा चौहान राजवंश की वंशावली और रिद्धिमा शर्मा का विरोध

### चौहान वंशावली बनाम जाहपीर: गोगाजी की क्षत्रिय परंपरा, वायरल पोस्टर और हालिया विवाद का सच

**वशेष संवाददाता: रविंद्र आर्य**
**हनुमानगढ़/चूरू (राजस्थान):**

गोगामेड़ी धाम से जुड़ा हालिया विवाद अब केवल एक वायरल वीडियो या विरोध प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहा। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही ददरेवा चौहान राजवंश की वंशावली और उसके साथ जुड़े पोस्टरों ने इस बहस को ऐतिहासिक पहचान के स्तर पर पहुंचा दिया है। इसी पृष्ठभूमि में हिंदूवादी संस्कृति विचारधारा से प्रेरित रिद्धिमा शर्मा द्वारा उठाए गए सवालों को कुछ लोग धार्मिक चेतना से जोड़कर देख रहे हैं, तो कुछ इसे उकसावे की राजनीति बता रहे हैं।




**वंशावली क्या कहती है?**

वायरल पोस्टर में गोगाजी (गोगा जी) को ददरेवा (चूरू) के चौहान राजपूत वंश से जोड़ते हुए उनकी पीढ़ी-दर-पीढ़ी वंशावली प्रस्तुत की गई है। लोकमान्यता और ऐतिहासिक कथाओं के अनुसार गोगाजी एक क्षत्रिय योद्धा, लोकदेवता और जनआस्था के प्रतीक रहे हैं। यह वंशावली गोगाजी की पहचान को हिंदू लोकदेवता के रूप में रेखांकित करती है और उन्हें किसी अन्य धार्मिक परंपरा में समाहित किए जाने के दावों को चुनौती देती है।

**रिद्धिमा शर्मा का विरोध और उसका संदर्भ**

गोगामेड़ी धाम में रिद्धिमा शर्मा द्वारा किया गया विरोध इसी बिंदु पर केंद्रित बताया जा रहा है कि धाम की मूल ऐतिहासिक-धार्मिक पहचान के साथ छेड़छाड़ हो रही है। उनका दावा है कि गोगाजी की क्षत्रिय-हिंदू परंपरा को दरकिनार कर एक अलग नैरेटिव स्थापित किया जा रहा है। इसी संदर्भ में समर्थक पक्ष वंशावली पोस्टर को ऐतिहासिक प्रमाण के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

**परिवार और व्यक्ति: क्या है वास्तविक सम्बन्ध?**

इस विवाद में एक अहम सवाल यह भी उठ रहा है कि ददरेवा चौहान राजवंश और रिद्धिमा शर्मा के बीच क्या कोई पारिवारिक संबंध है?

तथ्यों के अनुसार, रक्त या पारिवारिक स्तर पर कोई सीधा संबंध तो नहीं है। रिद्धिमा शर्मा इस वंश की सदस्य नहीं हैं। हालांकि, विवाद का केंद्र पारिवारिक नहीं है बल्कि वैचारिक है—जहां एक ओर वंशावली गोगाजी की ऐतिहासिक पहचान को रेखांकित करती है, जहाँ आज लोभी मुस्लिम समुदाय गोगामेड़ी धाम मंदिर को जाहपीर बना, वहाँ हिन्दुओं से ही भीख मांगकर कब्जा करें बैठे है, इसलिये जों इस्लाम मे हराम है लेंड जिहाद जैसा ही सवरूप है जों ना की इस्लामिक है ना हिन्दू रिति रिवाज है अभी यथाक्तित स्थिति मे अबैध कब्जा कर पैसे कमाने का मुख्य बिंदु है जिसमें राजपुताना इतिहास को गतल तरीके से पेश किया जाना हिंदूवादी संस्कृति विचारधारा से कही दूर है वहीं रिद्धिमा शर्मा उसी पहचान के कथित क्षरण का विरोध करती दिखाई देती हैं। इसके लिए उन्हें इनके खिलाफ राजस्थान की हाई कोर्ट मे याचिका कर्ता के रूप मे लड़ना होगा।

**पोस्टर क्यों बना विवाद का आधार?**

यह पोस्टर केवल एक पारिवारिक चार्ट नहीं, बल्कि धार्मिक-ऐतिहासिक दावा प्रस्तुत करता है। समर्थकों का कहना है कि यह गोगामेड़ी धाम की मूल पहचान को स्पष्ट करता है, जबकि विरोधियों का तर्क है कि धार्मिक स्थलों की परंपराएँ समय के साथ विकसित होती हैं और किसी एक व्याख्या को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता।

गोगामेड़ी धाम से जुड़ा यह विवाद दरअसल इतिहास, आस्था और वर्तमान नैरेटिव के टकराव का प्रतीक बन गया है। ददरेवा चौहान राजवंश की वंशावली जहां गोगाजी की क्षत्रिय-हिंदू परंपरा को स्थापित करती है, वहीं रिद्धिमा शर्मा का विरोध उसी परंपरा की रक्षा के दावे के साथ सामने आया है। अंतिम निष्कर्ष प्रशासनिक जांच, ऐतिहासिक अध्ययन और सामाजिक संवाद से ही निकलेगा, लेकिन फिलहाल यह मुद्दा राजस्थान से निकलकर राष्ट्रीय बहस का रूप ले चुका है। हिन्दू राजपुताना संस्कृति मिटाने हेतु, जिस पर विरोध करने पर कानूनी कारवाही होना एक शर्मनाक घटना है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में 'प्राचीन भारतीय परम्पराओं में नैतिकता और मूल्य' विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### पहली बार हमने देखा है कि 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' या फिर 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' का प्रयोग वर्तमान सरकार कर रही है। - प्रो. निरंजन कुमार

**समाज जागरण नई दिल्ली।**

दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा 'प्राचीन भारतीय परम्पराओं में नैतिकता और मूल्य' विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला (कैपिसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप) का आयोजन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए आयोजित इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति के अध्यक्ष प्रो. निरंजन कुमार ने प्रश्न उठाया कि आज रोबोटिक्स और एआई के युग में हमें प्राचीन भारतीय संस्कृति पर बात करने की आवश्यकता क्यों है? उन्होंने कहा जो समाज अपनी संस्कृति से कट जाता है, वह उस वृक्ष के समान है जिसकी कोई जड़ ही नहीं होती है। हमारे देश में साजिशन हमारी संस्कृति को भुलाने का कार्य किया गया है। संस्कृति के खिलाफ कई प्रकार के नेरेटिव इतिहास की पुस्तकों के माध्यम से गढ़े गए। आज इतिहास की पुस्तकों को पुनः लिखे जाने की आवश्यकता है। हमें अपने वेद-उपनिषदों को आज और भी अधिक जानने की आवश्यकता है क्योंकि समाज में यह भ्रम है कि विभिन्न लोकतांत्रिक मूल्य तत्व यूरोप से आए हैं। कहा जाता है कि समानता स्वतंत्रता और बंधुत्व या लोकतंत्र इत्यादि मूल्य पश्चिम से हमारे यहां आए। जबकि सत्य तो यह है कि वेद पुराण, उपनिषद्, बौद्ध और जैन मत आदि में इनका सार स्पष्ट रूप से मौजूद है। आगे प्रो. कुमार ने देश के लिए भारत नाम पर जोर देते हुए कहा कि देर से ही सही लेकिन आज पुनः भारत अपनी अस्मिता को प्राप्त कर रहा है। नरेंद्र मोदी की वर्तमान सरकार के समय पहली बार हमने देखा है कि 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' या फिर 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' का प्रयोग हो रहा है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दैनिक जागरण के कार्यकारी संपादक श्री विष्णु त्रिपाठी ने कहा कि नैतिकता और मूल्य भारतीय समाज के डीएनए में रहे हैं। हालांकि प्रत्येक पीढ़ी अपनी पिछली पीढ़ी से अधिक तार्किक होती है, लेकिन यदि उसे सही दृष्टि प्रदान की जाए तो निश्चित रूप से वह उन नैतिक मूल्यों को और आगे लेकर जाएगी। नई पीढ़ी को यह दृष्टि प्रदान करने का कार्य हमारे शिक्षकों का है। उन्होंने कहा कि बहु-अनुशासनिकता हमारी ज्ञान परम्परा में मौजूद रही है. हमारे विद्वान एक साथ संस्कृत, खगोलशास्त्र, ज्योतिष, चिकित्सा में महारत रखते थे. यूरोप के पद्धति से अलग हमारे यहाँ ज्ञान खांचो में नहीं बंटा था। हमें अपनी प्राचीन परम्पराओं को अगली पीढ़ी तक लाना चाहिए। आजादी के बाद वाममार्ग या पश्चिमी प्रभाववश सत्ताधारी वर्ग ने कौटिल्य और पतंजलि जैसे दार्शनिकों को पाठ्यक्रम में न पढ़ाकर अरस्तू और मार्क्स आदि लगाये गए।

कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के महासचिव रंजन चौहान जी ने कश्मीर के शारदा पीठ का उदाहरण देते हुए कहा भारतीय संस्कृति में संवाद की प्राचीन परंपरा रही है। आदि शङ्कराचार्य जी का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे शारदा पीठ में पाँच आचार्यों से उनका प्रश्नोत्तर और शास्त्रार्थ हुआ था। पाँचों आचार्यों ने उनकी श्रेष्ठता स्वीकार की। इस परंपरा की आज बहुत जरूरत है।

प्रो हीरामन तिवारी, डॉ. बीरेन्द्र प्रसाद डॉ शोभना सिन्हा आदि ने तकनीकी सत्रों में अपना व्याख्यान दिया। प्रो. प्रभात मित्तल और प्रो. रजनी साहनी, डॉ अनन्या बरुआ आदि की आयोजन में प्रमुख भूमिका रही। यहाँ बता दें दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्क्रम समिति शिक्षकों के लिए इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन लगातार करती रहती है।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज जम्मू में जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज जम्मू में जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, केन्द्रीय गृह मंत्री ने सड़क बुनियादी ढांचे, जल विद्युत परियोजनाओं, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4ऋ और ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास की व्यापक समीक्षा की। बैठक में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री श्री उमर अबदुल्ला, केन्द्रीय गृह सचिव और केन्द्र सरकार और जम्मू और कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार, एक विकसित और समृद्ध जम्मू और कश्मीर के विजन के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा विकास में तेजी लाने के लिए किए जा रहे निरंतर और समर्पित प्रयासों से जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर को जल विद्युत परियोजनाओं के पूरी क्षमता को विकसित करने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याण योजनाओं का 100% सैचुरेशन प्राप्त करना और सभी विकास परियोजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिलना सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिड्डा जाए।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि युवाओं को विकास के साथ जोड़ने के लिए स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने और स्पोर्ट्स अकादमियों की स्थापना पर ध्यान दिया जाए। इस विषय में विभिन्न स्पोर्ट्स बॉडीज से बात करके लगभग 200 करोड़ रुपए के निवेश की कोशिश की जाएगी। श्री शाह ने कहा के माध्यम से जम्मू और कश्मीर में डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देने के प्रयास होने चाहिएं।

एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, जम्मू और कश्मीर को पहली बार वित्त वर्ष 2025-26 में योजना के दायरे में लाया गया है, जिससे पूंजीगत परियोजनाओं के लिए 50 साल के ब्याज-मुक्त ऋण मिल सकेंगे। गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मजबूत वित्तीय अनुशासन से समय के साथ केंद्रशासित प्रदेश के वित्तीय घाटे को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि देश, वर्ष 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है, और भारत सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जम्मू और कश्मीर को पूरी सहायता देती रहेगी। गृह मंत्री श्री अमित शाह का दौरा, भारत सरकार के जम्मू और कश्मीर के विकास, शांति और सुरक्षा को सर्वोच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने के दृढ़ संकल्प को दशार्ता है।

# नोएडा सेक्टर 108 में विराट हिंदू सम्मेलन 8 फरवरी को, धार्मिक-सांस्कृतिक एकता का होगा भव्य संगम

**समाज जागरण**

नोएडा। संघ एवं समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जा रहे विराट हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में आगामी 08 फरवरी 2026 को नोएडा में एक भव्य आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन सेक्टरझ्108 के प्लॉट एरिया एवं डिवाइन मीडोज के बीच स्थित सड़क पर आयोजित होगा, जिसमें सेक्टर 108 प्लॉट एरिया, डिवाइन मीडोज, पार्क लॉरेट तथा एच.आई.जी सेक्टरझ्105 के सभी श्रद्धालु एवं समाज के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे
परमहंस आनंदेश्वरानंद गिरी जी महाराज
मुख्य वक्ता
श्री विष्णु कांत चतुर्वेदी, पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल, भारतीय सेना एवं पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष
विशिष्ट वक्ता
श्री प्रसून जी, एडिटर, लोकसभा टीवी
अध्यक्षता करेंगे
श्री तरुण कौशल जी, पूर्व न्यायाधीश, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट




कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर आध्यात्मिक प्रवचन, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा विभिन्न समाजिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें सभी आयु वर्ग के लोग उत्साह के साथ भाग लेंगे।

सम्मेलन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न सोसाइटियों से लगभग 30 सदस्यों की एक आयोजन समिति का गठन किया गया है, जो पूरे कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगी।

स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं में इस विराट सम्मेलन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को सफल, शांतिपूर्ण एवं मंगलमय बनाने के लिए सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

# भारत एआई इम्पैक्ट समिट समावेशी, जिम्मेदार और लचीली एआई के लिए राष्ट्रों, नवोन्मेषकों और नागरिकों को एक मंच पर लाएगा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब भविष्य की अवधारणा नहीं है। यह पहले से ही भारतीयों के सीखने, काम करने, सेवाओं तक पहुंचने और रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने के तरीके को नया आकार दे रहा है। यह संदेश 6 फरवरी, 2026 को आयोजित डिजिटल इंडिया - आस्क अवर एक्सपर्ट्स के नवीनतम एपिसोड में केंद्र में आया, जिसमें आगामी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट पर इंडियाएआई मिशन के सीईओ श्री अभिषेक सिंह के साथ एक आकर्षक और विचारोत्तेजक बातचीत हुई इस एपिसोड में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि शिखर सम्मेलन एक जन-केंद्रित मंच के रूप में कैसे कार्य करेगा, जो तकनीकी चर्चाओं से परे जाकर इस बात पर ध्यान केंद्रित करेगा कि नागरिक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शासन, स्टार्टअप, सेवाओं और रोजगार के क्षेत्र में अपने लाभ के लिए एआई का उपयोग कैसे कर सकते हैं।इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक एआई चर्चाओं को जमीनी स्तर पर लोगों, विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए वास्तविक और उपयोगी परिणामों में बदलना है। श्री सिंह ने कहा, "इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के माध्यम से, भारत वैश्विक एआई चर्चा को इरादे से प्रभाव की ओर ले जा रहा है - यह सुनिश्चित करते हुए कि एआई के नवाचार, कौशल और लाभ सभी के लिए सुलभ हों, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए।"

# बजट 2026-27 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) 2.0 के शुभारंभ की घोषणा

## आईटी/आईटीईएस के लिए उच्च सीमा और प्रतिस्पर्धी लाभ के साथ नए सेफ हार्बर प्रावधान लागू किए जाएंगे

**इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के लिए बजट आवंटन बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये किया जाएगा**

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया। इस बजट में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण उपायों की घोषणा भी की गई। वित्त मंत्री ने उपकरण और सामग्री उत्पादन, पूर्ण स्टैक भारतीय बौद्धिक संपदा (आईपी) डिजाइन करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करने के लिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) 2.0 के शुभारंभ की घोषणा की। इसका मुख्य उद्देश्य प्रौद्योगिकी और कुशल कार्यबल के विकास के लिए उद्योग-नेतृत्व वाले अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्रों को विकसित करना होगा। इसके लिए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आईएसएम 1.0 ने भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र की क्षमताओं का विस्तार किया है और आईएसएम 2.0 इसी पर आधारित होगा। अप्रैल 2025 में 722,919 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शुरू की गई इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) को लक्ष्य से दोगुने निवेश की प्रतिबद्धताएं पहले ही मिल चुकी हैं। अब इस गति का लाभ उठाने के लिए परिव्यय को बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। भारत के विकास के इंजन के रूप में आईटी क्षेत्र का समर्थन देने और कर स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से, बजट 2026-27 में आईटी/आईटीईएस के लिए उच्च सीमा और प्रतिस्पर्धी लाभ के साथ नए सुरक्षित हार्बर प्रावधानों का प्रस्ताव किया गया है। भारत सॉफ्टवेयर विकास सेवाओं, आईटी-सक्षम सेवाओं, नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग सेवाओं और सॉफ्टवेयर विकास से संबंधित अनुबंध अनुसंधान एवं विकास सेवाओं में वैश्विक स्तर पर अग्रणी है। इन व्यावसायिक क्षेत्रों की परस्पर संबद्धता को ध्यान में रखते हुए, बजट में इन सभी सेवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं की एक श्रेणी के अंतर्गत एक समूह में रखने का प्रस्ताव है, जिसमें सभी के लिए लागू होने वाला 15.5 प्रतिशत का समान सुरक्षित लाभ होगा। आईटी सेवाओं के लिए सेफ हार्बर का लाभ उठाने की सीमा को भी 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है।

आईटी सेवाओं के लिए सेफ हार्बर को एक स्वचालित नियम-आधारित प्रक्रिया द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, जिसमें किसी कर अधिकारी द्वारा आवेदन की जांच और स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी। एक बार किसी आईटी सेवा कंपनी द्वारा आवेदन किए जाने के बाद, उसी सेफ हार्बर को कंपनी की इच्छानुसार लगातार 5 वर्षों की अवधि तक जारी रखा जा सकता है। इसके अलावा, आईटी सेवा कंपनियों के लिए जो अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौता (एपीए) करना चाहती हैं, एकतरफा एपीए प्रक्रिया को तेज करने और इसे 2 साल की अवधि के भीतर पूरा करने का प्रस्ताव रखा गया है। करदाता के अनुरोध पर इस 2 साल की अवधि को 6 महीने तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही, एपीए में प्रवेश करने वाली कंपनी को उपलब्ध संशोधित लाभ की सुविधा को उसकी सहयोगी कंपनियों तक भी बढ़ाने का प्रस्ताव है। महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को सक्षम बनाने और डेटा केंद्रों में निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, बजट 2026-27 में भारत से डेटा सेंटर सेवाओं का उपयोग करके वैश्विक स्तर पर ग्राहकों को क्लाउड सेवाएं प्रदान करने वाली किसी भी विदेशी कंपनी को 2047 तक कर में छूट देने का प्रस्ताव किया गया है। हालांकि, उसे भारतीय ग्राहकों को सेवाएं एक भारतीय पुनर्विक्रेता कंपनी के माध्यम से प्रदान करनी होंगी। इसके अलावा, भारत से डेटा सेंटर सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी के संबद्ध होने की स्थिति में कंपनी की लागत पर 15 प्रतिशत की सुरक्षित छूट का भी प्रस्ताव किया गया है।

शिक्षा से रोजगार और उद्यम तक के क्षेत्र में एक उच्चस्तरीय स्थायी समिति का भी प्रस्ताव किया गया है, जो विकसित भारत के मुख्य चालक के रूप में सेवा क्षेत्र पर केंद्रित उपायों की सिफारिश करेगी। यह समिति एआई सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के रोजगार और कौशल आवश्यकताओं पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करेगी और इसके अनुरूप उपाय प्रस्तावित करेगी।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा बजट 2026-27 सरकार की एक मजबूत एवं अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था के निर्माण के संकल्प को और सुदृढ़ करता है: रक्षा मंत्री

**"पूंजी अधिग्रहण बजट में वृद्धि से सैन्य क्षमताओं में और वृद्धि होगी"**

**"ईसीएचएस आवंटन में वृद्धि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के सरकार के संकल्प का प्रमाण है"**

**"बजट सुरक्षा-विकास-आत्मनिर्भरता संतुलन और प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करता है"**

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा क्षेत्र को 7.85 लाख करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के बाद यह बजट देश की एक मजबूत और फुलप्रूफ सुरक्षा प्रणाली बनाने के सरकार के संकल्प को और मजबूत बनाता है। एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने बल देकर कहा कि बजट सुरक्षा-विकास-आत्मनिर्भरता संतुलन में वृद्धि करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा बलों को पूंजी मद के अंतर्गत 2.19 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं और इसमें से 1.85 लाख करोड़ रुपये पूंजी अधिग्रहण के लिए निर्धारित किए गए, जो वित्त वर्ष 2025-26 के पूंजी अधिग्रहण बजट से लगभग 24 प्रतिशत अधिक है। इससे भारत की सैन्य क्षमताओं में और वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण इस बजट का एक महत्वपूर्ण भाग है। पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण और उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के लिए 12,100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजटीय अनुमान से 45.49 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने इसे पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सरकार के संकल्प का प्रमाण बताया। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया "उत्कृष्ट" बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा, 'बजट जनता की भावनाओं और उम्मीदों पर खरा उतरता है। यह समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए पर्याप्त प्रावधानों के साथ आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री के संकल्प के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, एक विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा लगातार गति पकड़ रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि "युवा शक्ति संचालित बजट" बजट "आकांक्षा को उपलब्धि में बदलने" और "क्षमता को प्रदर्शन में बदलने" का प्रयास करता है।

# केंद्रीय बजट 2026-27: एकीकृत कार्यक्रमों, मेगा पार्कों और निर्यात सुविधा के माध्यम से रोजगार-प्रधान वस्त्र क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन

केंद्रीय बजट 2026-27 में श्रम प्रधान वस्त्र क्षेत्र पर विशेष बल दिया गया है, क्योंकि इसमें रोजगार सृजन, निर्यात, ग्रामीण आजीविका और टिकाऊ विनिर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। फाइबर से लेकर फैशन तक, ग्रामीण उद्योगों से लेकर वैश्विक बाजारों तक, संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए एक व्यापक और एकीकृत नीतिगत ढांचे की घोषणा की गई है। वस्त्र क्षेत्र के लिए एकीकृत कार्यक्रम सरकार ने प्रतिस्पर्धात्मकता, आत्मनिर्भरता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए वस्त्र क्षेत्र के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम का प्रस्ताव किया है जिसमें निम्नलिखित पांच उप-घटक शामिल हैं: (क) राष्ट्रीय रेशा योजना: रेशा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक रेशों, मानव निर्मित रेशों और आधुनिक युग के रेशों को समर्थन प्रदान करेगी। इस पहल से घरेलू स्तर पर रेशों की उपलब्धता बढ़ेगी, आयात पर निर्भरता कम होगी और उन्नत वस्त्र सामग्री में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। (ख) वस्त्र विस्तार एवं रोजगार योजना: इस घटक का उद्देश्य मशीनरी, प्रौद्योगिकी उन्नयन और साझा परीक्षण एवं प्रमाणन केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत सहायता के माध्यम से पारंपरिक वस्त्र समूहों का आधुनिकीकरण करना है। इस योजना से उत्पादकता, गुणवत्ता अनुपालन और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में वृद्धि होने की उम्मीद है। (ग) राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प कार्यक्रम: हथकरघा एवं हस्तशिल्प के लिए मौजूदा योजनाओं को एक किया जाएगा और एक एकीकृत राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत मजबूत किया जाएगा ताकि बुनकरों और कारीगरों को लक्षित एवं प्रभावी सहायता सुनिश्चित की जा सके, उनकी आय में सुधार हो और भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का संरक्षण किया जा सके। (घ) टेक्स-इको पहल: इस पहल का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ वस्त्र और परिधान निर्माण को बढ़ावा देना है, जिससे भारतीय वस्त्र उद्योग अंतरराष्ट्रीय स्थिरता मानकों और उभरते हरित बाजार अवसरों के अनुरूप हो सके। (ई) समर्थ 2.0: उन्नत कौशल कार्यक्रम उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के साथ गहन सहयोग के माध्यम से वस्त्र कौशल तंत्र का आधुनिकीकरण करेगा, जिससे मूल्य श्रृंखला में उद्योग के लिए तैयार कुशल जनशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### मेगा टेक्सटाइल पार्क और तकनीकी वस्त्र

सरकार ने एकीकृत अवसंरचना, बड़े पैमाने पर दक्षता और मूल्यवर्धन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, चुनौतीपूर्ण तरीके से मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की भी घोषणा की है। ये पार्क तकनीकी वस्त्रों के विकास को भी बढ़ावा देंगे जो औद्योगिक, चिकित्सा, रक्षा और अवसंरचना अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण उच्च क्षमता वाला क्षेत्र है।

### महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल

खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को मजबूत करने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वैश्विक बाजार से संपर्क स्थापित करना, ब्रांडिंग, सुव्यवस्थित प्रशिक्षण, कौशल विकास, गुणवत्ता सुधार और प्रक्रिया आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना है। इससे बुनकरों, ग्राम उद्योगों, ग्रामीण युवाओं को लाभ होगा और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल को बढ़ावा मिलेगा।

### वस्त्र और संबद्ध क्षेत्रों के लिए निर्यात प्रोत्साहन उपाय

बजट में वस्त्र, चमड़ा और समुद्री उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं: शुल्क-मुक्त आयातित कच्चे माल का उपयोग करके निर्मित वस्त्र, चमड़े के वस्त्र, चमड़े या सिंथेटिक जूते और अन्य चमड़े के उत्पादों के निर्यातकों के लिए निर्यात दायित्व अवधि को 6 महीने से बढ़ाकर 12 महीने कर दिया गया है।

इस उपाय से निर्यातकों को परिचालन में अधिक लचीलापन, अनुपालन में आसानी और कार्यशील पूंजी प्रबंधन में सुधार होगा। टीआरईडीएस के माध्यम से वस्त्र उद्योग के सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए नकद सहायता वस्त्र उद्योग के सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए नकद तक पहुंच को और मजबूत करने के लिए, सरकार ने व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली (टीआरईडीएस) की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए प्रमुख उपायों की घोषणा की है, जिसके तहत पहले ही 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सुविधा प्रदान की जा चुकी है। सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से खरीद के लिए मुख्य उद्यम इकाइयों केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) द्वारा टीआरईडीएस का अनिवार्य उपयोग;
टीआरईडीएस पर इनवॉइस डिस्काउंटिंग के लिए सीजीटीएमएसई के माध्यम से क्रेडिट गारंटी सहायता;
सरकारी खरीद संबंधी प्राप्तियों के लिए त्वरित और सस्ते वित्तपोषण को सक्षम बनाने के लिए जैम को टीआरईडीएस से जोड़ना;
द्वितीयक बाजारों को मजबूत करने और नकदी बढ़ाने के लिए परिसंपत्ति-समर्थित प्रतिभूतियों के रूप में टीआरईडीएस प्राप्य राशियों की शुरूआत।

### चैंपियन एसएमई का सृजन और सूक्ष्म उद्यमों को समर्थन देना:

भविष्य के चैंपियन तैयार करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का एक समर्पित सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास कोष शुरू किया गया है, जो चुनिंदा मानदंडों के आधार पर उद्यमों को प्रोत्साहन प्रदान करेगा।
आगे केंद्रीय बजट 2026-27 में भारत को वैश्विक वस्त्र निर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने की स्पष्ट रणनीतिक दृष्टि झलकती है, साथ ही इस बजट में समावेशी विकास, स्थिरता

और व्यापक रोजगार सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। वस्त्र मंत्रालय इन पहलों के समयबद्ध और प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्यों, उद्योग, सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, कारीगरों और कौशल विकास संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगा।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण और अगले 25 वर्षों के रोडमैप को दशार्ने वाले बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक अभिनंदन किया

## मैन्युफैक्चरिंग से इंफ्रास्ट्रक्चर , स्वास्थ्य से टूरिज्म, ग्रामीण क्षेत्रों से अक, स्पोर्ट्स से तीर्थों तक , विकसित भारत बजट देश के युवाओं , महिलाओं तथा किसानों के सपनों को पूरा करने वाला

**विकसित भारत बजट में मोदी सरकार ने वित्तीय समझ के साथ विकास को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है**

**बजट 2026-27 के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी ने सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सरकार का संकल्प है**

**यह बजट न सिर्फ हर क्षेत्र, वर्ग और नागरिक को सशक्त बनाने का एक स्पष्ट ब्लूप्रिंट है, बल्कि उसे प्रोत्साहन देने का एक जमीनी विजन भी है**

**विकसित भारत बजट शिक्षा से स्वरोजगार तक मोदी जी के विजन का सशक्त प्रतिबिंब**

**कोविड के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदर्शी आर्थिक नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार दी है**

**बजट में पूंजीगत व्यय के लिए ₹12.2 लाख करोड़ आवंटित कर प्रधानमंत्री मोदी जी के future-ready भारत के विजन को गति दी गई है**

**नए रेल कॉरिडोर, राष्ट्रीय जलमार्ग और बेहतर कनेक्टिविटी से टियर 2 और टियर 3 शहरों में रोजगार में वृद्धि होगी**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण और अगले 25 वर्षों के रोडमैप को दशार्ने वाले बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हर भारतवासी की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया।

प्लेटफॉर्म पर पोस्ट्स की श्रंखला में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा मैन्युफैक्चरिंग से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक, स्वास्थ्य से लेकर टूरिज्म तक, ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर अक तक, स्पोर्ट्स से लेकर तीर्थों तक, विकसित भारत बजट हर गाँव, हर कस्बे और हर शहर के युवाओं, महिलाओं तथा किसानों के सपनों को शक्ति देकर उन्हें पूरा करने वाला बजट है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण और अगले 25 वर्षों के रोडमैप को दशार्ने वाले इस बजट के लिए पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी और वितंत मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हर भारतवासी की ओर से हार्दिक अभिनंदन। श्री अमित शाह ने कहा, मैं विकसित भारत बजट द्वारा रखे गए शानदार मील के पत्थर के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई देता हूं, जिसमें मोदी सरकार ने वित्तीय समझ के साथ विकास को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को जोरदार तरीके से दोहराया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राजकोषीय घाटे को 4.5% से नीचे रखने के लक्ष्य को पूरा करता है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा बजट 2026-27 के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी ने सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सरकार का संकल्प है। इस बजट में न सिर्फ हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक को सशक्त बनाने का एक स्पष्ट ब्लूप्रिंट है, बल्कि उसे प्रोत्साहन देने का एक जमीनी विजन भी है, जो उसे हर कदम पर मदद करेगा। विकसित भारत बजट एक ऐसे भारत के निर्माण का विजन है, जो विश्व में हर क्षेत्र में अग्रणी हो। श्री अमित शाह ने कहा कि विकसित भारत बजट भारत को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में दशार्ता है जो अपनी ताकत पर भरोसा रखते हुए एक उभरते हुए आर्थिक पावर सेंटर के तौर पर अपनी नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदर्शी आर्थिक नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार दी है। श्री शाह ने कहा कि विकसित भारत बजट भारत को वैश्विक मंच पर सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य के तौर पर मजबूत करने के प्रयासों को गति देता है, जिसमें पारंपरिक से लेकर नए जमाने के सभी सेक्टर शामिल हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि विकसित भारत बजट में पूंजीगत व्यय के लिए ₹12.2 लाख करोड़ आवंटित कर प्रधानमंत्री मोदी जी के भविष्य के लिए तैयार भारत के विजन को गति देने का काम किया गया है, जहाँ विकास बड़े शहरों से आगे तक पहुँचता है। उन्होंने कहा कि नए रेल कॉरिडोर, राष्ट्रीय जलमार्ग और बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से टियर 2 और टियर 3 शहरों तक पहुँचने का लक्ष्य नौकरियों में वृद्धि को बढ़ावा देगा, जिससे भारत की आकांक्षाएँ नई ऊँचाइयों पर पहुँचेंगी। श्री अमित शाह ने कहा कि विकसित भारत बजट, भारत में कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व गति देगा। उन्होंने कहा कि आज बजट में सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की गई है, जिनका लक्ष्य हमारे देश के प्रमुख आर्थिक और जनसंख्या केंद्रों में शहरों के बीच कनेक्टिविटी को तेज गति देना और यात्रा के समय को कम करना है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज के स्वप्न को साकार करने की दिशा में विकसित भारत बजट में महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना की शुरूआत का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और बुनकरों, किसानों तथा हथकरघा उद्योग को नया संबल प्राप्त होगा। तटीय क्षेत्रों में कोकोनट प्रमोशन स्कीम से 3 करोड़ किसानों को लाभ, काजू-कोको के उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ावा व चंदन संरक्षण का निर्णय यह दशार्ता है कि मोदी जी किसानों की समृद्धि और कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। श्री अमित शाह ने कहा कि MSMEs को भारत की ग्रोथ स्टोरी का चैंपियन बनाते हुए विकसित भारत बजट प्रधानमंत्री मोदी जी के उस विजन को साकार करता है, जिसमें ₹10,000 करोड़ के ग्रोथ फंड के साथ एक स्पष्ट त्रिपक्षीय फ्रेमवर्क के जरिए जमीनी स्तर से अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रावधान टियर 2 और टियर 3 शहरों में MSMEs को स्ट्रक्चर्ड प्रोफेशनल मदद के जरिए अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा विकसित भारत बजट में पशुधन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का एक दूरदर्शी निर्णय लिया गया है। पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने, वेटरनरी सेंटरों और ट्रेनिंग सेंटरों के विस्तार से पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्र के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी देने, 500 सरोवरों के विकास से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने जैसे निर्णय मोदी सरकार के किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। श्री अमित शाह ने कहा विकसित भारत बजट में मोदी सरकार द्वारा धोलावीरा सहित 15 पुरातात्विक स्थलों को सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में विकसित करने का निर्णय भारत की प्राचीन संस्कृति को वैश्विक मंच पर स्थापित करेगा। पूर्वोत्तर के 5 राज्यों में बौद्ध सर्किट के निर्माण, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और अराक्कू घाटी में माउंटेन ट्रेल्स तथा ओडिशा, कर्नाटक और केरल में टर्टल ट्रेल्स विकसित करने से इन क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी और इको-टूरिज्म को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना से युवाओं को कौशल और रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा पर्यटन क्षेत्र को भी नई मजबूती मिलेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा विकसित भारत बजट शिक्षा से स्वरोजगार तक मोदी जी के विजन का सशक्त प्रतिबिंब है। बड़े औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर के आसपास 5 यूनिवर्सिटी टाउनशिप्स के विकास से एजुकेशन-इंडस्ट्री इंटीग्रेशन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, चार टेलिस्कोप इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के निर्माण व अपग्रेडेशन से अनुसंधान को नई गति मिलेगी। नेशनल डिजाइन इंस्टिट्यूट, 15,000 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में AVGC लैब्स की स्थापना तथा एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट एंड एंटरप्राइज हाई-पावर्ड कमेटी का गठन नई पीढ़ी को कौशल-संपन्न बनाकर हर क्षेत्र में अग्रणी भारत के निर्माण के संकल्प को दशार्ता है। श्री अमित शाह ने कहा कि विकसित भारत बजट हमारे युवाओं की शक्ति के उपयोग से देश को समृद्धि के एक नए युग में ले जा रहा है, जिसके लिए 15,000 स्कूलों में कंटेंट क्रिएशन ट्रेनिंग शुरू की गई है, और सस्ते स्पोर्ट्स सामान देने के लिए खास पहल की गई है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर, IT, टेक्सटाइल, हॉस्पिटैलिटी, टूरिज्म, कॉर्पोरेट कंप्लायंस में युवाओं के करियर को लॉन्च कर, बजट उनकी तरक्की की गाड़ी को आगे बढ़ा रहा है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि विकसित भारत बजट नए कनेक्टिविटी कॉरिडोर खोलकर कनेक्टिविटी में बढ़ोतरी के अगले स्तर पर जा रहा है। उन्होंने कहा कि 20 नए नेशनल वॉटरवे और फ्रेट कॉरिडोर जो पूर्व में डंकुनी को पश्चिम में सूरत से जोड़ेंगे, वे व्यापार और वाणिज्य के लिए समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगे। श्री अमित शाह ने कहा कि विकसित भारत बजट, स्वस्थ भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि 10,000 करोड़ रुपये की बायोफार्मा शक्ति योजना, 1,000 ट्रायल साइट्स, 17 कैंसर की दवाओं पर कस्टम ड्यूटी में छूट, दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण, मानसिक स्वास्थ्य के लिए NIMH ANS-2 पहल और 5 मेडिकल टूरिज्म सेंटर हेल्थकेयर को और ज्यादा सुलभ बनाएंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा मोदी सरकार महिलाओं को शिक्षित, समृद्ध बनाकर सशक्त करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। विकसित भारत बजट में हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल खोलने की योजना, हमारी बहनों को बेहतर और सुरक्षित शिक्षा का अवसर दिलाएगी। वहीं, मोदी सरकार लखपति दीदी बनाने के बाद अब महिलाओं के लिए SHE Marts खोलने जा रही है। यह रिटेल आउटलेट महिलाओं को एंटरप्राइज ओनर बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार बनेंगे। साथ ही रीं-टं१' बैज की लॉन्चिंग से महिलाओं को आसान फाइनेंसिंग सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी।

# रक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय बजट 2026-27 में 7.85 लाख करोड़ रुपये का सर्वकालिक उच्च आवंटन किया, जो वित्त वर्ष 2025-26 के बजटीय अनुमानों से 15 प्रतिशत अधिक है

## पूंजी शीर्ष के तहत रिकॉर्ड २.19 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए; पूंजी अधिग्रहण बजट में २4 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि

**निजी कंपनियों सहित घरेलू उद्योगों के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये आवंटित**

**संचालन तत्परता कोबनाए रखने हेतु उच्च बजटीय आवंटन**

**पूर्व सैनिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वा स्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित करने में सरकार की प्रतिबद्धता मजबूत; ईसीएचएस के लिए 12,100 करोड़ रुपये आवंटित,वित्त वर्ष 2025-26 के इए से 45.49% अधिक**

**रक्षा मंत्री के अनुसार, केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के दृष्टिकोण को और मजबूती प्रदान करेगा**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्रीय बजट में, रक्षा सेवाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 7.85 लाख करोड़ रुपये की अभूतपूर्व राशि का आवंटन प्राप्त हुआ है। यह आवंटन अगले वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित जीडीपी का 2% है और वित्त वर्ष 2025-26 के बजटीय अनुमानों (बीई) से 15.19% की महत्वपूर्ण वृद्धि दशार्ता है। कुल रक्षा बजट केंद्र सरकार के व्यय का 14.67 प्रतिशत है और मंत्रालयों में सबसे अधिक है। सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और उनकी नियमित आवश्यकता के वित्तपोषण के अलावा, महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा हुआ आवंटन उन वित्तीय आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद किए गए हथियारों और गोला-बारूद की आपातकालीन खरीद के कारण उत्पन्न हुई । पूंजी और राजस्व। रक्षा बजट का एक बड़ा हिस्सा 2.19 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए आवंटित किया गया है, जबकि 1.80 लाख करोड़ रुपये वित्त वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान के रूप में आवंटित किया गया था। इस बढ़े हुए प्रावधान के माध्यम से, सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में रणनीतिक बदलाव के साथ सशस्त्र बलों और उनकी क्षमताओं को दुनिया के उच्चतम मानकों में बदलने के अपने संकल्प की पुष्टि की है। रक्षा मंत्रालय को किए गए कुल आवंटन में से 27.95% का हिस्सा पूंजीगत व्यय के लिए, 20.17% का हिस्सा भरण-पोषण और परिचालन तैयारियों पर राजस्व व्यय के लिए, वेतन और भत्तों पर राजस्व व्यय के लिए 26.40%, रक्षा पेंशन के लिए 21.84% और नागरिक संगठनों के लिए 3.64% है। सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण - एक रणनीतिक उद्देश्य वित्त वर्ष 2026-27 के लिए, रक्षा बलों के लिए पूंजी मद के तहत बजटीय आवंटन 2,19, 306.47 लाख करोड़ रुपये है, जो वित्त वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान से 21.84 प्रतिशत अधिक है। इसमें से 1.85 लाख करोड़ रुपये पूंजी अधिग्रहण के लिए निर्धारित किए गए हैं, जो वित्त वर्ष 2025-26 के पूंजी अधिग्रहण बजट से लगभग 24 प्रतिशत अधिक है। वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में, आधुनिकीकरण के बजट में भारी वृद्धि एक रणनीतिक अनिवार्यता है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, तीसरी तिमाही यानी दिसंबर 2025 तक, रक्षा मंत्रालय ने 2.10 लाख करोड़ रुपये के अनुबंध पूरे किए हैं और अब तक 3.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के लिए आवश्यकता की स्वीकृति की मंजूरी दी है। पूंजी अधिग्रहण के तहत आगामी परियोजनाएं सशस्त्र बलों को अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान, स्मार्ट और घातक हथियारों, जहाजों/ पनडुब्बियों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन, विशेषज्ञ वाहनों आदि से लैस करेंगी।

### आत्मनिर्भरता पर जोर

वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में रुकावट और विदेशी विक्रेताओं की तुलना में घरेलू आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने ने आयात प्रतिस्थापन की आवश्यकता पर फिर से जोर दिया है और न केवल निर्वाह के लिए बल्कि भविष्य के आधुनिकीकरण के लिए स्वदेशीकरण की ओर बढ़ रहा है। इसके अनुरूप, बजटीय नीतियों के माध्यम से घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए धन निर्धारित करने की रक्षा मंत्रालय की नीति को वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान घरेलू उद्योगों के माध्यम से खरीद के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये यानी पूंजीगत अधिग्रहण बजट का 75 प्रतिशत निर्धारित करके और मजबूत किया गया है।

# एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया ने पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के तौर पर कार्यभार संभाला

एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया ने 01 फरवरी 2026 को भारतीय वायु सेना के पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और वह 11 जून 1988 को भारतीय वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त कर चुके हैं। एयर ऑफिसर मिग-21, मिग-23, मिग-27, जगुआर और सुखोई-30 एमकेआई के सभी वेरिएंट के लिए योग्य हैं। उन्होंने 3200 से अधिक घंटे का दुर्घटना/घटना मुक्त उड़ान अनुभव प्राप्त किया है। तीन दशकों से अधिक के करियर में, एयर ऑफिसर ने विभिन्न कमांड और स्टाफ नियुक्तियों पर काम किया है। उन्होंने मिग-27 स्क्वाड्रन, टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बैट डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (टीएसीडीई) की कमान संभाली है और वह फ्रंटलाइन बेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग थे। वह एक फाइटर स्ट्राइक लीडर, एक इंस्ट्रूमेंट रेटिंग इंस्ट्रक्टर एंड एग्जा



मिनर (आईआरआईई) हैं, उन्होंने यूके में एडवांस कमांड एंड स्टाफ कोर्स और बांग्लादेश में नेशनल डिफेंस कॉलेज से पढ़ाई की है। उन्होंने जापान और दक्षिण कोरिया के दूतावास में रक्षा अताशे के रूप में कार्य किया है। उन्होंने एयर कमोडोर, वायु सेना निरीक्षण निदेशालय (डीएएसआई), वायु सेना मुख्यालय में सहायक वायु सेना प्रमुख (प्रशिक्षण) और वायु रक्षा कमांडर, मुख्यालय डब्ल्यूएसी की नियुक्ति की है। पूर्वी वायु कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पद संभालने से पहले, वह मुख्यालय ईएसी में सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। उनकी विशिष्ट सेवा के सम्मान में, उन्हें 2008 में वायु सेना पदक (वीएम) और
2018 में अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) से सम्मानित किया गया। एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया ने एयर मार्शल सूरत सिंह का स्थान लिया है, जो राष्ट्र के प्रति 39 वर्षों की विशिष्ट और समर्पित सेवा के बाद 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए।

# रिश्वत न देने पर 7 साल से भू-मापी लंबित, किसान से दो बार वसूला गया शुल्क

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार और मनमानी का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि भू-मापी के नाम पर एक बुजुर्ग किसान से दो बार सरकारी शुल्क वसूले जाने के बावजूद रिश्वत नहीं देने पर पिछले 7 वर्षों से उसकी भूमि की मापी नहीं की गई।

पीड़ित किसान अब्दुर रहमान (पिता स्व. मैनुद्दीन), निवासी पोठिया ढेंकाभिजा वार्ड संख्या-31 ने बताया कि उनकी भूमि खाता संख्या-4, खेसरा संख्या-197/591, रकवा 1 एकड़ 4 डिसमिल, जमाबंदी संख्या-389 की भू-मापी हेतु उन्होंने 22 जुलाई 2019 को अंचल कार्यालय में ₹1500 ऑफलाइन शुल्क जमा किया था। इसके बाद भी उन्हें वर्षों तक कार्यालय के चक्कर कटवाए गए। पीड़ित के अनुसार बाद में अधिकारियों के निर्देश पर पुनः ₹1000 ऑनलाइन शुल्क जमा कराया गया, जिसकी आईडी संख्या 080012501655 है। मापी की तिथि तय होने के बावजूद कार्य नहीं किया गया। किसान का आरोप है कि अंचल अमीन राहुल कुमार ने भू-मापी करने के बदले ₹20,000 की अवैध रिश्वत की मांग की। रिश्वत देने में असमर्थ होने पर जानबूझकर मापी कार्य रोक दिया गया। मामले में जब अंचल अधिकारी राहुल कुमार से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया, जिससे आरोपों को लेकर स्थिति और गंभीर हो गई है। यह मामला न केवल खुले भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि किस तरह गरीब किसानों को सरकारी दफ्तरों में न्याय के लिए वर्षों तक भटकना पड़ता है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर आरोप पर क्या ठोस कार्रवाई करता है।

# रमजान नदी सौंदर्यीकरण में अनियमितता बर्दाश्त नहीं, सांसद ने गंगा परिषद से की दखल की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद ने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत रमजान नदी में संचालित सौंदर्यीकरण कार्य को हर हाल में पूरा किए जाने की बात कही है, लेकिन स्पष्ट किया है कि यह कार्य नियमों और सर्वे अभिलेखों के अनुरूप ही होगा। इसी क्रम में सांसद ने राष्ट्रीय गंगा परिषद (पुनर्जीवन, संरक्षण एवं प्रबंधन) के अध्यक्ष को पत्र लिखकर रमजान नदी में संचालित सौंदर्यीकरण कार्य को 1902 के सर्वे अभिलेख के आधार पर सरकारी अमीन से विधिवत मापी कराए जाने एवं नदी में जमी गाद हटाने का अनुरोध किया है।

इससे पूर्व सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद और सदर विधायक कमरुल हूदा ने रमजान नदी सौंदर्यीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ नियंत्रण विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी एवं सहायक अभियंताओं ने योजना से संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि यह उनकी महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना 16 वर्षों के निरंतर प्रयास का परिणाम है।

बताया गया कि रमजान नदी का सौंदर्यीकरण 9 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से किया जाना है। योजना के तहत ढेकसरा पुल से मझिया पुल तक नदी के एक किनारे करीब 9.5 किलोमीटर लंबी सर्विस सड़क का निर्माण फेवर ब्लॉक से किया जाएगा, जिसे शहर की मुख्य सड़कों से पीसीसी ढलाई के माध्यम से जोड़ा जाएगा। साथ ही रमजान नदी की भूमि को अतिक्रमण-मुक्त कराया जाना भी योजना का अहम हिस्सा है। निरीक्षण और पत्र के माध्यम से सांसद ने यह भी चिंता जताई कि रमजान नदी के कई हिस्सों पर भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण नदी आज अपने मूल स्वरूप को खोकर नाले और गड्ढे का रूप लेती जा रही है। सांसद और विधायक इस मुद्दे को लगातार उठा रहे हैं, लेकिन धरातल पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से योजना के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सांसद ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि बिना सरकारी मापी और गाद हटाए कोई भी निर्माण कार्य स्वीकार्य नहीं होगा, क्योंकि इससे नदी की वास्तविक चौड़ाई प्रभावित होगी और आने वाले बरसाती मौसम में शहरी जलजमाव व बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

अब जब मामला राष्ट्रीय गंगा परिषद तक पहुँच चुका है, तो यह देखना अहम होगा कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेते हैं, या फिर रमजान नदी का सौंदर्यीकरण केवल कागजों तक सीमित रह जाएगा।

# हत्या कांड में दोषी को आजीवन सश्रम कारावास

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




माननीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-01, किशनगंज की अदालत ने हत्या के एक मामले में अभियुक्त को दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला किशनगंज पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और समर्पित चार्जशीट के आधार पर सुनाया गया, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में जनविश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। मामला बहादुरगंज थाना कांड संख्या-307/2022, दिनांक 21 .11. 2022, धारा-302 भा.द.वि. से संबंधित है। इस कांड में अभियुक्त मोहन लाल सिंह, पिता अर्जुन लाल सिंह, निवासी बनवारी भट्टाबारी, थाना बहादुरगंज, जिला किशनगंज को न्यायालय ने दिनांक 07 फरवरी 2026 को दोषी ठहराया।

न्यायालय द्वारा अभियुक्त को धारा-302 भा.द.वि. के तहत आजीवन सश्रम कारावास के साथ 50,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त को प्रत्येक 10,000 रुपये के लिए एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

अदालत ने अपने निर्णय में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य, गवाहों के बयान एवं पुलिस अनुसंधान को विश्वसनीय मानते हुए दोष सिद्ध किया। यह फैसला किशनगंज पुलिस की सतर्कता, प्रभावी अनुसंधान और अपराध नियंत्रण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस मामले में अपर लोक अभियोजक सुरेन प्रसाद साह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने अभियोजन की ओर से सशक्त पैरवी की।

इस निर्णय से पीड़ित पक्ष को न्याय मिला है और समाज में यह संदेश गया है कि गंभीर अपराधों में कानून पूरी सख़्ती के साथ अपना काम करता है।

# गृह प्रसव मुक्त पंचायत : सुरक्षित मातृत्व की दिशा में टेढ़ागाछ में सख्त पहल

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक, संस्थागत प्रसव पर जोर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गृह प्रसव मुक्त पंचायत को प्रशासनिक प्राथमिकता के रूप में लागू करने की दिशा में टेढ़ागाछ प्रखंड में ठोस पहल की गई। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में टेढ़ागाछ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित कर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि अब गृह प्रसव की कोई भी स्थिति स्वीकार्य नहीं होगी तथा प्रत्येक गर्भवती महिला का संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाएगा। टेढ़ागाछ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदा धिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने की। बैठक में एएनएम, आशा फैसिलिटेटर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में गृह प्रसव मुक्त पंचायत को मुख्य एजेंडा के रूप में रखा गया। डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक पंचायत में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव लक्ष्य के रूप में निर्धारित किया गया है। इसके लिए गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण, नियमित प्रसव-पूर्व जांच तथा प्रसव के समय स्वास्थ्य संस्थान तक उनकी सुरक्षित पहुंच अनिवार्य है।

बैठक में गर्भवती महिलाओं की अर्ली रजिस्ट्रेशन, नियमित सर्वेक्षण एवं उच्च जोखिम गर्भावस्था की समय पर पहचान पर विशेष जोर दिया गया। आशा एवं एएनएम को निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्रों में प्रत्येक गर्भवती महिला की निरंतर निगरानी करें और किसी भी परिस्थिति में घर पर प्रसव न होने दें। बीएचएम अजय साहा ने बताया कि बैठक में गृह प्रसव मुक्त पंचायत के साथ-साथ नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) स्क्रीनिंग, टीबी मुक्त पंचायत अभियान, नियमित स्वास्थ्य सर्वेक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि मातृ स्वास्थ्य को मजबूत किए बिना सामुदायिक स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार संभव नहीं है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि गृह प्रसव मुक्त पंचायत केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि प्रशासनिक संकल्प है। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों की जिम्मेदारी तय की गई है और पंचायत स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी। बैठक इस संदेश के साथ संपन्न हुई कि सुरक्षित, सम्मानजनक और संस्थागत प्रसव को टेढ़ागाछ प्रखंड की प्रत्येक पंचायत में व्यवहारिक रूप दिया जाएगा।

# न्यायालय परिसर में आंतरिक शिकायत समिति की बैठक आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किशनगंज न्यायालय परिसर में शुक्रवार को आंतरिक शिकायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती शारदा, अध्यक्ष सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने की। बैठक का उद्देश्य महिलाओं को यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों की जानकारी देना तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करना था। बैठक में समिति की सदस्य समाजसेवी डॉ. फरजाना बेगम तथा न्यायिक दंडाधिकारी (कनिष्ठ श्रेणी-1) रणधीर कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर बताया गया कि आंतरिक शिकायत समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से आयोजित की जाती है, ताकि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार की शिकायत सामने आने पर उस पर समय रहते विचार किया जा सके। विशेष परिस्थितियों में प्राप्त शिकायतों पर समिति द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

महिलाओं की सुविधा और गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए न्यायालय परिसर में शिकायत पेटिका (शी-बॉक्स) स्थापित की गई है, जिसमें पीड़ित महिला अपनी शिकायत लिखित रूप में डाल सकती हैं। इसके अतिरिक्त पीड़िता समिति की अध्यक्ष अथवा किसी भी सदस्य को सीधे भी लिखित शिकायत सौंप सकती हैं। समिति द्वारा शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

बैठक में यह भी कहा गया कि हर महिला का मौलिक अधिकार है कि वह सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण में कार्य करे। कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों में आंतरिक शिकायत समिति पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# पटना के मसौढ़ी में निमार्णाधीन मकान से हुआ युवक का शव बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के न्यू माणिचक इलाके में शुक्रवार की देर रात एक निमार्णाधीन मकान से 24 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया। मृतक की पहचान माणिचक निवासी सुखदेव यादव के पुत्र जितेंद्र कुमार के रूप में की गई है। युवक का शव एक खाली प्लॉट में बनी अर्धनिर्मित चारदीवारी के अंदर पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और पूरे इलाके में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। स्थानीय लोगों के बीच इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही कि यह मामला दुर्घटना का है या फिर युवक की हत्या कर शव को वहां फेंका गया है। कुछ लोगों का कहना था कि संभवतः जितेंद्र चारदीवारी से गिर गया होगा, जबकि कई लोगों ने इसे साजिशन हत्या करार दिया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजने की तैयारी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि जितेंद्र कुमार विवाहित था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जैसे ही घटना की खबर मिली, मृतक के परिजन और ससुराल पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की तैयारी के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई, जो देखते ही देखते झड़प में बदल गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हत्या का आरोप लगाने लगे, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। मौके पर मौजूद मसौढ़ी पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। मसौढ़ी थाना पुलिस का कहना है कि युवक की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। इस बीच मृतक के जीजा हेमंत कुमार मंगल ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जितेंद्र और उसकी पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही मृतक के ससुर मुकेश यादव और पत्नी तनु देवी, जो मसौढ़ी के मलिकाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं, अस्पताल से शव को जबरन लेकर फरार हो गए। इस घटना ने मामले को और भी संदिग्ध बना दिया है। जब लड़के के परिजनों को इस बात की जानकारी मिली कि शव को बिना उनकी मौजूदगी के ले जाया गया है, तो उन्होंने मसौढ़ी थाना पहुंचकर जोरदार हंगामा किया। परिजनों का कहना था कि यह सब सच्चाई को छिपाने की कोशिश हो सकती है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। थाना परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति को संभालते हुए मसौढ़ी थाना प्रभारी विवेक भारती ने लड़की पक्ष से दूरभाष पर संपर्क किया और स्पष्ट निर्देश दिया कि लड़के के परिवार की उपस्थिति के बिना अंतिम संस्कार नहीं किया जाए। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला कुछ हद तक शांत हुआ। इसके बाद पुलिस वाहन से मृतक के अन्य परिजनों को अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पटना भेजा गया।

# पटना में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, एक धंधेबाज गिरफ्तार.

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मध्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए संपतचक क्षेत्र में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 फरवरी 2026 की शाम मिलन नगर, शाहपुर थाना गोपालपुर क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने कुल 102 बोतल टेट्रा पैक सहित 59.4 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 71 हजार रुपये बताई जा रही है।

कार्रवाई के दौरान अनीस कुमार, निवासी शाहपुर, को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में दीपक महतो के साथ एएसआई धर्मेन्द्र कुमार, गौतम कुमार, रजनीकांत और सिपाही राहुल शामिल थे। निषेध विभाग ने बताया कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पटना पुलिस ने किया संसद पप्पू यादव को गिरफ्तार

## 31 साल पुराने मामला में हुई गिरफ्तारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को 31 साल पुराने एक मामले में पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर ली है। जिससे बिहार की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गयी है। जानकारी के अनुसार पटना पुलिस ने शुक्रवार की रात करीब 12 बजे पप्पू यादव को उनके मंदिरी स्थित आवास से गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी 1995 के एक पुराने मामले में विशेष अदालत के आदेश के बाद की गई। जैसे ही पुलिस टीम उनके आवास पर पहुंची, पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। गिरफ्तारी के लिए सिटी पुलिस अधीक्षक, पांच पुलिस उपाधीक्षक, छह थानेदार और करीब सौ पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे।गिरफ्तारी की खबर मिलते ही पप्पू यादव के समर्थक उनके आवास के आसपास जुटने लगे। समर्थकों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। गिरफ्तारी के दौरान जब पुलिस उन्हें ले जाने लगी, तो वे अचानक बेहोश हो गए। इस घटना के बाद समर्थक और ज्यादा भड़क गए और कुछ लोग पुलिस की गाड़ी पर भी चढ़ गए। हालात को संभालने के लिए पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। गिरफ्तारी के बाद पप्पू यादव को रात करीब साढ़े बारह बजे इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया, जहां उनकी प्राथमिक चिकित्सकीय जांच की गई। इसके बाद शनिवार की सुबह उन्हें स्ट्रेचर पर पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक गिरफ्तारी के दौरान लगी चोट की वजह से उनके सिर में दर्द है और दिल की धड़कन तेज होने की शिकायत भी है। सांसद को मधुमेह और उच्च रक्तचाप की बीमारी भी है, जिसके चलते उन्हें निगरानी में रखा गया है और सलाइन चढ़ाई गई है। पप्पू यादव ने गिरफ्तारी के दौरान आरोप लगाया कि यह सब उन्हें मारने की साजिश का हिस्सा हो सकता है। उन्होंने कहा कि रात के समय सिविल ड्रेस में पुलिस उनके घर पहुंची और उनके पास कोई गिरफ्तारी वारंट नहीं था। उनका कहना था कि यदि पुलिस चाहती तो उन्हें घर में नजरबंद कर सकती थी, लेकिन रात में इस तरह की कार्रवाई से उन्हें जान का खतरा महसूस हुआ। पटना के सिटी पुलिस अधीक्षक पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि यह मामला वर्ष 1995 का है और इसमें मुकदमा लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने कहा कि अदालत में पेश न होने के कारण पप्पू यादव के खिलाफ गिरफ्तारी का आदेश जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार, यदि किसी के खिलाफ वारंट या कुर्की का आदेश हो तो गिरफ्तारी किसी भी समय की जा सकती है। पुलिस ने सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कार्रवाई की है। यह मामला गर्दनीबाग थाना क्षेत्र से जुड़ा है। वर्ष 1995 में विनोद बिहारी लाल नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पप्पू यादव और उनके सहयोगियों ने धोखाधड़ी कर उनका मकान किराए पर लिया। आरोप है कि मकान किराए पर लेते समय यह बात छिपाई गई थी कि वहां सांसद का कार्यालय चलाया जाएगा। इस मामले में धोखाधड़ी, कूटरचना, अवैध प्रवेश, धमकी और आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। यह केस पिछले तीन दशक से लंबित है। पुलिस के अनुसार, पप्पू यादव को अदालत में पेश किया जाएगा और आगे की कार्रवाई अदालत के निर्देश पर होगी। बताया जा रहा है कि इस मामले की अगली सुनवाई 7 फरवरी को निर्धारित है।

अब यह देखना होगा कि सांसद अदालत में आत्मसमर्पण करते हैं या उनकी कानूनी टीम किसी तरह की राहत हासिल करने की कोशिश करती है। गिरफ्तारी के बाद पप्पू यादव ने सामाजिक माध्यम पर पोस्ट कर बिहार पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने लिखा कि वे नीट छात्रा के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे थे और इसी वजह से उन्हें निशाना बनाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी भी हाल में पीछे हटने वाले नहीं हैं, चाहे उन्हें जेल भेजा जाए या कठोर सजा दी जाए। 31 साल पुराने मामले में पप्पू यादव की गिरफ्तारी ने बिहार की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। एक तरफ पुलिस इसे अदालत के आदेश का पालन बता रही है, वहीं दूसरी ओर पप्पू यादव इसे राजनीतिक साजिश करार दे रहे हैं।

# दलमा में मंत्री व विधायक ने किया 30 ईको कॉटेज का भूमि पूजन

## पांच जंगल सफारी का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ : दलमा वन्यजीव अभ्यारण्य में शनिवार को राज्य के पर्यटन, कला-संस्कृति, नगर विकास एवं आवास तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक सविता महतो व विधायक सोमेश सोरेन ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर 30 ईको कॉटेज का किया भूमि पूजन एवं शिलान्यास किए व हरी झंडी दिखाकर पांच जंगल सफारी का शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि इन 30 ईको कॉटेज के निर्माण से दलमा आने वाले पर्यटकों को अभ्यारण्य के समीप ठहरने की उत्कृष्ट सुविधा मिलेगी। इससे पर्यटक प्रकृति के बीच रहकर दलमा की वादियों और इसके नैसर्गिक सौंदर्य का भरपूर लुत्फ उठा सकेंगे। सरकार का लक्ष्य पर्यटकों के प्रवास को अधिक सुलभ और आरामदायक बनाना है। उन्होंने कहा दलमा झारखंड की प्राकृतिक धरोहर का केंद्र है। हमने इसे पर्यटन हब बनाने का जो संकल्प लिया था, आज ईको कॉटेज का शिलान्यास और सफारी का शुभारंभ उसी दिशा में बढ़ते कदम हैं। इन सुविधाओं से क्षेत्र की एक नई पहचान बनेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा दलमा में जंगल सफारी व कॉटेज का निर्माण होने से पर्यटको को इसका लाभ मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाने के पश्चात मंत्री, विधायक एवं विभागीय अधिकारियों ने स्वयं भी जंगल सफारी के माध्यम से अभ्यारण्य का भ्रमण किया। इस नई सेवा से अब पर्यटकों के लिए दलमा की सैर अधिक सुरक्षित और रोमांचकारी हो जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, डीएफओ सबा आलम अंसारी, रेंजर दिग्विजय सिंह, शशिप्रकाश रंजन, दिनेश चंद्रा, झामुमो कार्योकार्रिणी मोहन कर्मकार, राजू गिरी, प्रमोद लाल, शेख बदरूद्दीन, बाघराई मार्डी, केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, कालीपदो महतो आदि काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# पटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से बुलेट सवार युवक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ शुक्रवार की देर रात नौबतपुर-शिवाला मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बुलेट सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के बोधगामा गांव के सामने घटी के पास हुआ। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मौके पर फुलवारी शरीफ थाना पुलिस के साथ यातायात थाना सगुना मोड़ की गाड़ी भी पहुंची और छानबीन करने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बुलेट मोटर साइकिल से शिवाला-नौबतपुर मार्ग से गुजर रहा था. इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने फुलवारी शरीफ थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की. जांच के दौरान मृतक की पहचान नौबतपुर थाना क्षेत्र के चिरौरा गांव निवासी ललन ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। मां पिता पत्नी भाई सहीत पूरे परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। परिजन और ग्रामीण रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है कि विकास कुमार दो भाइयों में बड़ा था और डेकोरेशन का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी अचानक मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिवार में उसका छोटा भाई विक्की कुमार है। फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पंचनामा बनाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और मामले की जांच में जुटी हुई है।